Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-192
रायपुर, मंगलवार 04 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00







## प्रमुख घोषणाएँ

- कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 8500 करोड़ रुपये
- महतारी वंदन योजना के लिए 5500 करोड़ रुपये
- मुख्यमंत्री खाद्यान सहायता योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये
- 5 एच.पी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3500 करोड़ रुपये
- आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ रुपये
- सबके लिए आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में घरों के निर्माण के लिए 875 करोड़ रुपये
- राज्य की स्थापना के बाद पहली बार नई सड़कों के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को 2000 करोड़ रुपये
- नई सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी.एम.जी.एस.वाई) के तहत गांवों में सड़कों के निर्माण के लिए 845 करोड़ रुपये
- प्रधानमंत्री जनमन सड़क निर्माण योजना के तहत अत्यधिक पिछड़े आदिवासी क्षेत्र को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए 500 करोड़ रुपये।
- नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में रिंग रोड बनाने के लिए 100 करोड़ रुपये
- जल संसाधन विभाग के कुल 3,800 करोड़ रुपये के बजट में से 700 करोड़ रुपये नए सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। अटल सिंचाई योजना के तहत बहुत पुरानी सिंचाई परियोजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य।
- मत्स्य उत्पादन, डेयरी, पोल्ट्री, बकरी पालन, सुअर पालन आदि के लिए 200 करोड़ रुपये।
- तेन्दूपत्ता के लिए प्रति मानक बोरा 5,500 रुपये का भुगतान करने के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान ।
- तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 'चरण पादुका' प्रदान करने के लिए 50 करोड़ रुपये।
- मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के लिए 200 करोड़ रुपये, पिछले वर्ष के बजट से 300% की वृद्धि।
- 17 और नालंदा पुस्तकालयों को मंजूरी दी जाएगी
- 25 कॉलेजों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बदलने के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- शहरी क्षेत्रों में 150 आंगनबाड़ी भवनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 1200 आंगनबाड़ी भवनों के लिए 40 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान।
- बलौदा बाजार - भाटापारा, धमतरी, महासमुंद, जांजगीर-चांपा और जशपुर में 5 नए साइबर पुलिस थाना स्थापित किए जाएंगे।
- कोरबा, जांजगीर-चांपा और सूरजपुर में 3 नए महिला पुलिस थाना स्थापित किए जाएंगे।
- नवा रायपुर में एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र के उन्नयन, संचालन और रखरखाव के लिए 40 करोड़ रुपये।
- नवा रायपुर में एक नए पावर सबस्टेशन के लिए 20 करोड़ रुपये।
- स्काउट्स-गाइड्स के 19वें राष्ट्रीय जंबूरी कार्यक्रम के लिए बजटीय प्रावधान।
- रायपुर में राष्ट्रीय स्तर की एकीकृत खाद्य व औषधि प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 47 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर से उड़ान सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए 40 करोड़ रुपये की वी.जी.एफ (व्यवहार्यता अंतराल निधि) और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत जगदलपुर और अंबिकापुर हवाई अड्डे केअधोसंरचना विकास के लिए प्रावधान।

# GATI से होगी छत्तीसगढ़ की प्रगति

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओ. पी. चौधरी ने सोमवार को अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया। चौधरी ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का दूसरा बजट प्रस्तुत किया। दरअसल पिछले वर्ष के बजट ने एक समावेशी विकास की नींव रखी थी, इसी क्रम में इस वर्ष का बजट विकास यात्रा में अगले कदम के रूप में प्रस्तुत किया गया है। चौधरी ने कहा यह राज्य का रजत जयंती बजट है और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि के रूप में, सरकार इस वर्ष को ''अटल निर्माण वर्ष'' के रूप में मना रही है। पिछले वर्ष का बजट "GYAN" मतलब गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर केंद्रित था, वहीं इस बजट का उद्देश्य "GYAN" के लिए "GATI" के माध्यम से आगे बढ़ाना है ताकि इस वर्ष राज्य को प्रगति के पथ पर और आगे ले जाया जा सके और 2030 के हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से अग्रसर हो सके। वित्तमंत्री चौधरी ने बताया कि "GATI" का अर्थ है: G - गुड गवर्नेंस, A - एक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, T – टेक्नोलॉजी, I - इंडस्ट्रियल ग्रोथ है।

1. **सुशासन:** शासन में सुधार, बेहतर सेवा वितरण की सुविधा और नागरिक सहभागिता को बढ़ाना। नवाचार को बढ़ावा देकर और नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण बनाए रखते हुए, एक अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी शासन के ढांचे का निर्माण करना।
2. **अधोसंरचना विकास में तेजी लाना:** आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सड़कों, पुलों, सार्वजनिक परिवहन सहित अधोसंरचना विकास की परियोजनाओं में निवेश बढ़ाना।
3. **प्रौद्योगिकी:** शासन की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, पारदर्शिता में सुधार करने और नागरिकों को सेवा वितरण बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को लागू करना।
4. **औद्योगिक विकास:** निरंतर निवेश और अनुकूल सरकारी नीतियों को सुनिश्चित करना, निरंतर औद्योगिक विकास और समृद्धि के लिए इस्पात, बिजली उत्पादन और सीमेंट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में और प्रगति प्राप्त करना और राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना। नीतिगत सुधारों, प्रोत्साहनों और व्यापार को और सुगम बनाने के प्रयासों के माध्यम से निजी क्षेत्र के निवेश के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाना। साथ ही, वस्त्र उद्योग जैसी अधिक रोजगार देने वाले उद्योगों को आकर्षित करना।



## 25 साल में राज्य का बजट 29 गुना बढ़ा

## सरकार ने वैट घटाया, पेट्रोल 1 रूपया सस्ता

### कुल 1 लाख 65 हजार करोड़ के बजट में 18 हजार 9 सौ करोड़ घाटे का अनुमान, पिछले साल से 12 प्रतिशत की वृद्धि

बजट के संदर्भ में राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बजट वर्तमान की जरूरतों को पूरा करते हुए भविष्य में विकसित छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है। इस बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को तीव्र गति मिलेगी। इसमें धान के कटोरे की चमक ''कृषि अर्थव्यवस्था'' को संवारने के उपायों के साथ ही इंडस्ट्रियल हब और आईटी हब के रूप में छत्तीसगढ़ को तैयार करने की ठोस नींव रखी गई है। सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बहुत जरूरी है कि हम आधुनिक समय के मुताबिक अपनी अर्थव्यवस्था को तैयार करें, बजट में पूरा फोकस इसी पर है। उनहोंने कहा कि हमें प्रदेश में बदहाल राजकोष और कुशासन की विरासत मिली थी। हमने राजकोषीय सुधारों के साथ प्रशासनिक प्रणालियों में सुधार करते हुए बजट के संतुलित उपयोग से प्रदेश में जनकल्याण के कार्य पुनः आरंभ कराए। अब छत्तीसगढ़ में विकास ट्रैक पर आ गया है और ट्रिपल इंजन की सरकार इसे तेजी से गति दे रही है। बजट प्रावधानों से यह गति और बढ़ेगी। सीएम ने कहा कि पिछले बजट में विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप समावेशी विकास की राह तैयार हुई और हमारा फोकस ज्ञान अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति पर था। इनके लिए हमने जिस तरह से नवाचारी योजनाएं लागू कीं, उसके प्रभावी नतीजे मिले।

## बजट में महत्वपूर्ण मुख्य बातें

- पूंजीगत व्यय बढ़ाने को महत्व।
- कुनकुरी जिला जशपुर में नया मेडिकल कॉलेज।
- रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती में तेजी लाई जाएगी, इसके अलावा स्कूल और कॉलेजों के शैक्षिक कर्मचारियों की भर्ती का पहला चरण।
- पिछले वर्ष की तुलना में उद्योग विभाग का बजट 3 गुना अधिक।
- बस्तर और सरगुजा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होमस्टे नीति।
- रामलला दर्शन और तीर्थ यात्रा योजना के लिए प्रावधान ।
- आई.टी.आई. और पॉलिटेक्निक का आधुनिकीकरण।
- डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल रायपुर में उन्नत कार्डियक संस्थान का आधुनिकीकरण।
- गरीब निःसंतान दंपतियों के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर में ए.आर.टी. (IVF) सुविधा।
- सरकारी अस्पताल में एम.आर.आई, सी.टी स्कैन मशीनों के लिए प्रावधान ।
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एन.डी.डी.बी) की मदद से राज्य में डेयरी को बढ़ावा देना।
- बलरामपुर और राजनांदगांव में नया प्रयास संस्थान।
- बस्तर ओलंपिक, बस्तर मड़ई, नया रायपुर, बस्तर मैराथन,नया रायपुर मे गोल्फटूर्नामेंट आदि के लिए प्रावधान।
- पी.एम सूर्यघर योजना के लिए प्रावधान।
- पी.एम कुसुम योजना का प्रभावी कार्यान्वयन।
- सी.आई.एस.एफकी तर्ज पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एस.आई.एस.एफ) का गठन।
- सरकारी कर्मचारियों की पेंशन की भविष्य की देनदारियों के लिए पेंशन फंड बनाने के लिए प्रावधान।
- छत्तीसगढ़ विकास और स्थिरता कोष की स्थापना।

## GATI Budget

### G गुड गवर्नेंस

- सरकारी वित्तीय संचालन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए अगली पीढ़ी की एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली का कार्यान्वयन।
- फाइलों के ऑनलाइन निपटान के लिए ई-फाइल प्रणाली का कार्यान्वयन।
- अटल निगरानी पोर्टल (मुख्यमंत्री डैशबोर्ड) का विकास जो सरकारी परियोजनाओं की प्रगति को ट्रैक करने के लिए एक व्यापक डैशबोर्ड प्रदान करेगा।
- ऑनलाइन खनिज प्रबंधन प्रणाली - खनिज ऑनलाइन 2.0 का उन्नयन।
- सरकारी सेवाओं और योजनाओं में नागरिकों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की स्थापना।
- सार्वजनिक खरीद के लिए जी.ई.एम (GeM) पोर्टल का उपयोग।
- अचल संपत्ति बिक्री-खरीद का फेसलेस और पेपरलेस पंजीकरण।
- आई.आई.एम और आई.आई.आई.टी रायपुर के सहयोग से मुख्यमंत्री शासन फेलोशिप।

### A एक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर

पूंजीगत व्यय 26,341 करोड़ जो कुल बजट आकार का 16 है, पिछले वर्ष की तुलना में 18 की वृद्धि हुई है। मुख्य बजटीय प्रावधान की प्रमुख बिन्दु -

- यू.एल.बी के अधोसंरचना विकास के लिए आबंटनः 750 करोड़।
- बागवानी विश्वविद्यालय इन्फ्रा एवं स्थापना : 170 करोड़।
- मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजनाः 100 करोड़।
- जगदलपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर में हवाई अड्डों का विकास।
- पुलिस स्टेशनों को मजबूत करनाः 70 करोड़
- नए अग्निशमन स्टेशनों की स्थापना और क्षमता वृद्धिः 44 करोड़।
- अटल स्मारक और संग्रहालय का विकासः 40 करोड़।
- बिलासपुर में 1,000 सीटों वाला सभागारः 25 करोड़।

### T टेक्नोलॉजी

- अदालतों का कंप्यूटरीकरणः 37 करोड़।
- डायल 100/112 सेवाएं: 125 करोड़।
- ई-धरती का कार्यान्वयनः 48 करोड़।
- वाणिज्यिक कर विभाग में व्यापार खुफिया इकाईः 41 करोड़।
- स्टेट डाटा सेंटर की स्थापनाः 40 करोड़।
- प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों का डिजिटलीकरणः 24 करोड़।
- अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली का संचालन और रखरखावः 25 करोड़।
- डिजिटल गवर्नेंस की स्थापनाः 9 करोड़।
- परिवहन विभाग में वाहन ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म का कार्यान्वयनः 8 करोड़।
- जिला स्तर पर जी.डी.पी डेटा एकत्र करने के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण प्रणाली का कार्यान्वयनः 7 करोड़।
- स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क का संचालन और रखरखावः 18 करोड़।
- भारत नेट कार्यक्रम का कार्यान्वयनः 15 करोड़
- नगरीय प्रशासन एकीकृत डैशबोर्ड का विकासः 10 करोड़

### I इंडस्ट्रियल ग्रोथ

- औद्योगिक विकास एवं व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए बी.आर.ए.पी - व्यापार सुधार कार्य योजना के तहत एकल खिड़की प्रणाली का कार्यान्वयन।
- सी.एस.आई.डी.सी में ई.आर.पी एप्लिकेशन का कार्यान्वयन।
- इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ प्रोग्राम का कार्यान्वयन ।
- रोजगार मूलक औद्योगिक नीति।
- उद्योग विभाग का बजट 3 गुना अधिक।
- कोर क्षेत्र के अलावा सेवा क्षेत्र को प्रोत्साहन।
- न्यू इमर्जिंग टेक्नालजी को बढ़ावा।
- अग्निवीर एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार मे प्राथमिकता।

## नई पहल

- मुख्यमंत्री मोबाइल टॉवर योजना, बस्तर एवं सरगुजा के दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए वी.जी.एफके माध्यम से प्रावधान।
- मुख्यमंत्री परिवहन योजना-ग्राम पंचायत से ब्लॉक और जिला स्तर तक सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रावधान ,उन क्षेत्रों में जहां जनसंख्या घनत्व कम होने के कारण सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं है।
- 500 नई सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा
- केंद्र सरकार की पी.एस.एस योजना के तहत दालों और तिलहन की खरीद के लिए बजट में पहली बार प्रावधान।
- नगर निगमों के डी.पी.आर आधारित विकास के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के लिए 500 करोड़ रुपये।
- राज्य में एक और राष्ट्रीय संस्थान के रूप मे राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना।
- छत्तीसगढ़ राज्य के सभी ब्लॉकों में सिकल सेल स्क्रीनिंग केंद्र की स्थापना का पहला चरण।
- महानदी-इंद्रावती व सिकासर-कोडार नदियों को जोड़ने के लिए सर्वेक्षण।
- नवा रायपुर में मेडिसिटी की स्थापना।
- नवा रायपुर में एजुकेशन सिटी की स्थापना।
- नवा रायपुर में राष्ट्रीय शहरी प्रबंधन संस्थान की स्थापना।
- सभी ग्राम पंचायतों में यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए बजट प्रावधान।
- राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एन.एस.जी) की तरह, राज्य में एक समर्पित विशेष संचालन समूह (SOG) की स्थापना की जाएगी।
- नया रायपुर में 200 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ एक प्रतिष्ठित डेस्टिनेशन और वेलनेस-वाइल्डलाइफ-वाटर टूरिस्ट सुविधा विकसित करने के लिए प्रावधान।
- राज्य की राजधानी क्षेत्र (SCR) कार्यालय, सेटअप और सर्वेक्षण के लिए प्रावधान जिसमें रायपुर-दुर्ग मेट्रो लाइन का सर्वेक्षण शामिल है।
- भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के छत्तीसगढ़ चैप्टर की स्थापना के लिए प्रावधान।
- पत्रकारों के एक्सपोजर विजिट के लिए प्रावधान और पत्रकार संघ के कार्यालय के नवीनीकरण के लिए बजटीय प्रावधान। पत्रकार सम्मान निधि की राशि दोगुनी की जाएगी।
- नवा रायपुर में चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटित करने के लिए प्रावधान ।
- डी.एम.एफ के कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण ।
- विभागीय सुधारों (प्रतिस्पर्धी सूचकांक) के आधार पर प्रोत्साहन के लिए प्रावधान।
- भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए प्रावधान ।

## कर प्रस्ताव व अन्य

- राज्य सरकार ने ई-वे बिल की सीमा को रू 50,000 से बढ़ाकर रू 1 लाख करने का निर्णय लिया है।
- व्यापारियों का 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में रू 25,000 तक की वैट देनदारियों को माफ किया जाएगा। इससे 40,000 से अधिक व्यापारियों को मदद मिलेगी और 62,000 से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी।
- अंतव्यवसायी निगम के उधारकर्ताओं के लिए ओ.टी.एस सुविधा।
- अचल संपत्ति लेनदेन पर स्टांप शुल्क पर उपकर हटाया गया।
- सरोंना रायपुर और जनकपुर - मनेंद्रगढ़ में नए 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना के लिए प्रावधान राशि प्रदान की गई है, तखतपुर - बिलासपुर में 50 बिस्तरों वाले महिला बाल अस्पताल, मनेंद्रगढ़ में मनोरोग अस्पताल, राखी, सारिया और कटघोरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।

## क्विक न्यूज

### भारत और बेल्जियम ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग पर चर्चा की

**नयी दिल्ली।** भारत और बेल्जियम ने क्षेत्रीय सुरक्षा और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग पर चर्चा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बेल्जियम की राजकुमार एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकन के साथ यहां मुलाकात शानदार रही। उन्होंने कहा , बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और मेरे समकक्ष थियो फ्रेंकेन से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमने क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और इंडो पैसिफिक में रक्षा सहयोग की संभावना पर चर्चा की। साथ ही, हमने दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श किया।

### बिहार का बजट बेजान, बेअसरदार और उम्मीद के विपरीत: अखिलेश

**पटना।** बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने वित्त मंत्री



सम्राट चौधरी के पेश प्रदेश के बजट को बेजान, बेअसरदार और उम्मीद के प्रतिकूल करार दिया। डॉ.अखिलेश ने सोमवार को कहा कि चुनावी साल के बजट में उम्मीद थी कि इसमें रोजगार की बात होगी, मंहगाई को कम करने की कम से कम तात्कालिक कोशिश होगी, युवाओं के लिए रोजगार युक्त प्रशिक्षण की बात होगी, महिलाओं को 500 रूपये में गैस सिलेन्डर मुहैया कराने की बात होगी, डीजल-पेट्रोल पर वैट घटाकर मंहगाई पर नकेल कसने की बात होगी, किसान के लिए एमएसपी की बात होगी लेकिन सब के सब ढाक के तीन पात।

### रायबरेली में ऑटो रिक्शा-डंफर की भिड़ंत, चार मरे

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के लालगंज इलाके





में डम्फर की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवा चार लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लालगंज इलाके में टोल प्लाजा से करीब दो किलोमीटर पहले गंगापुर बसर इलाके में करीब साढ़े दस बजे के तेज़ रफ़्तार डम्फर की चपेट में आकर रायबरेली की ओर जा रहा ऑटो रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### बिहार में पीपीपी मॉडल पर खोले जाएंगे नये सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय

**पटना।** बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध सरकार ने प्रदेश में निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के आधार पर नये चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने की आज घोषणा की। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करने के बाद घोषणा करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र के सहयोग से राज्य में नए निजी चिकित्सा महाविद्यालय संचालित किये जायेंगे।

# पीएम मोदी के कार्यकाल में बने सातों रेल उपक्रम 'नवरत्न'

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध भारतीय रेलवे के सभी सात केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम 'नवरत्न' बन गए हैं। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि सोमवार को भारतीय रेलवे के सूचीबद्ध उपक्रमों में बाकी दो उपक्रमों -भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को भी नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया। पांच सूचीबद्ध केन्द्रीय उपक्रम पहले ही नवरत्न की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं। इस प्रकार से सभी सात सूचीबद्ध केन्द्रीय उपक्रम नवरत्न बन गये हैं। यह महत्वपूर्ण बात है कि रेलवे के सभी केन्द्रीय उपक्रमों को नवरत्न का दर्जा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में मिला है और छह उपक्रमों को यह दर्जा मौजूदा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में मिला है। सबसे पहले जुलाई 2014 में भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकोर) को नवरत्न का दर्जा मिला था। इसके बाद मई 2023 में रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को, अक्टूबर 2023 में रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड (राइट्स लिमिटेड) एवं इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को, भारतीय रेलटेल निगम लिमिटेड को अगस्त 2024 में तथा मार्च 2025 में आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे के 12 उपक्रम हैं और उनमें से 7 उपक्रम शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध हैं। सभी रेलवे उपक्रम लाभ कमाने वाले उपक्रम हैं। इनका संचयी लाभ वित्त वर्ष 2020-21 में 7015 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 11 हजार 780 करोड़ रुपये हो गया है। सभी सूचीबद्ध रेलवे उपक्रमों का बाजार पूंजीकरण पिछले 3 वर्षों में करीब तीन गुना से बढ़ा है। रेलवे उपक्रमों की पूंजी मार्च 2021 में 1.15 लाख करोड़ रुपये से बढ़ कर दिसंबर 2024 में 4.4 लाख करोड़ रुपये की हो गयी है जो 282 प्रतिशत की वृद्धि है। सभी सूचीबद्ध उपक्रम सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार लाभांश का भुगतान कर रहे हैं। आईआरसीटीसी यह भारतीय रेलवे की एक विस्तारित शाखा है और भारत में एकमात्र इकाई है जो रेलवे को ऑनलाइन रेलवे टिकट बुकिंग सेवाएं, खानपान सेवाएं प्रदान करती है। आईआरसीटीसी में एमओआर की वर्तमान होल्डिंग 62.40 प्रतिशत है। मार्च 2024 तक, इसका कारोबार 4270 करोड़ रुपये है और 1111 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। इसका नेटवर्थ 3230 करोड़ रुपये (मार्च 2024) है और बाजार पूंजीकरण 74 हजार 376 करोड़ रुपये है। आईआरएफसी का कार्य सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी दरों और शर्तों पर बाजार उधारी के माध्यम से भारतीय रेलवे की अतिरिक्त बजटीय संसाधन (ईबीआर) की आवश्यकता को सुरक्षित करना है। आईआरएफसी में रेल मंत्रालय की वर्तमान हिस्सेदारी 86.36 प्रतिशत है। मार्च 2024 तक, इसका कारोबार 26 हजार 645 करोड़ रुपये है और 6412 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। इसका नेटवर्थ 49 हजार 179 करोड़ रुपये (मार्च 2024) है और बाजार पूंजीकरण एक लाख 86 हजार 030 करोड़ रुपये है। रेलटेल स्टेशनों पर आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली, एनआईसी 'ई-ऑफिस' सेवाओं और भारतीय रेलवे के भीतर विभिन्न संगठनों की सहायता के लिए स्टेशनों के बीच शॉर्ट हॉल कनेक्टिविटी और लंबी दूरी की कनेक्टिविटी को लागू करने जैसी कनेक्टिविटी सेवाएं प्रदान करता है।

# कोयला घोटाला: निलंबित आईएएस साहू व अन्य को मिली अंतरिम जमानत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में 450 करोड़ से अधिक के कोयला लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग घोटाला मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के निलंबित अधिकारी रानू साहू, सौम्या चौरसिया,व्यवसायी सूर्यकांत तिवारी और अन्य को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। इस संबंध में सोमवार को फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की युगल पीठ ने कहा, जांच की समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए और जल्दबाजी में जांच की मांग किए बिना हम याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं। शीर्ष अदालत ने रानू साहू, सौम्या चौरसिया, दीपेश टोंक, राहुल कुमार सिंह, शिव शंकर नाग, हेमंत जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, संदीप कुमार नाग, रोशन कुमार सिंह, समीर विश्नोई, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, सूर्यकांत तिवारी को अंतरिम जमानत दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में जांच में काफी समय लगेगा, इसलिए समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं। ये सभी करीब दो वर्ष से अधिक समय से जेल में हैं। इनकी पूर्व में कई याचिकाएं खारिज हो चुकी थीं। शीर्ष अदालत ने सरकार को कहा है कि मामले में निर्धारित तारीख पर याचिकाकर्ताओं के आचरण पर रिपोर्ट प्रस्तुत करे। अदालत ने कहा कि इस मामले में जांच में काफी समय लगेगा इसलिए समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतरिम जमानत रिहाई ट्रायल के आधार पर दी गई है ताकि स्वतंत्रता और निष्पक्ष जांच के बीच संतुलन बनाया जा सके। अदालत ने कहा कि यदि किसी गवाह को प्रभावित करने, सबूतों से छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने में लिप्त पाया जाता है, तो राज्य सरकार अंतरिम जमानत रद्द कराने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है और उस स्थिति में अंतरिम जमानत रद्द कर दी जाएगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह भी कहा, जांच की समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए और जल्दबाजी में जांच की मांग किए बिना हम याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं।

# सीडीएलयू में बने स्ट्रांग रूम में थ्री लेयर सिक्योरिटी में रखी गई ईवीएम

एजेंसी < सिरसा
www.dailypioneer.com



हरियाणा के सिरसा नगर परिषद चुनाव की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने के बाद सभी ईवीएम को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) के मल्टीपर्पज हाल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। यहां दो स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, जिसमें से एक में चेयरमैन पद की ईवीएम रखी गई है तथा दूसरे में पार्षद पद की ईवीएम को रखा गया हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि ईवीएम की सुरक्षा के लिए थ्री लेयर सिक्योरिटी की व्यवस्था की गई है, जिनमें से पहली दो लेयर पुलिस की इंडियन रिजर्व बटालियन के पास रहेगी जबकि तीसरी लेयर की जिम्मेवारी सिरसा पुलिस को सौंपी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक कंपनी तैनात की गई है तथा इस क्षेत्र में 10 पेट्रोलिंग पार्टियां गश्त पर तैनात है। स्ट्रांग रूम पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिला प्रशासन ने तीन मजिस्ट्रेट की नियुक्त किए है, जो आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद चुनाव के लिए कुल 143 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सिरसा में कुल मतदाता संख्या एक लाख साठ हजार 36 थी, जिसमें से 56.4 प्रतिशत यानी 90 हजार 240 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक मतदान वार्ड नंबर 25 के बूथ नंबर 109 पर 75.07 प्रतिशत हुआ, यहां 1107 मतदाताओं में से 831 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी वार्ड के बूथ नंबर 110 पर 73.31 प्रतिशत मतदान हुआ, यहां 1094 में से 802 ने मतदान किया है। वार्ड नंबर 26 के बूथ नंबर 116 पर 72.9 प्रतिशत मतदान हुआ, यहां 1107 में से 807 ने मतदान किया है। उन्होंने बताया कि सिरसा नगर परिषद के चेयरमैन और 32 वार्ड पार्षद के पदों के लिए हुए चुनाव की मतगणना 12 मार्च को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू), सिरसा में की जाएगी।

# दिव्यांगता न्यायिक सेवाओं से वंचित करने का आधार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि केवल दिव्यांगता के आधार पर किसी भी अभ्यर्थी (संबंधित पद के आवेदक) को न्यायिक सेवाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दृष्टिबाधित और दृष्टिहीन अभ्यार्थियों को न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति से बाहर रखने वाले मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम की शर्तों के उस भाग को निरस्त करते हुए कहा कि वे (दृष्टिहीन और दृष्टिबाधित) भारत की न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति के आवेदन के पात्र हैं। पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति महादेवन ने कहा, मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम 1994 के नियम 6ए को निरस्त किया जाता है, क्योंकि यह दृष्टिबाधित और दृष्टिहीन उम्मीदवारों को न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति से बाहर रखता है। पीठ ने कई पहलुओं पर गौर करने के बाद कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार उनकी (दिव्यांग व्यक्तियों की) पात्रता का आकलन करते समय उन्हें उचित सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट तौर कहा कि दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले अभ्यर्थी न्यायिक सेवा के पदों के लिए चयन में भाग लेने के हकदार होंगे। पीठ ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को न्यायिक सेवा की भर्ती में किसी भी तरह के भेदभाव का सामना नहीं करना चाहिए और राज्य को समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सकारात्मक कार्रवाई प्रदान करनी चाहिए। पीठ ने फैसले में आगे कहा कि वह संवैधानिक ढांचे और संस्थागत अक्षमता ढांचे से निपटता है और इस मामले को सबसे महत्वपूर्ण मानता है। शीर्ष अदालत के समक्ष एक दृष्टिबाधित अभ्यर्थी की मां ने पिछले साल मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा (भर्ती और सेवा शर्तें) नियम में शामिल उक्त नियम के खिलाफपत्र याचिका दी थी, जिस पर अदालत ने स्वतः संज्ञान मामला दर्ज किया था। शीर्ष अदालत ने सुनवाई पूरी होने के बाद तीन दिसंबर, 2024 को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

# वायु सेना की क्षमता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक उपक्रम और निजी क्षेत्र मिलकर काम करे: समिति

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वायु सेना में लड़ाकू विमानों की कमी को पूरा करने की कवायद के बीच इसकी क्षमता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को हासिल करने के बारे में सुझाव और सिफारिशें देने के लिए गठित अधिकार प्राप्त समिति ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र से साझा लक्ष्य को हासिल करने के लिए मिलकर काम करने को कहा है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली समिति ने सोमवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को समिति की रिपोर्ट सौंपी। समिति ने मुख्य क्षेत्रों की पहचान कर वायु सेना के वांछित क्षमता वृद्धि लक्ष्यों को बेहतर तरीके से प्राप्त करने के लिए अल्प, मध्यम और दीर्घकालिक सिफारिशें की हैं। रिपोर्ट में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और डीआरडीओ के प्रयासों को निजी क्षेत्र द्वारा पूरक बनाकर एयरोस्पेस डोमेन में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया है। रक्षा मंत्री ने समिति के काम की सराहना की और निर्देश दिया कि सिफारिशों का समयबद्ध तरीके से पालन किया जाए। सभी मुद्दों की समग्र रूप से जांच करने और एक स्पष्ट कार्य योजना तैयार करने के लिए रक्षा मंत्री के निर्देश पर समिति का गठन किया गया था। समिति में वायु सेना के उप प्रमुख, सचिव (रक्षा उत्पादन), रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष, महानिदेशक अधिग्रहण सदस्य शामिल थे।

## महाराष्ट्र के होम्योपैथी चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों ने बागडे से की मुलाकात

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से महाराष्ट्र स्थित छत्रपति संभाजीनगर, होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों एवं



होम्योपैथी चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। बागडे से राजभवन में इस प्रतिनिधिमंडल ने विजय वातोडकर के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान उनसे संवाद कर राजस्थान की संस्कृति और विरासत के बारे में अवगत कराया। उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का उपयोग पीड़ित मानवता की सेवाओं में किये जाने और चिकित्सा में सेवा-भाव को सर्वोपरि रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किये जाने का आह्वान किया।

# राजस्थान सरकार सर्कुलर इकॉनामी इंसेंटिव स्कीम लेकर आएगी: भजनलाल

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि एवं प्रदूषण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सर्कुलर इकॉनामी को अत्यंत प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा है कि राज्य सरकार भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाकर मिशन में अग्रणी भूमिका निभा रही है और वह प्रदेश में सर्कुलर इकॉनामी इंसेंटिव स्कीम लेकर आएगी। शर्मा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित 12वें क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकॉनामी फोरम समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यावरण प्रबंधन केंद्र की स्थापना की गई है ताकि कचरा प्रबंधन और रिसाइक्लिंग को ज्यादा प्रभावी तरीके से किया जा सके। उन्होंने कहा कि ट्रीटेड वॉटर के उपयोग के लिए नई नीति तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों के जरिए नागरिकों को अनुपयोगी वस्तुओं के दान और पुनरुपयोग की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में कचरा प्रसंस्करण की क्षमता को 21 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर इसके दोगुने से भी ज्यादा यानी करीब 45 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा है। वेस्ट-टू-एनर्जी योजनाओं के तहत कंपोस्ट, आरडीएफ और जैविक उर्वरक उत्पादन पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में एमआरएफ प्लांट्स के जरिए प्लास्टिक और रिसाइकल योग्य सामग्री को अलग कर ई-वेस्ट, बैटरी वेस्ट और खतरनाक कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों का दोहन लगभग 400 प्रतिशत बढ़कर 106 बिलियन टन के आंकड़े को भी पार कर चुका है। चिंता की बात यह है कि इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक संसाधन बर्बाद हो जाते हैं और केवल 8.6 प्रतिशत ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में वापस आ पाते हैं। यह स्थिति धरती को संकट में डाल रही है और जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि एवं प्रदूषण जैसी समस्याएं गहराती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने इन समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता अभियान चलाया है। इसके साथ ही, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, सौर पैनल और कृषि अपशिष्ट जैसे 11 प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित सर्कुलर इकॉनमी रोडमैप तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान ने ग्रीन टेक्नोलॉजी और सतत विकास में भी पहल की है। राजस्थान पहला राज्य है जिसने ग्रीन बजट पेश किया है और इसमें 27 हजार 854 करोड़ रुपये ग्रीन परियोजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं।

## पर्यावरण संरक्षण में रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल प्रभावी माध्यम: खट्टर

**जयपुर।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भारत की सर्कुलर इकॉनमी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका बताते हुए कहा है कि थ्री आर (रिड्यूस, रियूज एवं



रिसाइकल) आज की अर्थव्यवस्था की जरूरत और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। खट्टर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित 12वें क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकॉनामी फोरम का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस फोरम में 'जयपुर घोषणा पत्र' के तहत सी थ्री (सिटीज कोलिशन फॉर सर्कुलरिटीज) के मापदण्डों पर बल दिया जाएगा। इसमें संसाधन कुशल और कम कार्बन उत्सर्जन वाले समाज को बढ़ावा देने में अगले दशक की दिशा निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिटीज 2.0 एक ऐसी अनूठी पहल है जो इन्टीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेन्ट और जलवायु परिवर्तन की दिशा में कार्यवाही को आगे बढ़ाती है। इसके तहत 14 प्रदेशों के 18 शहरों में समयबद्ध रूप से परियोजनाओं को लागू कर कचरा प्रबंधन संयंत्र लगाने, कचरे से खाद, कचरे से ऊर्जा बनाने पर जोर दिया गया है।

**देश के हर क्षेत्र में भारतीय ज्ञान और विज्ञान की शाखाएं और उप-शाखाएं फली-फूली हैं**

# देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में झलकता है: मुर्मु

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि किसी भी देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में झलकता है। राष्ट्रपति ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में दो दिन के विजिटर कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति 184 केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों की विजिटर यानी कुलाध्यक्ष हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से कहा कि भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य को हासिल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ शोध पर भी अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत अच्छे उद्देश्य से राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उच्च शिक्षा संस्थान इस महत्वपूर्ण पहल का अच्छा उपयोग करेंगे और शोध को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च शिक्षा समुदाय की महत्वाकांक्षा यह होनी चाहिए कि संस्थानों के शोधकर्ताओं को विश्व स्तर पर मान्यता मिले, संस्थानों के पेटेंट दुनिया में बदलाव ला सकें और विकसित देशों के छात्र उच्च शिक्षा के लिए भारत को पसंदीदा गंतव्य के रूप में चुनें। उन्होंने कहा कि भारत के छात्र अपनी प्रतिभा से विश्व के अग्रणी शिक्षण संस्थानों और विकसित अर्थव्यवस्थाओं को समृद्ध करते हैं। उन्होंने देश में उनकी प्रतिभा का उपयोग करने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का राष्ट्रीय लक्ष्य तभी हासिल होगा जब विश्व समुदाय प्रयोगशालाओं में किए जा रहे कार्यों को अपनाने के लिए उत्सुक होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के कई उच्च शिक्षा संस्थानों की वैश्विक ब्रांड वैल्यू है। इन संस्थानों के छात्रों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों और कंपनियों में बड़ी जिम्मेदारियां मिलती हैं। सभी संस्थानों को बहुत तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। हमारी बड़ी युवा आबादी की अपार प्रतिभा को विकसित और उपयोग करके उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों के नेतृत्व को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में वैज्ञानिक उपलब्धियों की समृद्ध परंपरा है। देश के हर क्षेत्र में भारतीय ज्ञान और विज्ञान की शाखाएं और उप-शाखाएं फली-फूली हैं। गहन शोध करके ज्ञान और विज्ञान की अमूल्य लेकिन विलुप्त धाराओं को फिर से खोजना बहुत उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि आज के संदर्भ में ऐसी व्यवस्थित रूप से विकसित ज्ञान प्रणालियों का उपयोग करने के तरीके खोजना उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की जिम्मेदारी है। उद्घाटन सत्र के दौरान राष्ट्रपति ने नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास श्रेणियों में आठवें विजिटर्स अवार्ड प्रदान किए। नवोन्मेष के लिए विजिटर अवार्ड बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सरिपेला श्रीकृष्ण को दिया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को बढ़ावा देने के लिए क्वांटम प्रौद्योगिकी में नवीन स्वदेशी नवोन्मेष विकसित किया। भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए विजिटर अवार्ड हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अश्विनी कुमार नांगिया को दिया गया, जिन्होंने किफायती लागत पर बेहतर प्रभावकारिता वाली उच्च जैव उपलब्धता वाली दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स की खोज और विकास में महत्वपूर्ण अनुसंधान किया।

# आप सरकार ने स्वास्थ्य के नाम सिर्फ भ्रष्टाचार किया : सीएम गुप्ता

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले 10 साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने स्वास्थ्य के नाम सिर्फ भ्रष्टाचार करने का काम किया है। गुप्ता ने स्वास्थ्य संबंधित कैग की रिपोर्ट पर विधानसभा में चर्चा में कहा कि दिल्ली में कोरोना के समय लाखों लोगों को जो परेशानियां उठानी पड़ी उसके लिए केजरीवाल सरकार जिम्मेदार थी। आम आदमी पार्टी सर से लेकर पैर तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है सिर्फ ध्यान भटकाने के लिए इधर उधर की बात करते हैं। अभी कैग की दो रिपोर्ट आई है तभी इतने बैखला गये है अभी बारह रिपोर्ट और आने वाली है। सिर्फ यह विषय नहीं है कि अस्पतालों का बजट कोविड के समय कम इस्तेमाल हुई बल्कि उस समय जो घटनाएं घटी वह सोचकर दिल दहल जाता है। उन्होंने कहा कि मरीजों को नकली दवाईयां और असली भुगतान किया गया। मोहल्ला क्लिनिक की जो हालत थी जहां मरीज भी नकली, जांच भी नकली जहां दवाइयां भी नकली लेकिन एक चीज असली थी वह थी भुगतान। भुगतान के अलावा सब कुछ नकली थी। मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सफाई के नाम पर घोटाला, दवाई के नाम पर घोटाला, जांच के नाम पर घोटाला, इलाज के नाम पर घोटाला, बेड के नाम पर घोटाला, भर्ती के नाम पर घोटाला हुआ। केजरीवाल सरकार घोटालों की सरकार थी। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ की जो स्वीकृत पद 7977 में से केवल 5791 हैं। 2186 पद आज भी खाली पडे है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जहां नर्सिंग स्टाफ की कमी है वहां अस्पतालों की क्या हालत हो रही होगी।

# जनरल चौहान कल आस्ट्रेलिया की चार दिन यात्रा पर जायेंगे

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान कल ऑस्ट्रेलिया की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार उनकी इस यात्रा को रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते संबंधों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा करेंगे। चर्चा में ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के प्रमुख जनरल एडमिरल डेविड जॉनसन, उनके रक्षा सचिव ग्रेग मोरियार्टी और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया की परिचालन कमान संरचना की जानकारी हासिल करने और संयुक्त अभियानों के लिए संभावित अवसरों पर चर्चा करने के लिए सीडीएस जनरल अनिल चौहान फ ोर्स कमांड मुख्यालय का दौरा करेंगे। जनरल चौहान ऑस्ट्रेलियाई फ्लीट कमांडर और संयुक्त ऑपरेशन कमांडर से भी बातचीत करेंगे। पेशेवर सैन्य प्रशिक्षण और शिक्षा के लिए भारत की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, सीडीएस प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज का दौरा करने वाले हैं, जहां वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक चुनौतियों पर वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करेंगे। सीडीएस ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट में एक गोलमेज चर्चा की अध्यक्षता भी करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को रेखांकित करती है, जो व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत राजनयिक और सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता साझा करते हैं और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अधिक सहयोग को बढ़ावा देते हैं।

# आक्रोशित नगरवासियों ने रेत के अवैध परिवहन को रोकने सड़क एवं नाली की कराई खुदाई




पायनियर संवाददाता चारामा
www.dailypioneer.com

एक बार फिर आक्रोशित नगर वासियों ने रेत के अवैध परिवहन को रोकने सड़क एव नाली की खुदाई कराई। बिगड़ते लोगों की सेहत और जर्जर सड़क को रोकने में नाकाम प्रशासन से खत्म होती उम्मीद पर नगरवासी स्वयं आगे आने को मजबूर हुए। बीते कुछ दिनों से रेत का परिवहन नगर के लोगों के द्वारा रोकने के बाद एक बार फिर से सत्ता में बैठे आलाअधिकारी एवं नेताओं के संरक्षण में भिरौद के रेत खदान से बड़ी संख्या में रेत का परिवहन हाईवा के माध्यम से नगर से होते हुए अन्य जिलो तक शुरू कर दिया गया था। जिसके चलते एक बार फिर चारामा ने नगर के सड़को पर उठती घुल लोगों की सेहत पर बुरा असर डालना शुरू कर दिया था। वही ओव्हर लोड हाईवा के चलते सड़के भी जर्जर होने लगी थी। उडती घुल एव जर्जर सड़कों से परेशान नगरवासियों ने एक बार फिर रविवार को मोर्चा खोलते हुए हाईवा को परिवहन को रात्रि में बंद कराया और हाईवा के आने जाने वाले मार्ग मे खोदाई करा दी। जिससे हाईवा वाहनो की आवाजवाही को रोक दी जाये। बीते 06 महिनों से रेत परिवहन इतनी अधिक संख्या में किया जा रहा है। कि क्षेत्र के लोगों के लिए जल्द जल एवं रेत का सकट सामने आने लगा है। तो वही एक ही दिन में 300 से 400 ओव्हरलोड हाईवा के महानदी पुल के उपर से गुजरने पर महानदी का पुल भी धीरे धीरे जर्जर होने लगा है। वही खदानों से निकलने वाली रेत बिना रायल्टी के अवैध तरीके से निकाली जा रही है। रविवार को हंगामा तब शुरू हुआ। जब एक हाईवा ने नई कार को पीछे से ठोकर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद आकोशित जनता ने हाईवा की गाड़ी को रोककर सड़क और नाली की खुदाई करवा दी। मौके पर क्षेत्रीय विधायक भी पहुँची उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कई बार जिला कलेक्टर एसडीएम माईनिंग. सभी अधिकारी को खदान बंद कराने हेतु कहाँ गया, लेकिन उनके बातों पर प्रशासन ने कोई एक्शन नही लिया। दो बार विधायक द्वारा स्वयं रेत परिवहन के मार्ग को खोदा गया, लेकिन सत्ता संरक्षण में चूर रेत माफिया रात के अंधेरे में खोदी गई सडको की मरम्मत कर फिर से परिवहन शुरू कर दिये। उन्होंने कहां कि अगर जनता उनका साथ दे और परिहवन बद न हो तो वे जनता के साथ मिलकर चक्काजाम भी करेगी। वर्तमान ने स्थिति यह है कि धुल के वजह से लोगों को सर्दी जुखाम आंखों और गले में दिक्कते हो रही है और सबसे ज्यादा असर बच्चो के सेहत पर हो रहा है।

# छत्तीसगढ़ महिला फेडरेशन के किरंदुल सम्मेलन में अनिल राजी मोल अध्यक्ष, भावना सर्वदे बनी सचिव



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौह नगरी किरंदुल के इंद्रजीत सिंग भवन में छत्तीसगढ़ महिला फेडरेशन का शाखा सम्मेलन महिला फेडरेशन के राज्य सचिव मंजू कवासी के निर्देशन एवं नगर के महिला फेडरेशन की फाउंडर मेंबर बसंत रानी संधू के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। दो सत्र में हुए सम्मेलन के खुले सत्र में संयुक्त खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष देवरालू, सचिव राजेश संधू, कार्यकारी अध्यक्ष रोशन मिश्रा, संगठन सचिव सुमित धर, कार्यालय सचिव नामदेव, महिला कार्यकर्ता मंजू पांडे, पार्टी सचिव के साजी मुख्य रूप से उपस्थित थे।जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा महिला सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संगठन की मजबूती एवं एकजुटता पर बल दिया गया।महिलाओं के अधिकारों की रक्षा एवं नारी सशक्तिकरण की दिशा में अन्य राजनीतिक पार्टियों से संबंध रखने वाले महिला संगठन के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। द्वितीय सत्र में छत्तीसगढ़ महिला संगठन शाखा किरंदुल के नए पदाधिकारी की घोषणा की गई।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर अनिल राजी मोल को चुना गया। वही सचिव की जिम्मेदारी भावना सर्वदे को दिया गया। संरक्षक के रूप में बसंत रानी संधू एवं मंजू पांडे को संगठन की जिम्मेदारी सौंप गई। उपाध्यक्ष पद पर निर्मला राणा, लक्ष्मी पोयाम, रंजना एवं अलका पटेल को चुना गया। वही सहसचिव पद पर पदमा नाग, लीना सोनी, संतोषी जुमड़े एवं कुंती का चयन किया गया। संगठन सचिव दीपा थापा को बनाया गया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर कविता गुरु को जिम्मेदारी सौंप गई। कार्यकारिणी सदस्यों में पालिका के 18 वार्डो से एक-एक महिला को लिया गया है। इस सम्मेलन में लगभग 200 महिला प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। सम्मेलन के अंत में मंजू कवासी द्वारा सबको धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सम्मेलन में सहयोग प्रदान करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# किरन्दुल में एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के तत्वाधान में मजदूरों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com






एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के कर्मचारी ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के तत्वाधान में पेंडिंग वेज रिवीजन के साथ साथ अन्य तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पांचवें दिन एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के प्रशासनिक भवन के सामने स्थित सीआईएसएफ चेक पोस्ट के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे रहें। उल्लेखनीय हैं कि एनएमडीसी कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौता, ठेका श्रमिको के लंबित वेतन समझौते, एनएमडीसी की सभी इकाइयों में मैन पवार की कमी के साथ साथ अन्य कई मुद्दों को लेकर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में संचालित मजदूर संगठन एस के एम एस और मेटल माइन वर्कर्स यूनियन इंटक के संयुक्त तत्वाधान में किरंदुल परियोजना के नियमित और ठेका श्रमिक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ हुए हैं। मौके पर एसकेएमएस सचिव राजेश संधू, रोशन मिश्रा, इंटक अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए के सिंह एवं यूनियन के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत कोड़ेनार के नवनिर्वाचित जनप्रतिधियों ने कर्तव्य पालन एवं गोपनीयता की ली शपथ

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com




दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम पंचायत कोड़ेनार के पंचायत भवन में आयोजित गरिमामयी शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच मीना मंडावी एवं समस्त पंचगणों को शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक हिंदी माध्यम विद्यालय कोड़ेनार की प्राचार्य आभा सिँह चौहान द्वारा पद, दायित्व निर्वहन, कर्तव्य परायणता एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सत्यजीत सिँह चौहान, किरंदुल मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, नगरपालिका परिषद किरंदुल की अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिँह, पार्षद राजकुमार सोनी, मंडल महामंत्री दीनानाथ, संजू दास, शैलेन्द्र सिँह, आर सी नाहक, ग्राम पंचायत कोड़ेनार एवं किरंदुल के गणमान्य नागरिक, भारतीय जनता पार्टी, भाजयुमो, महिला मोर्चा, खदान मजदूर संघ के पदाधिकारी, सदस्यगण, मातृशक्तियाँ उपस्थित थे। मंच संचालन राजेंद्र यादव द्वारा किया गया। शपथग्रहण समारोह सोमवार दोपहर 12 बजे सम्पन्न हुआ।



# कोंडागांव शपथ ग्रहण के पूर्व भाजपा के समस्त पार्षदों की हुई आवश्यक बैठक

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नगरपालिका अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों का शपथ ग्रहण होना है इसलिए अटल सदन भाजपा कार्यालय में समस्त नवनिर्वाचित पार्षदों की आवश्यक बैठक रखी गई पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप् उपस्थित रहे पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा एवं डॉ सुभाऊ कश्यप ने नगरपालिका उपाध्यक्ष बनाने हेतु समस्त पार्षदों से रॉय ली गई शपथ ग्रहण के बाद समस्त पार्षदों के द्वारा नगरपालिका उपाध्यक्ष का चुना जाएगा। इस दौरान नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष नरपति राम पटेल, मंडल अध्यक्ष कुलवंत सिंह चहल, पूर्व मंडल अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, महामंत्री सुभाष पाठक, पार्षद जसकेतु उसेंडी, लक्ष्मी ध्रुव,ललित देवांगन, सोनामणी पोयाम, संतोष पात्र, सती बघेल, सोनसिंह सोढ़ी, संतोष सिंह, रामेश्वरी पोयाम, हर्षवीर सिंह ढिल्लन, सुमन शुक्ला, पदमनी साहू, असलम खान, सुषमा खोबरागड़े, सहदेव साहू, सखाराम कोर्राम, हरीश बघेल, नानू सेन, मंजू पाठक, उत्तम पटेल एवं समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी उपमहाप्रबंधक बीके माधव की सेवानिवृत्त होने पर किरंदुल बचेली में कार्यरत इंटक यूनियन के पदाधिकारियों सदस्यों ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com




एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना में उपमहाप्रबंधक कार्मिक बी के माधव अपनी सेवा काल में कुशल प्रशासक के साथ-साथ मृदु भाषी, व्यवहार कुशल, धार्मिक विचारधारा के धनी, समाज सेवक, सभी के सुख दुख के साथी, आदि नेक कार्यों में भागीदारी उपस्थिति के लिए नगर परिवार में चर्चित चेहरे रहें हैं,पूरे नगर परिवार के बीच सभी के साथ समान व्यवहार रखते हुए अपनी कार्य को बड़ी दक्षता के साथ संपादित किये उनके सेवा काल में उनके द्वारा किये गये सभी अच्छे कार्यों की कर्मचारी अधिकारी के साथ साथ नगर परिवार भी बहुत प्रशंसा कर रहे है,नगर परिवार के श्रम संगठनों, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, संगठनों, संस्थाओं, समितियों के द्वारा उन्हें सेवानिवृत्त पर विशेष सम्मान से विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित भी किये। उपरोक्त विदाई सम्मान समारोह के अवसर पर दोनों श्रम संगठन के अध्यक्ष, सचिव के साथ साथ आमंत्रित विशेष अतिथियों ने भी संबोधित किये सभी ने बी के माधव के साथ बिताए पलों को याद कर उनके नेक कार्यों के लिए भूरि भूरि प्रशंसा किये। बी के माधव ने अपने उद्बोधन में इस सम्मान के लिए मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन इंटक, किरंदुल बचेली का आभार व्यक्त किये और एनएमडीसी के किरंदुल परियोजना के साथ साथ प्रायः सभी परियोजनाओं में किये कार्यों, अनुभवों को सभी के समझ साझा किये। एनएमडीसी कंपनी में सेवाकाल बिताए पल के लिए कंपनी की बहुत तारीफ किये और सभी से अपेक्षा किये कि कंपनी को और अधिक सुरक्षित रखते हुए उत्पादन आदि में बढ़ोतरी करते हुए विश्व पटल पर एनएमडीसी कंपनी का नाम सर्व श्रेष्ठ सदैव रखें जाने हेतु प्रयासरत की अवश्यकता पर बल दिये।सभी संस्थाओं, समितियों, संगठनों ने सकुशल सेवानिवृत्त पर विशेष बंधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं कियें। यह सम्मान समारोह बीआईओएम किरंदुल काम्प्लेक्स के प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल बचेली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। जिसमें किरंदुल प्रबंधन के उपमहाप्रबंधक कार्मिक नागवेणी उप महाप्रबंधक कार्मिक जावेद साहबसहायक महाप्रबंधक कार्मिक शैलेंद्र सोनी को विशेष अतिथि के रूप में यूनियन ने इस सम्मान समारोह में सादर आमंत्रित किये थे इन अतिथियों के साथ साथ मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप, सचिव ए के सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी, बचेली इंटक यूनियन के अध्यक्ष चंद्र कुमार मंडावी, राष्ट्रीय इंटक के सचिव, प्रदेश इंटक के सेक्रेटरी जनरल व बचेली शाखा के महामंत्री आशीष यादव, के साथ साथ बचेली किरंदुल इंटक यूनियन के अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वन मंत्री की घोषणा पर कलेक्टर ने दिया 30-30 हजार का चेक

# अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में 12 वर्षीय सुमेंद्र और सौरभ ने लगायी 21 किलोमीटर की दौड़

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में आयोजित अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 ने खेल और साहस का नया अध्याय लिखा। 2 मार्च, रविवार को हुए इस भव्य आयोजन में देश-विदेश के धावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। करीब 11 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने इस मैराथन में भाग लिया, लेकिन इस दौड़ का केंद्र बने बालक छात्रावास नारायणपुर के दो नन्हे प्रतिभागी–छठवीं कक्षा के छात्र सुमेंद्र चक्रधारी और सौरभ पोटाई। महज 12 वर्ष की उम्र में इन दोनों बालकों ने 21 किलोमीटर की मैराथन दौड़ पूरी कर सबको चौंका दिया। उनके इस साहसिक प्रदर्शन से प्रभावित होकर वन मंत्री केदार कश्यप और विधायक अनुज शर्मा ने उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की। मंत्री की घोषणा के बाद कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने दोनों बालकों को 30-30 हजार रुपए के चैक प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया।

चेक सौंपते हुए कलेक्टर ममगाई ने दोनों छात्रों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को हर संभव सहायता दी जाएगी ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। कलेक्टर ने उनके परिजनों से बातचीत करते हुए सुझाव दिया कि भविष्य में वे बच्चों को भारतीय थल सेना और जल सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करें। दोनों बच्चों ने चर्चा के उपरांत कहा कि वह पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी पूरा समय देंगे और भविष्य में एक उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में नारायणपुर जिले का नाम रोशन करेंगे। समारोह में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजेंद्र सिंह, खेल अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, छात्रावास अधीक्षक लोकेश कुमार और दोनों बालकों के परिजन भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने भी बच्चों की मेहनत और लगन की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतिभाशाली छात्रों के परिवार जनों ने स्थानीय विधायक एवं मंत्री केदार कश्यप सहित जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निराकरण के संबंध में बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्षता में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला कोंडागांव में आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन और इससे संबंधित आवश्यक तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय वितरण की प्रक्रिया को सुदृढ करने पर जोर दिया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव ने अपर कलेक्टर और एसपी को निर्देशित किये की वे संबंधित विभागों के सहयोग से सभी मामलों का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सकें। बैठक में यह भी चर्चा की गई की लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों के मामलों का समाधान किया जाएगा। उक्त बैठक में मनीषा ठाकुर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव, गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव, चित्रकांत चार्ली ठाकुर अपर कलेक्टर कोंडागांव कौशलेन्द्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव, एवं दिनेश डे मुख्य नगरपालिका अधिकारी कोंडागांव उपस्थित थे।

# हरीश के प्लाटून कमांडर के चयन पर गांव में हुआ सम्मान समारोह

## आरक्षक रहते की तैयारी, खाली समय में मोबाइल से करते थे क्लास

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

आज के समय मे सरकारी नौकरी का सपना हर किसी का होता है। सपने संजोय हर वर्ष लाखों युवा सरकारी नौकरी की तैयारी के सफर में निकल पड़ते हैं लेकिन फिर भी हर साल केवल कुछ लोगों को छोड़ लाखों लोगों को निराशा का सामना करना पड़ता है लेकिन इन लाखों में कुछ चुनिंदा लोग होते हैं जो अपना मुकाम हासिल कर सरकारी नौकरी का सपना पूरा करते हैं। ऐसा ही एक मामला बसना ब्लॉक अंतर्गत कर्राभौना गांव का है जहां के युवा हरीश खुटे ने वो कर दिखाया जो लाखों युवा नहीं कर पाए। पुलिस विभाग के आरक्षक पद में पदस्थ रहते हुए हरीश खुटे ने पिछले वर्ष सब इंस्पेक्टर 2021 का परीक्षा दिलाया और फिर प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित हुए। बता दें सालों बाद 2024 में जब सब इंस्पेक्टर भर्ती का रिजल्ट आया तब उसमें हरीश खुटे का नाम प्लाटून कमांडर के लिस्ट में था जिसे देख गांव में काफी हर्ष था वहीं अब राज्य में अब सब इंस्पेक्टर सहिंत प्लाटून कमांडर का जॉइनिंग लेटर आने का सिलसिला शुरू हुआ तो गांव के हरीश के पास भी प्लाटून कमांडर के पद के लिए कुछ दिन पहले लेटर पहुंचा जब गांव वालों को



**हरीश ने गांव के युवाओं को बताया सफलता का मूलमंत्र, माँ बाप की गरीबी से बढ़कर कोई मोटिवेशन नहीं**

इसकी जानकारी हुई तो गांव वालों ने अपने खुशियों का इजहार किया और हरीश के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां हरीश खुटे सहिंत उसके माता-पिता का भव्य सम्मान किया गया साथ ही गांव के युवाओं ने हरीश को गांव का गौरव बताते हुए बाकी युवाओं को भी ऐसे ही आगे बढ़ने व हर क्षेत्र के गांव का नाम रोशन करने प्रेरित किया गया। जहां पर गांव के बुजुर्ग, युवा, बच्चे सहिंत युवाओं के अपनी सहभागिता निभाई और गुलाल, फूलमाला पहनाकर हरीश खुटे को सम्मानित किया गया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उक्त सम्मान समारोह के सूत्रधार मनीराम निषाद, भारत सिदार, नंदकुमार चौहान व नवरतन चौहान सहिंत गांव के युवा थे। जिन्होंने इस कार्यक्रम को वृहद एंव शानदार तरीके से आयोजित किया।

### सफलता का श्रेय माता-पिता, पत्नी सहिंत गुरुजनों को दिया

हरीश खुटे ने बताया कि गांव के ही सरकारी स्कूलों से बारहवीं तक शिक्षा प्राप्त करने के कुछ सालों बाद 2010 में उनका चयन आरक्षक के पद पर हुआ जहां 2010 से 2020 तक रायपुर जिला में पदस्थ थे, उसके बाद 2020 से 2025 तक गृह जिला महासमुंद आ गए। इसी बीच छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की भी तैयारी करते रहें। इसी बीच उनकी शादी भी हुई लेकिन वे वहां नहीं रुके उन्होंने आगे तैयारी जारी रखा और ड्यूटी से जब भी समय मिलता अपनी तैयारी जारी रखते। उन्होंने बताया कि ड्यूटी के दौरान तैयारी करना बहुत मुश्किल होता था लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और मोबाइल के माध्यम से तैयारी जारी रखा। उन्होंने मोबाइल का सहीं उपयोग करने का सलाह दिया और आगे बताया कि वे ऑनलाइन व यूट्यूब से क्लासेज अटेंड किये जब भी ड्यूटी के दौरान खाली समय मिलता क्लास देख लेते थे। इसी बीच अपनी नौकरी सहिंत घरवालों का भी ध्यान रखना होता था इस स्थिति में उसके माता-पिता व पत्नी सहिंत पूरे परिवार का पुरा सहयोग रहा। वे सफलता का श्रेय माता-पिता, पत्नी सहिंत अपने मार्गदर्शकों और शिक्षकों को दिया है।

### यह रहे मौजूद


कार्यक्रम के रूपरेखा में मुख्य रुप से मनीराम निषाद, भारत सिदार वहीं कार्यक्रम के संचालन में नवरतन चौहान, नंदकुमार चौहान का अहम भूमिका रहा। साथ ही लकेश्वर चौहान, दिलप्रसाद चौहान सहिंत यूथ यूनियन अध्यक्ष नीलमणी सिदार, विजय कुमार चौहान नवनिर्वाचित सरपंच मेघमोती सिदार, रूपसिंह सिदार, बाबूलाल निषाद, प्रेम निषाद, केदार खुटे व गांव के वार्ड पंच एंव काफी अधिक संख्या में गांववासी मौजूद रहे।

# विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला है बजट : टेसूलाल धुरंधर

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर छ.ग. सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में 2025-26 के लिए पेश बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला रखी गई है, उन्होंने कहा कि बजट गुडगवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी एवं इंडस्ट्रीयल ग्रोथ के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर बनाया गया है।

उन्होंने बजट में एक रूपए प्रति लीटर पेट्रोल कीमत कम करने, शासकीय कर्मचारियों की मंहगाई भत्ता में 3त्न प्रस्तावित वृद्धि, दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज खोलने, रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो रेल परियोजना की शुरुआत, मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना, रामलला दर्शन योजना, मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना, महतारी वंदन योजना का विस्तार, नई



सड़कों के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान, युवाओं एवं बेरोजगारों का ध्यान हुए रखते स्कूल- कालेजों में शिक्षकों तथा दस हजार कर्मचारियों की भर्ती के साथ बड़े शहरों फ्री वाई फाई योजना एवं जिलों में सेंट्रल लाइब्रेरी स्टडी सेंटर की स्थापना पर सरकार के मुखिया विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का स्वागत करते हुए बधाई प्रेषित किया है।

# विधायक चातुरी नंद ने उठाया पुलिस आरक्षक आत्महत्या मामला

**पुलिस भर्ती में गड़बड़ी के बाद आरक्षक ने की थी आत्महत्या**

**मृत आरक्षक अनिल रत्नाकर सरायपाली क्षेत्र के ग्राम सूखापाली का था निवासी**

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्थानीय विधायक चातुरी नंद ने बजट सत्र के दौरान राजनांदगांव जिले में पुलिस भर्ती में गड़बड़ी के बाद आरक्षक अनिल रत्नाकर के आत्महत्या मामले में गृहमंत्री से सवाल पूछा। विधायक चातुरी नंद के तारांकित सवाल के लिखित जवाब में गृहमंत्री ने बताया कि जिला राजनांदगांव में वर्ष 2024 में पुलिस भर्ती में गड़बड़ी पाई गई थी। थाना लालबाग, जिला-राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 568/24, धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपीगण महिला आरक्षक पुष्पा चन्द्रवंशी, परिधि निषाद, आरक्षक धर्मराज मरकाम, सुन्दर लाल नेताम, कार्तिक देशलहरे, विकास सिंह राजपूत, पवन चौरे, योगेश कुमार धुर्वे अभ्यार्थी मीना पात्रे, नेहा चन्द्रवंशी, कम्प्यूटर आपरेटर नुतेश्वरी धुरर्वे, फवेन्द्र कुमार चनाप, विशाल यादव, यशवंत उईके लाईका आपरेटर पवन कुमार साहू के विरूद्ध साक्ष्य पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने जवाब में यह भी बताया कि आरोपी



महिला आरक्षक 610 काजल की गिरफ्तारी शेष है। विधायक नंद के सवाल के जवाब में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आरक्षक भर्ती कार्य में संलग्न आरक्षक क्रमांक 1791 अनिल कुमार रत्नाकर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या की गयी थी। थाना-लालबाग, जिला-राजनांदगांव में मर्ग क्रमांक- 117/24 धारा-194 बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। अब तक जांच में मृतक आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में आने वाले अभ्यर्थियों एवं अन्य के साथ मिलकर रूपये के बदले अभ्यर्थियों के नम्बर में हेरफेर किया जाना पाया गया। मर्ग जांच जारी है। विधायक चातुरी नंद ने मीडिया को जारी किए अपने बयान में आरक्षक आत्महत्या मामले में कई सवाल उठाते हुए पुलिस विभाग को कटघरे में खड़ा किया है। विधायक नंद ने इस मामले में सवाल उठाते हुए पूछा कि गृहमंत्री ने खुद माना है कि आरक्षक भर्ती में गड़बड़ी हुई है लेकिन एक भी पुलिस अफसर पर कार्रवाई नहीं हुई है सिर्फ आरक्षकों पर कार्रवाई कर भर्ती प्रक्रिया के जिम्मेदार अफसरों को बख्श दी गई है। उन्होंने गृहमंत्री से सवाल दागते हुए कहा कि पुलिस अफसरों के दबाव में एक आरक्षक ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया लेकिन शासन प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। आरक्षक ने आत्महत्या के पूर्व अफसरों पर बड़ा आरोप लगाया था। साथ ही उनके परिजनों ने भी पुलिस के जिम्मेदार अफसरों को दोषी ठहराया था उसके बावजूद आज तक इस मामले में कोई ठोस कदम उठाया नहीं गया है और दोषी अफसरों को बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि आत्महत्या मामले में उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग मैं मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से करती हूं। विधायक नंद ने कहा कि एक ओर साय सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉरलेंस की नीति की बात करती है दूसरी ओर पुलिस विभाग, वन विभाग समेत कई विभागों में चल रही भर्तियों में कई प्रकार की गड़बड़ियां सामने आ रही है। ऐसी घटनाओं से भाजपा सरकार की कथनी और करनी में फर्क स्पष्ट दिखाई देता है।

# ब्राह्मण अभ्यर्थियों के जनेऊ उतरवाने की घटना को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के ब्राह्मण समाज ने भारी नाराजगी जताई

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के डूंगरपुर (बांसवाड़ा) जिले में आयोजित आरईईटी परीक्षा के दौरान ब्राह्मण अभ्यर्थियों के जनेऊ उतरवाने की घटना को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के ब्राह्मण समाज ने भारी नाराजगी जताई है। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता करुणाकर उपाध्याय ने इसे घोर निंदनीय और अक्षम्य करार दिया है। राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता करुणाकर उपाध्याय ने कहा है कि यह घटना न केवल समाज को तोड़ने वाली है, बल्कि यह एक ऐसी कार्रवाई है जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करती है। अभ्यर्थियों के धार्मिक प्रतीकों को हटाना या उनका अपमान करना किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। हमें अपने समाज की विविधता और धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करना



चाहिए। उपाध्याय ने आगे कहा कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं के पुनरावृति नहीं हो इसका ध्यान रखने की अपील की। साथ ही ब्राह्मण समाज की आपत्ति पर त्वरित संज्ञान लेते हुए दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई को लेकर संतोष व्यक्त करते हुए राजस्थान सरकार की सराहना की है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में तनाव और भेदभाव को बढ़ावा देती हैं, जो किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं की जा सकतीं। इस घटना के बाद कई सामाजिक संगठनों ने भी अपनी नाराज़गी जाहिर की है। उपाध्याय ने मांग किया है कि समाज में सामंजस्य और भाईचारे को बनाए रखने के लिए इस प्रकार की घटनाओं के प्रति केंद्र सहित देश के सभी राज्यों की सरकारों को सख्त रुख अपनाने की आवश्यकता है।

## पांच स्कूलों में 24 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 1 करोड़ 83 लाख 12 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मांग पर लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 1 करोड़ 83 लाख 12 हजार रूपये के 24 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने बताया कि इनमें गरियाबंद विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रीपारा, सड़क परसुली, फुलकर्रा एवं धवलपुर में 5-5 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए प्रत्येक हेतु 38 लाख 15 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिन्द्रानवागढ़ में 4 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 30 लाख 52 हजार रूपये की प्रशसकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या का निदान एवं सुझाव के लिए उपयोगी

**महासमुंद।** भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा विकसित टेलीमानस ऐप को महासमुंद जिले में सफलतापूर्वक लांच कर दिया गया है। टेली मानस ऐप एक व्यापक मोबाइल प्लेटफार्म है जो आम जनता के लिए विकसित किया गया है जिसे प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। उक्त टेलीमानस ऐप में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या का निदान एवं सुझाव के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं, स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, प्रमुख शासकीय कार्यालय, जेल, आश्रम, अनाथालय आदि स्थानो पर पोस्टर, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के माध्यम से तथा सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर एवं व्हाट्सएप) आदि के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यापक जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए टेलीमानस ऐप क्यूआर कोड तथा हेल्पलाइन नम्बर 14416 का प्रचार-प्रसार किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया द्वारा उक्त ऐप को डाउनलोड कर अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की गई है।

## महासमुंद जिला आगामी आदेश तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित, नलकूप खनन हेतु प्राधिकृत अधिकारी करेंगे अनुमति प्रदान

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुन्द जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विनय कुमार लंगेह द्वारा छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत जिले को आगामी आदेश तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत महासमुन्द जिले में आगामी आदेश तक सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल व्यवस्था, पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय/अर्द्धशासकीय / नगरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकारी सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। परन्तु निर्धारित नियमों का पालन वे सुनिश्चित करेगें।

जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/नगरीय निकाय/तहसील से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेगें। जिसमें महासमुंद शहर (नगर पालिका क्षेत्र) के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, महासमुंद, अनुविभाग महासमुंद के लिए (महासमुंद शहर को छोड़कर) अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) महासमुंद प्राधिकृत अधिकारी होंगे। इसी तरह अनुविभाग बागबाहरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) बागबाहरा, अनुविभाग पिथौरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) पिथौरा, अनुविभाग बसना के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) बसना एवं अनुविभाग सरायपाली के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) सरायपाली को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# गिरौदपुरी मेला में वाहनों के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में आगामी 4 से 6 मार्च 2025 तक होने वाले विशाल मेला एवं संत समागम में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आम लोगों के वाहनों की पार्किंग हेतु स्थल निर्धारित किया गया है। निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही अपनी वाहनो को खड़ी करने जिला प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण, गिधौरी, कसडोल, मडवा रोड से होते हुए आने वाले श्रद्धालु अपनी वाहन चौकी के पीछे शेर पंजा पार्किंग स्थल में पार्क करेंगे। बया, अर्जुनी, तरफसे आने वाले दर्शनार्थी अपनी वाहन अर्जुनीफारेस्ट बैरियर के पास पार्किंग स्थल में वाहन पार्क करेंगे। सोनाखान, नवागांव तरफ से आने वाले अपनी वाहन जोंक नदी के सामने पर्किंग में, मुख्य मंदिर




पार्किंग स्थल से जो भी दर्शनार्थी जोक नदी नहाने के लिए जाते हैं वे अपनी वाहन जोक नदी के बाएं और नहर के सामने स्थित पार्किंग स्थल में अपनी वाहन व्यवस्थित खड़ी करेंगे। छाता पहाड़ दर्शन के लिए जाने वाले सभी अपनी वाहन महाराजी फॉरेस्ट बैरियर के सामने पार्क कर पैदल ही छाता पहाड़ दर्शन के लिए जाएंगे उसके आगे सिर्फ पास धारी वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा अन्यथा कोई भी वहां आगे नहीं जाएगी। महाराजी फॉरेस्ट डिपो पार्किंग स्थल में जगह समाप्त होने जाने पर फॉरेस्ट डिपो के पीछे तालाब के पास के पार्किंग स्थल में वाहन पार्क करेंगे। मुख्य मंदिर से छाता पहाड़ दर्शन के लिए जाने वाले एकांकी रोड का उपयोग करेंगे एकांकी रोड जोक नदी, महाराजी, एकांकी मार्ग का उपयोग करेंगे। सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी अपना शासकीय वाहन गिरौदपुरी चौकी के सामने और चौकी के पीछे वाहनों को व्यवस्थित पार्किंग करेंगे अनावश्यक रोड के ऊपर कोई भी वहां खड़ी नहीं करेंगे।

**ठेला-खोमचा प्रतिबंधित क्षेत्र**

मुख्य मेला स्थल में पीएचई तिराहा, मुख्य जैतखाम चौक, हेलीपैड चौक के अंदर कोई भी ठेला खड़ी नहीं करेंगे। यह एरिया ठेला-खोमचा प्रतिबंधित एरिया रहेगा। ठेला-खोमचा व्यवसायों के लिए पीएचई तिराहा से छोटा मंदिर हेलीपैड के सामने वाला एरिया निर्धारित किया गया है। मुख्य सड़क में कोई भी ठेला नहीं रहेगा।

## छत्तीसगढ़ राज्य के विकास को गति प्रदान करने वाला बजट : विजय केसरवानी

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत हस्तलिखित ऐतिहासिक बजट को राज्य के विकास को नई गति और दिशा प्रदान करने के साथ जन आकांक्षाओं तथा आशाओं को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट'



बताते हुए भाजपा नेता विजय केसरवानी ने कहा कि 2024-25 में छत्तीसगढ़ का बजट ज्ञान (गरीब युवा अन्नदाता नारी) पर केंद्रित था, लेकिन यह बजट ज्ञान के विकास की गति बढ़ाने हेतु गति थीम (गुड गवर्नेंस, एक्सिलेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी एवं इन्ड्रस्ट्रियल ग्रोथ) पर केंद्रित है। केसरवानी ने आगे कहा कि बजट में पेट्रोल की कीमत में एक रुपए की कमी एवं तीर्थयात्रा योजना के पुनः प्रारंभ किए जाने के महत्वपूर्ण प्रावधान के अतिरिक्त गरीबों के लिए 18 लाख आवास योजना हेतु 875 करोड़ रुपये के साथ ही महतारी वंदन योजना के लिए 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नगरनिगम क्षेत्रों में सुनियोजित विकास हेतु मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कुल मिला कर बजट में गांव, नगर, गरीब, किसान, महिला, छात्र, युवा, व्यापारी, मध्यम वर्ग, कर्मचारियों सहित सभी वर्गों के उत्थान के प्रावधान किए गए हैं। केसरवानी ने राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रगति को गति प्रदान करने वाला बजट प्रस्तुत करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का अभिनंदन एवं आभार प्रगट किया है।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

## ठेकेदार व सम्बंधित अधिकारी समन्वय से काम करें : दीपक अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद।
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में क्रियान्वित एकल व समूह नल जल योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा समय पर पानी टंकी, नल कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग एवं क्रेडा के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ठेकेदारों को अपूर्ण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराकर निर्धारित दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 80 प्रतिशत तक पूर्ण किए जा चुके ग्रामो, बसाहटों के सम्बंध में विस्तार से समीक्षा की। साथ ही बाकी बचे कार्यो को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण



करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है, इसमे किसी भी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य करने की जरूरत है, इसके लिए निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूरा करें। इस योजना के तहत हर घर में साफपेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य को तेज गति देने के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में देवभोग एवं छुरा विकासखण्ड में कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सब इंजीनियरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिले में हर घर जल प्रमाणीकरण करने एवं पूर्ण हो चुके नल जल योजना के कार्यो को ग्राम पंचायत में हस्तांतरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मिशन से जुड़े सभी उपयंत्री को टीम बनाकर अब तक हुए कार्यों का ग्रामवार अद्यतन भौतिक स्थिति का अवलोकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधूरे पानी टंकी निर्माण कार्य प्रारंभ कराये। जो ठेकेदार कार्य में कोताही बरत रहे है उसे ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जो ठेकेदार काम बंद कर दिये है, ऐसे ठेकेदारों की बैठक लेकर उन्हें समझाईश दे। सरकारी कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा या नुकसान पहुंचाने वाले के खिलाफकार्यवाही करें। छोटे-छोटे कार्य बचे है उसे प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराये। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता विप्लव घृतलहरे सहित एसडीओ एवं सब इंजीनियर उपस्थित थे।

# विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर पर जन जागरूकता रैली निकाली गई

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में कान के प्रति जागरूकता लाने तथा संदेश प्रसारित करने के लिए हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। विश्व श्रवण दिवस का इस वर्ष का थीम मानसिकता में बदलाव- कान और श्रवण देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाने के लिए स्वयं को सशक्त बनाये पर संदेश प्रसारित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया और स्थानीय नागरिकों से अपील की गई। विश्व श्रवण दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने श्रवण बाधित चिन्हित मरीजों को श्रवण यंत्र का वितरण किया। इस अवसर पर डॉ. टी. सी. पात्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े (डीएचओ), डॉ. के. के. सहारे (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. अमन कुमार हुमने (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. योगेन्द्र सिंह रघुवंशी, प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम), डॉ. श्रृष्टि यदु (प्रभारी जिला सलाहकार, एनसीडी), डॉ. शंकर पटेल (प्रभारी अस्पताल सलाहकार, एनएचएम) उपस्थित थे। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एनपीपीसीडी कार्यक्रम के एन कुमार साहू (ऑडियोलॉजिस्ट) एवं विष्णु निषाद (असि. ऑडियो) के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टाफ गण उपस्थित रहे।



# शपथ के बाद पहली बैठक में महापौर अलका बाघमार ने कहा-पार्षदो व जनता के सुझावों से उनकी मूलभूत सुविधाओं के लिए काम होगा

## महापौर ने बैठक में अधिकारियों को निगम के मूलभूत कार्यो पर विषेष ध्यान देकर फोकस करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार ने नगर निगम अपने कक्ष पर आयुक्त सुमित अग्रवाल और अधिकारियों के साथ पहली बैठक लेकर कामकाज शुरू किये।इस पहली बैठक में महापौर ने कहा कि जनता के सुझावों से जनता की सुविधाओं के लिये काम होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें तो रेवेन्यू अपने आप जनरेट होगी। महापौर ने सभी अधिकारियों से कहा वार्डो में जलसंकट को लेकर जलसंकट पर संज्ञान लें महापौर ने बैठक में अधिकारियों को निगम के मूलभूत कार्यो पर विषेष ध्यान देकर फोकस करने के निर्देश दिये।नगर निगम के कार्यो की मूलभूत आवश्यकता शहर में सफाई हो, पेयजल, सडक बत्ती संबंधी कार्यो को प्राथमिकता देने कहा। महापौर ने कहा कि दुर्ग शहर में सफाई और पेयजल के कार्यो को प्राथमिकता में रखकर कार्य करें, नगर निगम के मूलभूत कार्यो पर विषेष ध्यान देकर फोकस करने के निर्देश,प्रतिदिन बाजार क्षेत्रो में रात्रिकालीन में साफ सफाई व्यवस्था बनाये। नागरिको व दुकानदरों द्वारा कचरा फेंकते पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग तत्काल वीडियो बनकर फाइन करेंगे। 60 वार्डो के सुपर वाइजरो को हिदायत सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखें, ढिलाई करने वाले सुपर वाइजरो पर कार्रवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद देवनारायण चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, हर्षिका जैन, पार्षद अब्दुल खालिक, कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गौस्वामी, दिनेश नेताम,आरके जैन, वीपी मिश्रा, गिरीश दीवान, राजेन्द्र ढाबाले, इसके केवलानी, धर्मेंद्र मिश्रा, थानसिंग यादव, अनिल सिंह, संजय मिश्रा सहित आदि मौजूद रहें। महापौर अलका बाघमार ने कहा गर्मी में पानी की समस्या नागरिको को न हो,इसके पहले से छुटे हुए वार्डो में पाइप लाइन व्यवस्थित करे, सफाई व्यवस्था पर औचक निरीक्षण किया जाएगा।बैठक में बजट की तैयारी यो को लेकर चर्चा भी की गई, नगर निगम के चतुर श्रेणी कर्मचारियों का पहले भुगतान किया जाए। शहर के बड़े एवं छोटे-वार्डो के हिसाब से सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए। एसएलआरएम सेंटर को प्रतिदिन क्लीन किया जाए, प्रतिबंध पॉलिथीन पर कार्रवाही करने के निर्देश दिए।शहर में प्रतिदिन दो बार दो वार्डो का निरीक्षण किया जाएगा। वार्डो में समस्याओं का निरीक्षण कर सुधार करें, शहर कर बड़े बिल्डिंग की नियमितीकारण की जांच करें, कर राजस्व में बढ़ोतरी पर चर्चा की गई। शहर भवनो में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य हो।

# 15 करोड़ की लागत से 17 एकड़ में भव्य एवं आकर्षक स्पोर्ट्स परिसर का होगा निर्माण

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के हृदय स्थल जी.ई. रोड के समीप प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में 15 करोड़ की लागत से 17 एकड़ में बनेगा स्पोट्स परिसर। जो पुरी तरह से आधुनिक होगा, यहां पर हार्स राईडिंग, स्वीमिंग पूल, स्केटिंग ट्रेक, रनिंग ट्रेक, 400 लोगो के बैठने लायक आडिटोरियम, पार्किंग, दुकान, बाउण्ड्रीवाल सजावट लाइटिंग इत्यादि के साथ निर्माण प्रस्तावित है। जिसका भव्य गेट नेशनल हाईवे 53 से लगा हुआ होगा। जिला कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को लेकर पहुंची। उपस्थित निगम के अभियंताओ से पुरी विस्तृत जानकारी ड्राईग एवं डिजाईन के साथ प्राप्त की। कहां से कहां तक रनिंग ट्रेक, स्वीमिंग पुल, आडिटोरियम, हार्स राईडिंग, स्केटिंक ट्रेक, पार्किंग, दुकान, बाउण्ड्रीवाल के प्रस्तावित स्वरूप के बारे में पुरी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिला कलेक्टर का सुझाव था कि इस प्रकार का निर्माण हो, जिससे इस क्षेत्र के खिलाड़ियो को प्रोत्साहन मिले। हमारे जिल से राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी विजयी होकर निकले और राज्य एवं देश का नाम रोशन करें। यहां पर भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी हो सके। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है, उनके द्वारा इस प्रकार का बहु उपयोगी स्पोट्स परिसर का निर्माण करने का सुझाव दिया गया था। जिसके उपर निगम आयुक्त द्वारा अपने विभागीय जोन आयुक्त एवं अभियंताओ से विचार-विमर्ष किया गया। उसके बाद परिसर को अपने स्वरूप के साथ प्रस्तावित किया गया। जिला कलेक्टर के पास प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर द्वारा खनीज एवं न्यास मद से हार्स राईडिंग एवं स्केटिंग ट्रेक बनाने के लिए राशि की स्वीकृति मिल गई है। शेष खेल के लिए प्रोजेक्ट बनाकर जिला प्रशासन एवं शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही बाकी का काम भी शुरू हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उपभियंता बसंत साहू, प्रभारी सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, चंदन निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

# धर्मांतरण के विरोध में हुआ जन आक्रोश सभा सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ पाटन
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद अमलेश्वर थाना के सामने व्यावसायिक परिसर में पंडाल लगाकर हिंदू जागरण मंच आरएसएस के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी द्वारा सर्व हिंदू समाज बैनर तले जन आक्रोश सभा किया गया। जहां सभा मंच का संचालन सुरेंद्र साहू प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख एवम पूर्व सरपंच पाहंदा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन अमलेश्वर आरएसएस प्रमुख प्रकाश कश्यप द्वारा किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में अवधेश दुबे हिंदू जागरण मंच कुम्हारी, निश्चय बाजपेई पूर्व पार्षद कुम्हारी, हरिदास वैष्णव पार्षद कुम्हारी मयंक गोस्वामी बजरंग दल रायपुर, मीनाक्षी शर्मा आरएसएस अमलेश्वर, राम बिहारी मिश्रा कुम्हारी, हरिदास वैष्णव पार्षद कुम्हारी रमेश तिवारी आरएसएस अमलेश्वर दयानंद सोनकर अध्यक्ष पालिका अमलेश्वर, महामंत्री कैलास यादव, फेरहा राम धिवर सांसद प्रतिनिधि, अश्वनी साहू आरएसएस, टीकाराम साहू आरएसएस पाहंदा, द्वारा उद्बोधन दिया गया। सभी वक्ताओं के संयुक्त उद्बोधन में विगत दिनों डॉक्टर विनय साहू के निवास में धर्मांतरण किया जा रहा था जिसका विरोध किया गया एवं एफआईआर करवाए थे। जिसकी कड़ी से कड़ी करवाई किया जाए एवं धर्मांतरण जैसे समस्या के समाधान के लिए शासन प्रशासन को विशेष पहल किया जाए एवं समाज के सभी वर्गों के लोगों एवं समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक संगठन में धर्मांतरण की विषय में विशेष रूप से चर्चा किया अपील किया गया। पश्चात उपस्थित तहसीलदार मनोज रस्तोगी एवं नगर निरीक्षक थाना प्रभारी अमलेश्वर एवं पुलिस अधीक्षक दुर्ग के नाम ज्ञापन चार समाज के प्रमुख साहू समाज प्रमुख रामावतार साहू, सुखदेव साहू, ब्राह्मण समाज से रमेश तिवारी, सुनील शर्मा, देवांगन समाज से चेतन देवांगन, एवं सर्व समाज से मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, मोहन साहू, सुरेंद्र साहू, एवं प्रकाश कश्यप, डॉ आलोक पाल पार्षद अमलेश्वर, हरिदास वैष्णव पार्षद कुम्हारी, धर्मेंद्र सोनकर, सोनू साहू , राहुल साहू, मनीष कोसले, प्रशांत शर्मा, सत्तू कौशल, कृष्णा साहू।

# जशपुर में उद्यानिकी फसलों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण के लिए बनाई जाएगी योजना

## कृषकों की आय बढ़ाने कलेक्टर ने कृषि संबंधित विभागों से की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिले के कृषकों की आय में वृद्धि हेतु कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध सभी विभागों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने जिले में उद्यानिकी के तहत स्ट्रॉबेरी, लीची, नाशपाती आदि की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए योजना निर्माण करने के निर्देश दिए। जिसके तहत इन फसलों के उत्पादन के साथ कृषकों को इनका प्रसंस्करण करने का भी प्रशिक्षण दिलाने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने जिले में उगाई जाने वाली विभिन्न फसलों के उत्पादन को बढ़ाने एवं कृषकों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए सभी विभागों को कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यानिकी महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय आदि अनुसंधान संस्थानों से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त कर योजना निर्माण करते हुए कृषकों को भी इसके संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों को विभिन्न फसलों के उत्पादन और उनके उत्पादन के तरीकों के संबंध में जागरूक करने के लिए फसल प्रदर्शन हेतु स्थान चयन कर प्रदर्शन करवाने को कहा। इसके अतिरिक्त कृषकों को जागरूक करने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने एवं उत्कृष्ट कृषि नवाचारों के प्रति उन्हें रुचि जगाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। उन्होंने विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पशुपालकों, मत्स्यपालकों आदि को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिलाने के निर्देश दिये।

# कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज खोले जाने के प्रावधान को सभी वर्गों ने की सराहना

## इलाज के लिए नहीं जाना होगा दूर, पैसों की भी होगी बचत

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा बजट पेश किया गया। बजट को युवावर्ग, व्यवसायी, महिलाओं सहित सभी वर्गों ने सराहा है। उन्होंने कहा कि इस बजट में छत्तीसगढ़ के विकास के साथ ही सभी वर्गों के लाभ के लिए प्रावधान किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के इस बजट में जिले के कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज और जशपुर में नर्सिंग कॉलेज खोले जाने के प्रावधान को जिले के नागरिकों ने सराहना की है। लोगों ने बताया कि इससे स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। जशपुर जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है, इससे दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा की पहुंच आसानी से हो सकेगी। मेडिकल स्टोर में काम करने वाले युवा बसंत कुमार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप हर नागरिक को बेहतर सुशासन मिले इस दिशा में बढ़ाया गया एक बड़ा कदम है। मेडिकल कॉलेज खुल जाने के बाद इलाज यहां सुलभ हो पाएगा। इससे जो एक बड़ी राशि इलाज में खर्च होती है उसकी बचत होगी।

# उपचुनाव में नवनिर्वाचित पार्षद को कलेक्टर ने दिलाई शपथ



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड क्रं. 24 में उपचुनाव हुआ था। उपचुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी प्रदीप कुमार सेन विजयी घोषित हुए थे। नवनिर्वाचित पार्षद प्रदीप कुमार सेन को निगम भिलाई के सभागार में कर्तव्य, निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर रिचा प्रकाश चैधरी द्वारा दिलाई गई। ततपश्चात नवनिर्वाचित पार्षद द्वारा हस्ताक्षर किया गया। शपथ ग्रहण के दौरान भिलाई निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद एवं पूर्व भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, पार्षद एवं पूर्व सभापति श्याम सुन्दर राव, पीयूष मिश्रा, नोहर वर्मा, मुकेश अग्रवाल, विनोद सिंह, विणा चंद्राकर, स्मृता दोड़के, ईश्वरी नेताम, सरिता बघेल, भाजपा नेता शंकर लाल देवांगन, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे आदि सभी ने उपस्थित होकर नवनिर्वाचित पार्षद प्रदीप कुमार सेन को शुभकामना दी। अंत में राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया।

# ईश्वर को सा मानकर रवि सिंगौर ने लिया सरपंच पद की शपथ, बिना भेद भाव के लोगो की करेंगे सेवा

पायनियर संवाददाता ◀ पाटन
www.dailypioneer.com





जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सांकरा में नवनिर्वाचित सरपंच रवि सिंगौर ने अपने 20 पंचों के साथ शपथ ग्रहण किया। सरपंच पद का भार लिया। सिंगौर और पंचों ने ईश्वर को सा मानकर शपथ लिया। छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियमों के प्रावधानो का निष्ठा पूर्वक पालन करने का शपथ लिया। तत्पश्चात सरपंच रेमन यशवंत जांगड़े ने नवनिर्वाचित सरपंच रवि सिंगौर को पंचायत का सील पैड देकर कार्य भार सौंपा। इस अवसर पर सचिव ईश्वर निषाद, खुमान सिंगौर, कोटवार संजय डहरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया को कामता सिंगौर ने शेयर किया। ग्राम पंचायत सांकरा सरपंच रवि सिंगौर के साथ पंचगण वार्ड अनुसार वार्ड क्र.1 महेंद्र कुमार पारधी वार्ड क्र.2 अंजू बंजारेवार्ड क्र. 3 रोशन चन्द्राकर, वार्ड क्र. 4 शुभम बंजारे वार्ड क्र. 5 रामशरण बंधे वार्ड क्र. 6 दिलेश्वरी तुरकाने वार्ड क्र. 7 श्यामू बंजारे वार्ड क्र. 8 सविता गायकवाड़ वार्ड क्र. 9 झामीन ध्रुव वार्ड क्र. 10 लक्ष्मी सिंगौर वार्ड क्र. 11 कविता सिंगौर वार्ड क्र. 12 ईश्वरीबाई सिंगौर वार्ड क्र. 13 हेमा यादव वार्ड क्र. 14 तुलाराम सिंगौर वार्ड क्र. 15 दीपक सिंगौर वार्ड क्र. 16 संजय कुमार सिंगौर वार्ड क्र. 17 वीरेन्द यदु वार्ड क्र. 18 सम्पति सिंगौर वार्ड क्र.19 पिंकी वैष्णव वार्ड क्र. 20 चन्दन सिंगौर।

# ईडब्ल्यूएस जमीन की तलाश करेगा रिसाली निगम, महापौर परिषद की बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रिसलाी क्षेत्र में शामिल ई.डब्ल्यू.एस. की जमीन की तलाश कर उसे चिन्हित किया जाएगा। उक्त निर्णय महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली बैठक में लिया गया। महापौर परिषद की बैठक में दर्जनभर से ज्यादा विकास कार्य के प्रस्ताव को शासन को स्वीकृत के लिए भेजने का भी निर्णय लिया गया। महापौर परिषद के सद्स्यों ने एक स्वर में प्रस्ताव पारित किया कि कॉलोनी निर्माण के समय आरक्षित की गई भूमि (ई.डब्ल्यू.एस.) की जमीन को पहले चिन्हित किया जाए। चिन्हांकन प्रक्रिया के बाद उसमें निगम की ओर से सूचना फलक लगाया जाए। महापौर शशि ने इसके लिए जिला प्रशासन के राजस्व विभाग को पत्र प्रेषित करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम भिलाई ने रिसाली निगम के गठन पश्चात एक पत्र जारी किया था। इस पत्र में 28 स्थानों में ई.डब्ल्यू.एस. की जमीन होने का उल्लेख। निगम के अधिकारी पत्र के आधार पर ही पटवारी और राजस्व निरीक्षक की मदद से जमीन तलासेगा। महापौर परिषद की बैठक में एम.आई.सी. जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह, संजू नेताम, ममता यादव, डॉ. सीमा साहू, परमेश्वर कुमार, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, एम.पी. देवांगन समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

**चलित शौचालय खरीदेगा निगम**-महापौर परिषद के सद्स्यों ने स्वयं का शव वाहन और एक चलित शौचालय खरीदने प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया है। खास बात यह है कि वर्तमान में 40 वार्डो के लिए निगम के पास एक ही स्वर्ग रथ है। विषम परिस्थिति में रिसाली को दूसरे निकाय पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके अलावा परिषद के सद्स्यों ने नाली, सड़क, और भवन के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया।

**गार्डन के रख रखाव पर बनेगा प्लान**-एम.आई.सी. ने बैठक में कहा कि निगम के अधिकारी उद्यानों के रख रखाव के लिए एक प्लान तैयार करे। वर्तमान में निगम क्षेत्र के उद्यान खण्डहर में तब्दील हो रहा है। परिषद के सद्स्यों ने कहा कि अधिकारी पहले प्लान तैयार करे फिर रख रखाव के लिए टेण्डर जारी करे।

## तहसील साहू संघ पाटन की कार्यकारिणी बैठक में बनी कार्यक्रम की रूपरेखा

# अमलेश्वरडीह में 19 एवं 20 अप्रैल को होगा तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह

पायनियर संवाददाता ◀ पाटन
www.dailypioneer.com




तहसील साहू संघ पाटन कार्यकारिणी बैठक अमलेश्वरडीह में आयोजित किया गया। बैठक में 19 एवं 20 अप्रैल को तहसील साहू संघ पाटन के झीट परिक्षेत्र के ग्राम अमलेश्वरडीह में आयोजित होने वाले विशाल कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह के 22 वे वर्ष के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। तैयारी बैठक में कार्यक्रम की प्रारंभिक रूपरेखा तय किया गया। हालाकि अभी तक आदर्श विवाह के लिए एक भी पंजीयन नहीं हो पाई है। जिस पर समाज के लोगो ने चिंता जताई है।और प्रत्येक इकाई से एक-एक जोड़ा का लक्ष्य उपस्थित प्रक्षेत्रीय अध्यक्ष गण को दिया गया है। जिससे स्थानीय अध्यक्षों से बातचीत कर जोड़ा तैयार किया जा सके। तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा पाटन तहसील के एक एक साहू परिवार जिनके द्वारा 50 रुपए एवं 5 किलो अन्न दान के बदौलत लगातार 22 वर्षो से आयोजन के माध्यम से सैकड़ों जोड़ा का विवाह सम्पन्न करवा चुके है। सामूहिक विवाह के बैनर तले 99 इकाई में निवासरत झेरिया साहू परिवार सम्मेलन मूल उद्देश्य है। सामूहिक विवाह के माध्यम से सामाजिक एकता और संगठन की ताकत बढ़ती है। पाटन तहसील के सभी 99 गांवों में कर्मा जयंती का आयोजन किया जाना अनिवार्य किया गया है। इसलिए अब परिक्षेत्रीय स्तर पर कर्मा जयंती का आयोजन नहीं किये जाने का निर्णय तहसील साहू संघ की बैठक में लिया गया। परिक्षेत्र पदाधिकारी गण स्थानीय आयोजन में अतिथि बतौर शामिल होंगे और सामाजिक संदेश वाहक का कार्य करेंगे। पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू ने कहा साहू समाज सभी समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है। हर व्यक्ति को समाजिक कार्यो में प्रत्येक व्यक्ति का भागीदारी होनी चाहिए। किसी के ऊपर टीका टिप्पणी करने से बचे। सकारात्मक सोच के साथ अपनी भागीदारी निभाने से आयोजन सफल होता है। बैठक का संचालन महासचिव खेमलाल साहू ने किया। आभार प्रदर्शन कल्याण साहू ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, सलाहकार अश्वनी साहू, जिला प्रतिनिधि गंगादीन साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू, डॉ गुलाब साहू, मोहन साहू, किशोर साहू, कल्याण साहू, गोपेश साहू, रविशंकर साहू, दुलेश्वर साहू, सरिता साहू, गायत्री साहू, विमला साहू, जय साहू,भुनेश्वरी साहू, जागेश्वरी साहू, सुखदेव साहू,गीता साहू, दुलारी साहू, कृष्ण कुमार साहू, बलराम साहू, राजू साहू, सोनू साहू, रामाधार साहू, गिरधर साहू, डॉ अश्वनी साहू, ताम्रध्वज साहू, मूलचंद साहू, द्वारिका साहू, डोमन साहू, नवलकिशोर साहू, करन साहू सहित बड़ी संख्या में नगर के सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# निष्पक्षता पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने पार्षद ने ली शपथ




**रिसाली।** वार्ड 34 उपचुनाव में निर्वाचित हुए पार्षद राहुल राय ने निष्पक्षता पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने शपथ ली। उन्हें कलेक्टर ऋचा प्रकाश चैधरी ने शपथ दिलाई। शाम 4 बजे रिसाली निगम के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। शपथ ग्रहण के पूर्व महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चैधरी का स्वागत किया। शपथ ग्रहण समारोह में एम.आई.सी. जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह, संजू नेताम, ममता यादव, डॉ. सीमा साहू, परमेश्वर कुमार समेत पार्षदगण उपस्थित थे।

## संपादकीय

### राजनीति का अपराधिकरण उन्मूलन की चुनौती

**राजनीति** में अपराधीकरण के प्रभाव को प्राथमिकता से समाप्त किया जाना चाहिए। हालिया वर्षों में राजनीति में अपराधीकरण का मुद्दा लगातार चर्चा का विषय रहा है। ज्यादा राजनेताओं पर आपराधिक आरोप और दोषसिद्धि से सवाल उठा कि क्या चुनाव लड़ने के लिए उनकी अयोग्यता का मानक उपयुक्त है। वर्तमान बहस सर्वोच्च न्यायालय में विचारार्थ हालिया मामले से पैदा हुई है जिसमें अयोग्यता की अवधि सीमित करने की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि न केवल विधिक व्याख्या, बल्कि राजनीतिक व्यवस्था में अपराधों के प्रभाव की व्यापक विभीषिका पर चर्चा होनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय में पेश एक याचिका में कहा गया कि दोषसिद्ध राजनेताओं के आजीवन चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। याचिकाकर्ता का तर्क था कि अयोग्यता को सीमित अवधि का रखने से उन संवैधानिक प्राविधानों का उल्लंघन होता है जिनके अनुसार अपराधियों को सत्ता के प्रयोग से रोका जाना चाहिए। वर्तमान समय में जन प्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8 के अंतर्गत यह प्रतिबंध रिहा होने के बाद 6 साल है। इसकी प्रतिक्रिया में केन्द्र ने वर्तमान प्राविधानों का बचाव करते हुए तर्क दिया है कि आजीवन प्रतिबंध 'अनावश्यक रूप से कठोर' होगा और इसका अर्थ संसद को एक खास तरीके से कानून बनाने का निर्देध देना होगा जो न्यायिक शक्ति की सीमा से बाहर है। सरकार के प्रति-शपथपत्र में जोर दिया गया कि अनेक दंडात्मक कानून



एक समयबद्ध ढांचे में काम करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि अनावश्यक गंभीरता से बचने की आवश्यकता को देखते हुए प्रतिरोध संतुलित रखा जाए।

यह कानूनी दांवपेंच एक महत्वपूर्ण नीतिगत बहस की ओर संकेत करता है। क्या दोषसिद्ध राजनेताओं को चुनाव में सहभागिता में अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगाया गाजए या अयोग्यता का एक निश्चित कालखंड संवैधानिक तथा समानुपातिक है? सरकार का तर्क है कि अस्थाई रूप से दोषसिद्ध लोगों को बाहर रखने वाली वर्तमान व्यवस्था समानुपातिकता और तार्किकता के सिद्धान्तों का सम्मान करती है। उसके दृष्टिकोण से अयोग्यता को सीमित रखने की विधायी पसंद एक दंडात्मक व पुनर्स्थापना वाला उपाय है जो लोकतांत्रिक सहभागिता की अनुमति देता है। कानूनी बहसों से आगे राजनीतिक क्षेत्रों में आपराधिक चरित्र की बढ़ती लहर का मुद्दा बना हुआ है। राजनीति में आपराधिक तत्वों का प्रवेश न केवल लोकतांत्रिक संस्थानों की निष्ठा को खतरा पैदा करता है, बल्कि यह जनता का विश्वास भी तोड़ता है। आपराधिक व्यवहार के इतिहास वाले नेताओं के भ्रष्ट व्यवहारों में शामिल होने की संभावना अधिक होती है जो कानून के शासन को नुकसान पहुंचाते हैं। राजनीति का अपराधीकरण स्पष्ट होने के बाद से इस समस्या से निपटने के लिए कठोर उपायों का आह्वान हो रहा है। राजनीति का अपराधीकरण रोकने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है जो आजीवन प्रतिबंधों के सवाल से आगे जाता है। संसद को राजनीतिक उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर पुन: विचार कर उसे संभवत: कठोर बनाने का प्रयास करना चाहिए। चाहे यह कुछ गंभीर अपराधों के दोषसिद्ध राजनेताओं पर लंबे प्रतिबंध से हो या अतिरिक्त नियंत्रणों से, विधायी सुधारों का लक्ष्य आपराधिक व्यवहार वाले लोगों को हतोत्साहित करना होना चाहिए। दोषसिद्ध लोगों के आजीवन प्रतिबंध के पक्ष या विपक्ष में मजबूत तर्क हो सकते हैं पर सभी लोग एक चीज से अवश्य सहमत हो सकते हैं कि हमें अपनी संसद या राज्य विधानसभाओं में ऐसे दोषसिद्ध व आपराधिक चरित्र वाले लोगों की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में इसे करने का तरीका तय करना कठिन नहीं है, लेकिन सवाल यही है कि यह काम कौन करेगा?

# खैरातों की बढ़ती चुनौती

वर्तमान चुनौती केवल चुनावी वादे पूरे करना नहीं, बल्कि पहले से ही संकटग्रस्त राजकोषीय समीकरण ठीक करना है जो बेलगाम हो सकता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में दो तिहाई बहुमत से चुनाव जीतने के बाद रेखा गुप्ता नीत भाजपा सरकार को अपने चुनावी वादे पूरे करने के लिए पैसा एकत्र करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अन्य वादों के साथ ही भाजपा ने 'महिला समृद्धि योजना'-एमएसवाई के अंतर्गत हर महिला को 2,500 रुपये महीने देने, 500 रुपये में एलपीजी सिलिंडर तथा होली और दीपावली में मुफ्त सिलिंडर देने, तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रम पढ़ने वाले एससी छात्रों को 1000 रुपये प्रति माह स्टाइपेंड देने, केजी से पीजी तक जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त शिक्षा देने, दिल्ली मेट्रो में छात्रों को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने, झुग्गी बस्तियों में केवल 5 रुपये में भोजन देने वाली अटल कैंटीने स्थापित करने, आयुष्मान भारत योजना लागू करने तथा वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये का अतिरिक्त बीमा कवरेज देने के वादे किए हैं।

भाजपा ने पूर्व 'आप' सरकार की तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवस्थापना द्वारा लागू अन्य सभी योजनायें जारी रखने का वादा भी किया है जिसमें मुफ्त बिजली व मुफ्त पानी भी शामिल हैं। यदि हर महिला को 2500 रुपये देने वाली महिला समृद्धि योजना-एमएसवाई पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि दिल्ली में 18 साल से अधिक आयु वाली लगभग 6700,000 महिलायें हैं। इनको पैसा देने पर हर साल 20,100 करोड़ रुपये की जरूरत होगी। गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये की सहायता जोड़ने पर लगभग 1500,000 गर्भवती महिलाओं पर लगभग 3150 करोड़ रुपये सालाना खर्च होगा। यदि यह मान लिया जाए कि हर परिवार साल में 4 गैस सिलिंडर खर्च करता है तो होली व दीपावली पर दो मुफ्त सिलिंडरों के साथ यह खर्च लगभग प्रति परिवार 3000 रुपये सब्सिडी होगा। दिल्ली की वर्तमान जनसंख्या 330 लाख है।

यदि प्रत्येक परिवार में चार सदस्य हों तो यहां 82.5 लाख परिवार हैं। इस मद पर हर साल 2,500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार दिल्ली की जनसंख्या में लगभग 33 लाख गरीब लोग हैं जिनमें से 11 लाख 4-25 वर्ष आयु वाले छात्र होंगे। यदि भारत में हर छात्र पर न्यूनतम 20,000 रुपये खर्च आता हो तो शहर के सभी 'जरूरतमंद छात्रों' पर हर साल 2200 करोड़ रुपये खर्च होगा। अकेले इन चार वादों का भार दिल्ली सरकार के बजट पर 27,950 करोड़ रुपये होगा। अन्य 'खैरातें' इस बोझ को कई हजार करोड़ तक पहुंचा देंगी। यह लगभग 30,000 करोड़ तक हो सकता है।

वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में दिल्ली सरकार का कुल खर्च लगभग 76,000 करोड़ है। इसमें 61,000 करोड़ राजस्व खर्च तथा 15,000 करोड़ पूंजीगत खर्च है। इसके विपरीत कुल राजस्व लगभग 58,000 करोड़ है जिससे राजस्व घाटा लगभग 3,000 करोड़ होता है। यह स्थिति चिन्ताजनक है क्योंकि दिल्ली में अतिरिक्त राजस्व सृजन की दो प्रमुख संभावनायें हैं।

राज्य राजधानी क्षेत्र का विशेष दर्जा होने के कारण कानून-व्यवस्था, पुलिस और भूमि केन्द्र सरकार के क्षेत्र में आती है जिससे वह इन कामों पर खर्च करती है। दूसरा, दिल्ली आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र है, इसलिए वह पेट्रोल व डीजल पर वैट के साथ ज्यादा जीएसटी संग्रह कर सकता है। लेकिन कर्ज की ब्याज अदायगी पर खर्च को देखते हुए राजस्व घाटा बहुत बढ़ जाता है। दिल्ली जल बोर्ड पर 70,000 करोड़ तथा दिल्ली परिवहन निगम पर 60,000 करोड़ से अधिक कर्ज है। इन कर्जों की अदायगी पूरी तरह राज्य राजधानी क्षेत्र सरकार की जिम्मेदारी है और इसे बैलेंसशीट में दिखना चाहिए। वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा लगभग 18,000 करोड़ था जो 2023-24 के मुकाबले लगभग 80 प्रतिशत अधिक था।

> भाजपा ने पूर्व 'आप' सरकार की तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवस्थापना द्वारा लागू अन्य सभी योजनायें जारी रखने का वादा भी किया है जिसमें मुफ्त बिजली व मुफ्त पानी भी शामिल हैं।

यदि डीजेबी व डीटीसी द्वारा लिए कर्जों पर ब्याज पर गौर किया जाए तो यह साल दर साल इनके खातों में बढ़ता जा रहा है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री आतिशी ने केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय बचत फंड-एनएसएसएफ से 10,000 करोड़ रुपये कर्ज देने की प्रार्थना की थी।

राज्य की खराब वित्तीय स्थिति का कारण काफी सीमा तक बढ़ती खैरातें तथा विभिन्न योजनाओं के संचालन में व्याप्त अनियमिततायें एवं कुप्रबंधन है। इसके साथ ही 'आप' सरकार में प्रशासन असाधारण स्तर तक पंगु हो गया था। 2024-25 में केवल मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी पर लगभग 11,000 करोड़ रुपये खर्च हुआ। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी की रिपोर्टों के अनुसार, 2025-16 से 2021-22 तक डीटीसी का घाटा बढ़ कर 35,000 करोड़ रुपये हो गया जिसका मुख्य कारण मुफ्त बस यात्रा के साथ डीटीसी में व्याप्त कुप्रबंधन था। अब इस परिदृश्य में भाजपा द्वारा किए वादों के प्रभाव पर गौर करें।

मोदी ने गारंटी दी है कि वर्तमान योजनायें समाप्त नहीं की जाएंगी। इस प्रकार 11,000 करोड़ रुपये खर्च करने वाली मुफ्त बिजली योजना जारी रहेगी। इसके साथ ही दी गई नई गारंटियों पर कम से कम 30,000 करोड़ रुपये खर्च होगा। यदि अन्य सभी चीजें अपरिवर्तित रहें तो इनसे वित्त वर्ष 2024-25 में खर्च का संशोधित अनुमान 61,000 करोड़ रुपये से बढ़ कर 91,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। 58,000 करोड़ की राजस्व प्राप्ति को देखते हुए राजस्व घाटा 33,000 करोड़ हो जाएगा जो 2024-25 के बजट से 3000 करोड़ अधिक होगा।

नव-निर्वाचित सरकार ने यमुना का पानी स्वच्छ करने, स्वच्छ हवा देने, सड़कों के निर्माण व सुधार, ड्रेनेज व्यवस्थाओं को साफ करने तथा अस्पतालों व स्कूलों को सुधारने के वादे किए हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दिल्लीवासियों को अच्छी गुणवत्ता वाला जीवन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक भौतिक व सामाजिक ढांचागत परियोजनाओं की आवश्यकता है। इसका अर्थ है कि यदि सीई को 2023-24 के 22,000 करोड़ पर बहाल रखा जाए तो वह काफी नहीं होगा।

इस नाकाफी स्तर के बावजूद कुल खर्च 113,000 करोड़ हो जाएगा। यदि इसमें से 58,000 करोड़ की राजस्व प्राप्ति को घटा दिया जाए तो राजकोषीय घाटा 55,000 करोड़ बचेगा। सरल भाषा में कहा जाए तो केन्द्र को कम से कम 55,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था करनी होगी ताकि भाजपा दिल्लीवासियों से किए अपने चुनावी वादे पूरे कर सके।

# विलुप्त होती आदिवासियों की बोलियां



**विनय प्रकाश तिर्की**
रचनाकार 'तलाश' तथा 'द सिविल सरपेंट्स' के लेखक हैं।

कबीलियाई संस्कृति और अन्य सभ्यताओं से अलग-थलग रहने के कारण अधिकांश जनजातियों की अपनी अलग बोली विकसित होती चली गई। जनजातीय समाज बाहरी दुनिया से कम सम्पर्क में ही रहा, जिससे उनकी बोलियां स्वतंत्र रूप से विकसित हुई और वहीं दूसरी ओर भारत की ही कई जनजातियों की कबीलियाई संस्कृति के बावजूद आश्चर्यजनक रूप से अपनी अलग बोली नहीं है। भारत में संथाली, गोंडी, भीली, हो, कुंडुख़, मुंडारी, कोरकू, बिरहोर, कोरवा, हल्बी, खड़िया जैसी कई जनजातीय भाषाएं पाई जाती हैं। भारत की इन जनजातियों में आंतरिक विविधताओं के बावजूद एक ही जनजाति के अलग-अलग समूहों की बोलियां भी भिन्न नहीं है। छत्तीसगढ़ की ही जनजातियां जिनमें खैरवार, नागवंशी या नगेशिया, बिंझवार, सौंरा, कंवर आदि की वर्तमान में कोई बोली नहीं है जबकि ये जनजातियां भी अपने ही कबीले में रहती थीं, इनकी भी अपनी एक अलग संस्कृति विकसित होती चली गई। अब भी इन जनजातियों की अपनी परंपराएं, रीति-रिवाज, कस्बे और सामाजिक ढांचा पृथक ही हैं। पृथक-पृथक इनकी सांस्कृतिक विशिष्टता अब भी बची हुई है, पर भौगोलिक क्षेत्र में सामान्य रूप से बोली जाने वाली भाषाओं से ही ये परिचित हैं और लंबे समय से इन्हीं भाषाओं का इस्तेमाल कर रहीं हैं जैसे छोटानागपुर क्षेत्र में निवासरत जनजातियां वहाँ की सामान्य बोली 'सादरी' का प्रयोग कर रही है तो वहीं अन्य क्षेत्रों में निवासरत जनजातियां 'छत्तीसगढ़ी' बोली का प्रयोग कर रहीं हैं। सुरक्षा कारणों व भौगोलिक अलगाव के कारण कई जनजातियाँ पहाड़ों, जंगलों या दूरस्थ क्षेत्रों में बसी थीं, जिससे कई जनजातियों की भाषाएं बाहरी प्रभावों से मुक्त रहकर अलग बनी रहीं और विकसित हुई। वहीं दूसरी ओर इन सारी विशिष्टताओं के बावजूद कई जनजातियों की अपनी पृथक बोली न होना आश्चर्यजनक ही है। इन जनजातियों की पृथक बोली होने के वर्तमान में कोई प्रमाण भी नहीं हैं। ऐसा अनुमान ही लगाया जा सकता है कि इन जनजातियों की भी अलग-अलग बोलियाँ रही होंगी और कालान्तर में नष्ट हो गई। तथ्य यह भी है कि कई जनजातियां अन्य समुदायों के साथ घुलमिल जाती हैं, जिससे उनकी खुद की अलग बोली विकसित नहीं हो पाती। किसी अन्य नज़दीकी जनजाति या समुदाय की भाषा को ही अपना लेती हैं और अलग बोली विकसित करने की ज़रूरत महसूस नहीं करतीं। ओरांव जनजाति की अपनी एक पृथक बोली कुंडुख़ होने के बावजूद इस जनजाति के लोक गीतों व लोकनृत्य में कुंडुख़ गीतों के अतिरिक्त जन सामान्य द्वारा बोली जाने वाली सादरी बोली का भी समावेश हो गया। यह केवल अन्य समुदायों से सम्पर्क व प्रभाव के कारण एक तरह से इनके लोकगीतों में संक्रमण हो गया। यह भी उल्लेखनीय है कि इनमें से कई जनजातियों के अपने लोकगीत या लोक नृत्य भी नहीं हैं, जिससे कि उनकी विलुप्त हो चुकी बोलियों का पता भी लगाया जा सके। लोक गीत, लोक नृत्य किसी भी संस्कृति को बनाये और बचाये रखने में बहुत बड़ी सहायक होती हैं साथ ही पीढ़ियाँ आने वाली पीढ़ी को हस्तांतरित भी करती जातीं हैं, इस तरह ये चीजें संस्कृति के विभिन्न रूपों को आगे ले जाने के लिए एक संवाहक का कार्य भी करती हैं।

भारत और दुनियाभर में विभिन्न जनजातियां भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से अलग-थलग रहीं, जिससे उनकी भाषाएं और बोलियां भी विविध बनीं, पर कुछ जनजातियों की भाषाएं समय के साथ लुप्त हो गई हैं। यह भी संभव है कि भारत की ही कई जनजातियाँ मुख्यधारा की भाषा, क्षेत्रीय भाषा को ही अपनी भाषा के रूप में अपना लीं जिससे उनकी अपनी बोली विकसित नहीं हो सकी। कबीले में रहने के बावजूद उनके लोग धीरे-धीरे अन्य भाषाओं में समाहित हो गए, परंतु जिन जनजातियों की बोली अभी भी बची हुई है उन्हें आधुनिक युग में इसे बचाये रखने की एक बड़ी समस्या होती जा रही है। यूनेस्को ने कई बोलियों और भाषाओं को आगामी सौ साल में संवेदनशील, अति संकटग्रस्त व लुप्तप्राय सूची में वर्गीकृत किया है, जिसमें बिरहोर, कोरवा आदि बोली अति संकटग्रस्त सूची में शामिल हैं तो वहीं कुंडुख़, गोंडी, खड़िया, आदि बोली को कमजोर की श्रेणी में सूचीबद्ध किया है। ये सभी जनजातियाँ छत्तीसगढ़ में भी बसती हैं। प्रश्न यह भी है कि क्या जनजातियों की ये विशिष्ट बोलियां समय के साथ लुप्त हो जाएँगी या फिर अत्यंत कमजोर भी जाएंगी जिसके बोलने वाले भविष्य में शायद ही मिलें। लुप्तप्राय भाषा इसलिए क्योंकि इनके बोलने वाले एकदम कम संख्या में रह गए हैं या फिर ऐसी बोली या भाषा बोलने वालों की आबादी अत्यंत कम है या बहुत ही कम रह गये हैं। छत्तीसगढ़ की आदिम जनजाति में शामिल बिरहोर और कोरवा जनजातियों द्वारा बोली जाने वाली बोली अतिसंकटग्रस्त सूची में शामिल हैं। बिरहोर जनजाति की आबादी अत्यंत कम होने के कारण इनके साथ अस्तित्व का संकट तो है ही, साथ ही वर्तमान में दूसरे समुदाय की भाषा अपनाने और और उनमें समाहित हो जाने से उनकी बोली पर संकट और गहरा गया है। इसी तरह कोरवा जाति की बोली समाप्ति पर है, बहुत सारे कोरवा भी अपनी बोली से अनभिज्ञ हैं। बस्तर क्षेत्र में निवासरत हलवा जनजाति की बोली यद्यपि अभी भी जीवित है पर इसी जनजाति के शहरों के आसपास बसे लोग अपनी बोली से पूर्णतः अनजान हैं जैसे बालोद, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर आदि जिलों में बसे हलवा इसके उदाहरण हैं। इसी तरह गोंडी बोली मंडला, बस्तर और महाराष्ट्र के गडचिरौली के क्षेत्रों में जीवित तो है पर छत्तीसगढ़ के शेष भागों में बसे गोंड जनजाति से संबद्ध लोग अपनी बोली से पूर्णतः अनजान हैं। आश्चर्य ही है कि शिक्षा जनजातीय समाज को अपनी ही बोली से दूर कर रही है। यह भी पाया गया है कि पढ़ा लिखा जनजातीय समाज अपनी बोली ही बोली बोलने से ही लज्जा का अनुभव करता है। मैदानी भागों में आ बसे हलवा जनजाति के लोग बस्तर के हलवा समुदाय से वैवाहिक संबंध नहीं रखते। बहुत से आदिवासियों को अपनी बोली बोलने से अपने पिछड़े होने का भ्रम भी होता है, और तथाकथित सभ्य समाज और उच्च वर्गों के सामने अपने को बराबरी स्तर पर रखने के फेर में वे अपनी बोली से परहेज करते जा रहे हैं। इसी क्रम में वे अपनी विशिष्ट बोली से स्वतः दूर होते चले जाते हैं।

शिक्षा और रोजगार के अवसर अक्सर बहुसंख्यक समुदाय की भाषा में ही उपलब्ध होते हैं। जनजातीय बोलियाँ रोजगार उपलब्ध नहीं करा सकतीं, इससे इन भाषाओं को कम महत्व मिलने लगता है, और लोग मुख्यधारा की भाषा अपनाने लगते हैं। पूर्व में ईसाई मिशनरियों द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में संचालित स्कूलों में बहुसंख्यक भाषा यथा हिंदी और अंग्रेजी सिखाने के फेर में जनजातीय बच्चों को स्कूल में अपनी ही बोली बोलने से हतोत्साहित किया गया, अपनी ही बोली में बातचीत करने पर उन्हें दंडित भी किया जाने लगा। इससे एक तरह से जनजातीय बच्चे अनायास ही इस प्रकार सांस्कृतिक विस्थापन हेतु उन्मुख भी हुए। अच्छे इरादों के बावजूद इसका दुष्परिणाम भी हुआ। जनजातीय बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी भाषा का ज्ञान तो प्राप्त किया पर अनजाने में अपनी ही बोलियों से वे दूर होते चले गए।

हालांकि, कई आदिवासी समुदाय आज अपनी भाषा और संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। सरकारी नीतियाँ, शिक्षा में मातृभाषा का समावेश, और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने से स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है पर आज भी आधुनिकता और वैश्वीकरण के कारण कई जनजातीय बोलियाँ धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं या बड़ी भाषाओं में समाहित हो रही हैं। प्रश्न यह भी है कि वर्तमान में जीवित जनजातीय बोली को किस तरह बचाया जाए। इसी कड़ी में झारखंड की सरकार ने बहुसंख्यक कुंडुख़ छात्रों वाले स्कूलों में कुंडुख़ भाषा की शुरूवात की है। रांची, सिमडेगा तथा गुमला जिलों के कई स्कूलों में अब इसकी पढ़ाई हो रही है, ताकि नई पीढ़ी, पाठ्यक्रम और शैक्षिक सामग्री से अपनी भाषा से जुड़ाव महसूस करें। छत्तीसगढ़ सरकार ने कुछ वर्ष पूर्व कुंडुख सहित अन्य स्थानीय बोलियों को प्राथमिक पाठ्यक्रम में संरक्षित करने के उद्देश्य से इसे शामिल किया था परंतु कुछ ही दिनों बाद स्थिति ज्यों की त्यों है। कुछ जनजातियों के बुद्धिजीवी और जागरूक वर्ग इसे बचाये और बनाये रखने के लिए पहल किये हुए हैं, जिसमें मुंडारी, कुंडुख, गोंडी बोली शामिल हैं। कुंडुख़ भाषा के विद्वानों ने इस हेतु एक कुंडुख़ हिन्दी शब्दकोश भी तैयार किया है जिसमें प्रमुख रूप से फादर डॉक्टर अगापित तिर्की शामिल है, इसी तरह फादर जॉन लकड़ा ने बाइबिल का कुंडुख बोली में अनुवाद भी किया। गोंडी भाषा के विद्वान आचार्य मोती रावण कंकाली ने गोंडी शब्दकोश तैयार किया है। इन ग्रंथो को देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि एक जाति विशेष द्वारा बोली जाने वाली बोली भी कितनी विकसित हो सकती है। वर्तमान में इसी तरह कुछ अन्य जनजातीय समुदाय के विद्वानों ने भी अपनी बोली को विलुप्ति से बचाये रखने के लिए बीड़ा उठाए हुए हैं परंतु ऐसे बुद्धिजीवियों की संख्या गिनती में ही है। पढ़ा-लिखा जनजातीय समुदाय भी अपनी बोली के संरक्षण को लेकर उदासीन ही है, वे खुद ही अपनी संतानों को इससे दूर रखते जा रहे हैं।

## आप की बात

### नारी का अस्तित्व व पहचान

**बाबर** की वंशावली पढ़ कर महसूस हुआ कि मुझे अपनी वंशावली भी मालूम होना चाहिए। गंगागौर (पंडा) से अपनी 400 वर्षों की 14 पीढ़ियों की वंशावली प्राप्त कर उसकी विभिन्न शाखाओं को याद किया।अपनी मां, दादी के बारे में पूछने पर 1-2 पीढ़ियों की जानकारी देकर उन्होंने बताया कि पुरानी जानकारी उनके खानदान के गंगागौर के पास होगी। बुआ जी आदि के बारे में भी यही जवाब मिला।कितनी बड़ी विडंबना है। नारी का हिसाब पैदा करने वाला खानदान भी नहीं रखता। ससुराल वाले भी नहीं रखते।तो नारी का खानदान कौन सा है? कोई नहीं?खानदान को आगे बढ़ाने की कष्टप्रद जिम्मेदारी केवल स्त्री निभाती है। गर्भावस्था के कष्ट और डिलीवरी के समय जान का खतरा उठाना पति के खानदान को आगे बढ़ाने के लिए। प्रजनन प्रक्रिया में पति का रोल आम तौर पर सेक्स का आनंद उठाने जितना ही होता है। लेकिन हम बहन, बेटियों के परिवार का हिसाब नहीं रखते। वो तो परायी हो जाती हैं। हम पराये परिवार से आयी अपनी मां और पत्नी का हिसाब भी नहीं रखते।फिर सभ्यता, संस्कृति की बाते करने वाले इस देश में नारी को अपना कौन समझेगा? नारी का अस्तित्व और पहचान स्थापित करने के लिए सरकार को शुरुआती तौर पर सभी सरकारी रिकॉर्ड और पहचान पत्रों में मां का नाम लिखना अनिवार्य बनाया जाना चाहिए।

**- ललित दुबे**, रतलाम

### पशु-पक्षियों की भी सोचें

**वर्तमान** दौर में मौसम ने करवट बदल ली और गर्मी की दस्तक हों गई। गर्मी का मोसम हाय गर्मी उफ गर्मी में इंसान से पशु पक्षियों तक गर्म हवाओं और लू और तपन से बुरा हाल होता हे। गर्मियों की शुरुवात में और इस गर्मी के दौर में हमे मूक प्राणियों के जीवन सरक्षण के बारे में भी सोचना होगा। हम सभी को इन दिनों में पक्षियों के लिए घर घर सकोरे बांधकर पानी का इंतजाम पुख्ता रखना होगा। ताकि पक्षियों का आसानी से पानी प्राप्त हों जाएं। अक्सर पशु पक्षियों को पानी के आभाव में खान पान के आभाव में जीवन और मौत से रूबरू होते देखा है। हमारा कर्तव्य निष्ठा होनी चाहिए की मूक प्राणियों की खान पान की दुरस्त व्यवस्था होनी चाहिए। चोपालो पर वोटलो पर पानी की छोटी टंकिया, पशुओं के लिए पानी पीने की कारगर व्यवस्था ज़रूरी है। गर्मी के मौसम में मूक प्राणियों की उचित देखभाल और खान पान की समुचित व्यवस्था पुण्य और नेक कार्य है। हालाकि नगरीय प्रशासन द्वारा और समाज सेवी संस्थाएं इन कारगर नेक कार्यों के लिए कारगर रणनीति तैयार करती है और मूर्त रूप भी देती है। परंतु गर्मी के भीषण दौर में मूक प्राणियों पशु पक्षियों की जल पानी दाना पानी की सेवा हमारी संस्कृति सभ्यता की पहचान कायम करती है। क्यों न हम सभी संकल्प लें की मूक प्राणियों की उचित देखभाल और सकोरे रखकर दाना पानी की सेवा की अविरल गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ लेते रहें।

**- योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### ट्रंप-जेलेंस्की की तीखी बहस

**व्हाइट** हाउस स्थित ओवल ऑफिस में डोनाल्ड ट्रंप व यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलीदिमिर जेलेंस्की के साथ जो तीखी बहस हुई वह पूरी दुनिया ने देखी है । ट्रंप की फटकार व दबाव की परवाह किए बिना, जेलेंस्की ने जिस तरह से आंखों में आंखें डालकर बातें की वह तारीफ़ - ए - काबिल है । जेलेंस्की, अमेरिका के चौधरी ट्रंप के सामने झुके नहीं है । बातचीत व नोंक-झोंक के दौरान जेलेंस्की के निडर व साहसिक बॉडी लेंग्वेज ने सबको न केवल चौंकाया है, अपितु कायल कर दिया है। पूरा विश्व चाहता है कि रुस व यूक्रेन के बीच पिछले 3 वर्षो से चल रहा युद्ध बंद हो । लेकिन जेलेंस्की ने यूक्रेन के हितों व सम्मान को मद्देनजर रखते हुए सही कहा है कि हम दबाव में आने की बजाय हमारी सुरक्षा की गारंटी ज्यादा महत्वपूर्ण है । ट्रंप के समझौते प्रस्ताव पर जेलेंस्की का यह लाजवाब जवाब %सम्मान बेचने से बेहतर है, मिट्टी में मिल जाना% सबसे ज्यादा कायल करने वाला है । उनके तीखे तेवर अति आत्मविश्वासी थे । इसके विपरीत चंद दिनों पहले हमारे देश के प्रधानमंत्री अमेरिका गए थे । लेकिन वे ट्रंप के सामने कई मुद्दों पर आंखों में आंखें मिलाकर बात नहीं कर पाए। वे ट्रंप की खरी-खोटी, खिसियानी बिल्ली, की तरह अगले बगले झांकते हुए सुनते रहे। पूरी दुनिया ने देखा कि अड़ानी पर पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल पर भाव-भंगिमा ही बदल गई थी।

**- हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद

### मिलावट पर हो कार्रवाई

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने होली से पहले ही मिलावटियों और नकली दवाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चेतावनी दी है कि किसी भी खाद्य या दवाई में मिलावट (नकली) पायी गई तो विक्रेताओं व निर्माताओं को आर्थिक दंड के साथ ही सजा भी दी जाएगी. अच्छी बात है. मिलावटी पदार्थ व नकली दवाइयों के चलते बीमारियां बढ़ रही है. उसे दूर करना ही चाहिए. ठीक यूपी की तर्ज पर पूरे देश में मिलावटियों और नकली दवाई बनाने व विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि लोगों के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ न हो सके. इसके साथ ही एमआरपी पर भी नियंत्रण होना चाहिए. क्योंकि बहुत सी वस्तुओं के पैकेट पर ड्योढ़ा या इससे भी अधिक मूल्य तक अंकित रहता। कुछ व्यापारी तो कुछ प्रतिशत कम पर वस्तुएं बेचते हैं और कुछ तो अधिक मूल्य अंकित पर ही वस्तुएं बेच रहे हैं. इससे रोजाना ग्राहक लुट रहे हैं. अतः वाजिब मूल्य ही पैकेट पर अंकित हों इस पर सरकार ध्यान दे ताकि अधिक मूल्य देने से आम उपभोक्ताओं को रहत मिल सके।


**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# राष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिता ने एकता और शांति को बढ़ावा दिया

## युद्ध अखंड मानव समाज हेतु एक अनावश्यक कार्यक्रम विषय पर आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अखंड मानव समाज हेतु एक अनावश्यक कार्यक्रम विषय पर राष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिता जीवन विद्या-जन संवाद समूह (कच्छ), समाधान महाविद्यालय (बेमेतरा, छत्तीसगढ़), और अभिभावक हाई स्कूल (अछोटी एवं रायपुर) के संयुक्त तत्वावधान में 23 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित की गई। इस महोत्सव का उद्देश्य अखंड मानव समाज हेतु वैश्विक एकता और शांति पर सार्थक चर्चा को प्रोत्साहित करना था। प्रथम सत्र में 23 फरवरी को चयनित स्नातकोत्तर प्रतिभागियों ने अपने निबंध प्रस्तुत किए, जिसमें सदभावना और सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने पर गहन विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में मध्यस्थ दर्शन समूह के सदस्य, शिक्षक, विद्वान और समाजसेवी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यस्थ दर्शन के विद्वान व वसुधैव कुटुंबकम पुस्तक के सह-लेखक डॉ. सुरेंद्र पाठक थें। चयनित प्रस्तुतकर्ताओं में महेंद्र सिंह, चंद्रकिरण, रेखा शर्मा, ओमवीर, लतिका, म्युस स्कूल के प्रधानाचार्य नूर दिन पंजवानी और जनक पटेल शामिल थे। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित, समन्वित और संयोजित करने में नीरू पुरी, गणेश, संध्या खन्ना और शालिनी जनक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वेबिनार का सीधा प्रसारण 'शालिनी जनक' यू - ट्यूब चैनल पर किया गया। द्वितीय सत्र 25 फरवरी को स्नातक वर्ग की चर्चा मुख्य अतिथि मेधस्वी किड्स की फाउंडर शालू अग्रवाल के नेतृत्व में हुई, जिसमें अर्चना यादव ने कार्यक्रम संचालन किया। चयनित प्रस्तुतिकर्ताओं में खुशबू, दीपक, ललित, नेतराम, नागेश्वर एवं नामेंद्र सिंह जगत ने बेहद शानदार तरह से विषय को रखा। तृतीय सत्र में 27 फरवरी को कक्षा 11वीं व 12वीं वर्ग की चर्चा में मुख्य अतिथि मानव व्यवहार दर्शन पुस्तक के अंग्रेजी अनुवादक राकेश गुप्ता रहें व इसका संचालन सुकृति खन्ना व जनक पटेल ने किया। चयनित प्रस्तुतिकर्ताओं में कौशल, मीनाक्षी, ध्रुव, सारा, गुंजन एवं कशिश ने विषय को बखूबी रखा। चतुर्थ सत्र 1 मार्च को कक्षा 9वीं व 10वीं वर्ग की चर्चा में मुख्य अतिथि अभिभावक विद्यालय की प्रधानाचार्य अनिता शाह की अध्यक्षता में हुई, जिसे जनक पटेल और शिवांगी यादव ने संचालन किया। चयनित प्रस्तुतिकर्ताओं में काशवी, स्वाती, वेदांत, कीर्तन, परिधि, विनीता, अपर्णा, सिद्धांत और वृत्ति ने विषय को रखा। अंतिम सत्र 2 मार्च को कक्षा छठवीं, सातवीं व आठवीं वर्ग की जनचर्चा में मुख्य अतिथि समाधान महाविद्यालय के निर्देशक डॉ. अवधेश पटेल रहे तथा इसे श्रेयांशी पाटनी व गणेश खन्ना ने संचालन किया। चयनित प्रस्तुतिकर्ताओं देव, सांची, श्राव्या, राशि, निधि, सरमीन, श्रुति, मुस्कान, आर्य ने विषय को रखा। सर्वाधिक भागीदारी करने वाले विद्यालयों में आनंद निकेतन स्कूल अहमदाबाद, मुनि इंटरनेशनल स्कूल दिल्ली, समाधान महाविद्यालय बेमेतरा, आत्मीय शिशु मंदिर राजकोट, प्रेरणा विद्यालय, कठिया बेमेतरा, मुस्लिम एजुकेशन स्कूल भुज, ढोलकिया निर्माण स्कूल सूरत, घनश्याम विद्यालय नारनपर कच्छ, सेंट जेवियर स्कूल मुंद्रा, स्कूल ऑफ को एग्जिस्टेंस दिल्ली, साधु राम विद्या मंदिर रायपुर, एस एम हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत, हरियाणा आदि रहे। इस पूरे महोत्सव के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में, जब संघर्ष और युद्ध लगातार बढ़ रहे हैं, यह आवश्यक है कि हम अपनी सामूहिक ऊर्जा को शांति, संवाद और सह-अस्तित्व की ओर केंद्रित करें।

# पुलिस चौकी संबलपुर में कोटवार सम्मेलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के पुलिस चौकी संबलपुर क्षेत्रांतर्गत के ग्राम कोटवारगण का कोटवार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन पुलिस चौकी संबलपुर परिसर में किया गया। इस सम्मेलन में ग्राम कोटवारो को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में बताया व महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही पुलिस और प्रशासन का सक्रिय सहयोग करने के लिए बताया गया। एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने कोटवारों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ग्राम के सुरक्षा कवच है और अपनी जिम्मेदारी बखूबी से निभाएं और ग्रामो में होने वाली अवैध गतिविधियां जिनमें अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा आदि व अन्य अपराधिक गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्वों के बारे में गोपनीय रूप से जानकारी देने और ऐसे लोगो पर निगरानी रखने को निर्देशित किया गया। सभी को आपसी भाई चारे के साथ रहकर शांति व्यवस्था बनाये रखने, किसी भी असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आने तथा उन्होने अफवाहों से बचने, शांति व्यवस्था बनाये रखने, हम सब को मिलकर समस्या के समाधान की दिशा में कार्य करना है। साथ ही साइबर फ्राड के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान कर सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह ने कहा कि गांवो में बाहरी लोगों की आवाजाही, असामाजिक तत्वों व अवैध कारोबारी में लिप्त लोगो एवं सोना-चांदी चमकाने के नाम पर ठगी करने वालो पर कड़ी नजर रखने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल के लिए शांति व्यवस्था बहुत जरूरी है किसी भी के बहकावे में नहीं आना है। हरहाल में हमें सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखना है। ग्राम कोटवारों को आपसी तालमेल व समन्वय स्थापित करने व बेहतर तरीके से सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने की बात कही गई। उक्त सम्मेलन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं पुलिस चौकी संबलपुर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री, पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि जितेन्द्र कुमार कश्यप, प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत, आरक्षक अमित यादव, मनोज यादव, भुषण राजपूत, धनंजय राजपूत, कमलेश साहू, फत्ते पाटिल सहित अन्य स्टाफ व पुलिस चौकी संबलपुर क्षेत्रांतर्गत के ग्राम कोटवारगण उपस्थित रहे।

# पुत्र ने अपने एवं पिता के जन्मदिन पर लगाए पौधे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम कठिया रांका पर्यावरण प्रेमी संगठन के सहयोग से हाई स्कूल मैदान कठिया रांका में भूपेंद्र साहू रांका के द्वारा अपने व पिता नारायण साहू के जन्मदिन के अवसर पर आम और गुलमोहर का दो पौधा लगाया गया। उल्लेखनीय है कि पिता-पुत्र दोनों का जन्म एक ही तारीख को हुआ है। पिता मजदूरी करने के लिए बाहर गए हुए हैं, इस कारण से पुत्र के द्वारा अपने एवं पिता के नाम पौधा लगाया गया। वृक्षारोपण में संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, उपाध्यक्ष परदेसी, सचिव गणेश, सदस्यगण भूपेंद्र, गणेश सेठ, अक्षय, किसन, डिकेन्द्र, नारायण साहू, रामकृष्ण सेन खोमन चंद्राकर, चम्मन निषाद, सुनील बल्लू आदि उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



टीबी (क्षय रोग) मुक्त भारत अभियान के तहत पंडित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल सेक्टर 9 भिलाई के चेस्ट विभाग के एचओडी डॉ सोनाली त्रिवेदी एवं कन्सलेन्ट डॉ अतुल के द्वारा 01 मार्च को दल्ली यंत्रीकृत खदान के बाटम केन्टीन में टी बी रोग रोकथाम एवं निदान विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया जिसमें दल्ली यंत्रीकृत खदान के नियमित एवं ठेका श्रमिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं इस अवसर पर महाप्रबंधक (एसआरपी) एवं उप महाप्रबंधक (सेफ्टी एवं टी एन्ड डी) विशेष रूप से उपस्थित थे इनके द्वारा भी दल्ली यंत्रीकृत खदान एवं भारत देश में टीबी मुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की गई।

# कांग्रेस को लगा बड़ा झटका, दो पूर्व पार्षद समेत कई प्रमुख कांग्रेस नेता भाजपा में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित होकर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक दीपेश साहू के समक्ष कई प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद रानी सेन, पूर्व निजी सचिव विधायक बेमेतरा भोजेन्द्र निर्मलकर, बेमेतरा विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी डेनिम सेन एवं पूर्व पार्षद जया साहू शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने भाजपा की रीति-नीति, संगठन की मजबूत संरचना और जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने भाजपा गमछा पहनाकर सभी नवप्रवेशी नेताओं का भाजपा परिवार में स्वागत किया और कहा कि पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों का भाजपा में आना यह दर्शाता है कि भाजपा ही प्रदेश और देश के विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह संगठन सदैव राष्ट्रहित और जनसेवा को प्राथमिकता देता है। नए सदस्यों ने भाजपा की विचारधारा को आत्मसात करते हुए पार्टी को और मजबूत करने का संकल्प लिया। भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं ने कहा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व पार्षद रानी सेन ने कहा कि कांग्रेस में अब संगठनात्मक एकता और जनसेवा की भावना समाप्त हो चुकी है। पार्टी केवल व्यक्तिगत स्वार्थ और गुटबाजी में उलझी हुई है, जिससे आम कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक संगठित और अनुशासित पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता को समान अवसर मिलता है। पूर्व निजी सचिव विधायक बेमेतरा भोजेन्द्र निर्मलकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विश्नुदेव साय की नीतियों से प्रेरित होकर उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। भाजपा सरकार की योजनाएं वास्तव में जनता के हित में हैं और प्रदेश के विकास को नई गति दे रही हैं। बेमेतरा विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी डेनिम सेन ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली और जनकल्याणकारी योजनाओं ने उन्हें आकर्षित किया। कांग्रेस में रहकर जनता की सेवा करना अब संभव नहीं था, इसलिए उन्होंने भाजपा का हाथ थामा। पूर्व पार्षद जया साहू ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। कांग्रेस में सिर्फ वादे किए जाते हैं, लेकिन भाजपा सरकार विकास के कार्यों को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ भाजपा को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगी। सभी नेताओं ने भाजपा की सदस्यता लेकर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता रेवा राम निषाद दीना नाथ साहू ओमेश्वरी साहू रानू साहू सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय सतनाम सेना संगठन ने गिरौदपुरी तीर्थ दर्शानार्थियों का कुम्हारी में किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महान संत शिरोमणि आध्यात्मिक गुरु घासीदास बाबा जी के जन्म स्थल छत्तीसगढ़ की धरोहर पावन धरा चंदन माटी गिरौदपुरी तीर्थ धाम में 4 मार्च 2025 दिन मंगलवार पंचमी से तीन दिवसीय 4, 5, 6 मार्च वर्ष 2025 भव्य संत समागम, गुरुदर्शन मेला उत्सव का आयोजन सम्पन्न होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में देश-प्रदेश के दूर दूर स्थानों से गिरौदपुरी तीर्थ धाम जाने वाले दर्शनार्थियों का आज स्वागत सत्कार, चंदन-वंदन, अभिनंदन कर प्रसाद वितरण एवं स्वल्पाहार अखिल भारतीय सतनाम सेना संगठन के तत्वावधान में बजरंग चौक, कांजी हाऊस, न. पा. प. कुम्हारी में किया जाएगा। अखिल भारतीय सतनाम सेना संगठन अध्यक्ष अश्विनी देशलहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि, प्रातः 10 बजे से दीप प्रज्वलित कर गुरुघासी दास बाबा जी की मंगल आरती जयकार के साथ पूजा अर्चना आरंभ की जाएगी। इस आयोजन में समस्त संत समाज एवं नगरवासी समता, समरसता के श्रद्धाभाव से गिरौदपुरी तीर्थधाम दर्शनार्थियों के स्वागत सत्कार, चंदन-वंदन, अभिनंदन एवं प्रसाद वितरण भण्डारा हेतु इस पुनीत कार्य में तन मन धन से सहयोग के लिए सहर्ष, स्वस्फूर्त अपना अमूल्य योगदान प्रदान करते हैं।

# निर्धन परिवार में मृत्यु होने पर 3,500 रुपए आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका चुनाव के समय अनेक प्रत्याशियों द्वारा घोषणा पत्र जारी किया गया था, जिसमें कई वायदे किए गए थे। किंतु इन सब से हट कर निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी टी.ज्योति द्वारा चुनाव में बिना घोषणा पत्र के जनता के बीच कुछ वायदे किए थे, उनमें से एक वायदा में पार्षद द्वारा कहा गया था कि वार्ड 26 नेहरु नगर दल्लीराजहरा बस्ती क्षेत्र के किसी निर्धन परिवार में अगर किसी की मृत्यु हो जाती है तो तत्काल 3,500 रुपए आर्थिक सहायता दिया जाएगा। ताकि बस्ती क्षेत्र में बसे हुए लोगों को कुछ राहत मिल सके। टी.ज्योति पार्षद ने अनिल किराना के पीछे बस्ती क्षेत्र में बसे परिवार के घर में किसी व्यक्ति के कुछ दिन पूर्व ही मृत्यु होने पर तत्काल 3,500 रुपए देकर आर्थिक सहायता किया। चुनाव के समय जो वायदे किए वो उन्होंने निभाए, शपथ ग्रहण होने से पूर्व ही वायदे निभाना शुरू कर रही टी.ज्योति पार्षद वार्ड 26 की सक्रिय पार्षद है। जनता ने इनकी सक्रियता को देखते हुए तीसरी बार इस चुनाव में विजयी बनाए। टी.ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि वार्ड की जनता मेरा परिवार है इस परिवार में दुख सुख में सदा खड़ी रहूंगी व मुझे समाजसेवा करने का तीसरी बार मौका दिया है इसके लिए मैं वार्ड की जनता का सदा आभारी रहूंगी व शासन की योजनाओं को जनता तक लाभ दिलाऊंगी व विकास कार्य वार्ड में ज्यादा से ज्यादा करवाऊंगी।

# पूर्व पार्षद का आरोप जबरदस्ती विधायक कार्यालय में मुझे भाजपा का गमछा पहनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगर पालिका परिषद बेमेतरा के पूर्व पार्षद जया साहू ने कहा कि बेमेतरा के विधायक दिपेश साहू के कार्यालय में बुलाकर मुझे दबाव, धमकी देते हुए भाजपा का गमछा पहना दिया गया। मैं बार-बार यह कहती रही कि मैं कांग्रेस पार्टी की निष्ठावान कार्यकर्ता हूं और मैं कांग्रेस पार्टी की सेवा करती रहूंगी। मुझे पार्टी ने कांग्रेस का पार्षद जैसे पद पर सुशोभित किया है। पार्टी ने मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को हमेशा सम्मान दिया है। मैं पार्टी से बाहर जाने की कभी सोच भी नहीं सकती। पार्टी ने नगर पालिका चुनाव में अनुशासनहीनता बरतने वालों पर जो कार्यवाही की है वह बिल्कुल जायज है। मैं पूरी तरह से कांग्रेस के प्रति निष्ठावान हूं। मेरा परिवार कई वर्षों से लगातार कांग्रेस की सेवा करते आ रहा है, भाजपा में शामिल होने की खबर पूरी तरह झूठी है। मेरी निष्ठा कांग्रेस पार्टी एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के प्रति सदैव बनी रहेगी।

# जरूरत मंद मरीजों के लिए रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



आस पास के ग्रामीण क्षेत्र से आए जरूरत मंद मरीजों के लिए रक्त की कमी को देखते हुए डोनेट ब्लड वेलफेयर फाउंडेशन डीबी ग्रुप दल्लीराजहरा के द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया जिसमें शहर के रक्तवीरों ने रक्तदान किया। आने वाले गर्मी के समय रक्त की कमी होने से जरूरतमंद को राहत पहुंचाने के लिए युवा साथियों ने नगर के शहीद ब्लड बैंक के साथ मिल कर शिविर को सफल किया गया। जिला अध्यक्ष लक्ष्मण देवांगन एवं कोषाध्यक्ष सुमित जैन ने बताया शहर के रक्तदाता एवं डीबी स्टार महिला टीम का सराहनीय योगदान रहा। सभी युवा साथियों ने रक्तदान कर के ग्रामीण क्षेत्र से आए मरीजों के लिए रक्तदान किए डीबी स्टार महिला टीम की सदस्य अनिता साहू नाज मेमन एवं माधुरी करपाल ने आगे बताया डीबी महिला टीम से सभी नारी शक्ति का सराहनीय सहयोग मिला। शिविर का शुभारंभ भारत माता की आरती से किया गया। इसके बाद रक्तदान शिविर सुचारू रूप से शुरू किया गया। प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष दीपक साहू ने बताया रक्तदान के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से संस्था के द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर कराया जाता है अल्प आयु में नवजवान को हार्ट अटैक आना ये विचारणीय है। रक्तदान करते रहने से समय रहते हमें गंभीर बीमारी का पता चल जाता है। साल में 3 बार रक्तदान करे। संस्था का यही उद्देश्य है लोग स्वस्थ रहें और अपने स्वास्थ के लिए जागरूक होए कार्यक्रम में उपस्थित शहीद अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ. शैबाल जाना ने रक्तदान के फायदे बताए। रक्तवीरों को बधाई दी संस्था के द्वारा नेक सेवा कार्य के लिए सराहना किए। दल्लीराजहरा नगर थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने हेलमेट के फायदे बताए सभी से अपील किए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाए मोबाइल से बात ना करे किसी भी प्रकार से नशा कर के वाहन चलाने से बचे स्वयं सुरक्षित रहे और लोगो को जागरूक करे डीबी ग्रुप के द्वारा 57 यूनिट रक्तदान व रक्तदान के लिए जागरूकता अभियान का बधाई दिए। तहसील साहू समाज के अध्यक्ष युवराज साहू अपने टीम के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किए समाज के तरफ से इस नेक कार्य के लिए साहू सदन निःशुल्क प्रदान किया गया। संस्था के प्रदेश सचिव पवन सोनी ने बताया डीबी स्टार महिला की टीम से सोनम भुवार्य हिमानी पाण्डे कामेश्वरी धनकर, देवंतीन पारकर ममता मानकर रंजना साहू ऊषा साहू, अनीता साहू रक्तदान किए नारीशक्ति रक्तदान के लिए आगे आ रहे है। साहू समाज के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किए सदस्य नियाज़ खान, ऋषि ठाकुर, भरत देवांगन, क्षितिज हुमने ने कहा बालोद जिले में रक्तदान शिविर के लिए सभी को जागरूक किया जाना है ताकि युवा वर्ग रक्तदान के प्रति जागरूक हो सके। डीबी स्टार महिला टीम से दामिनी साहू, शिवानी मानिकपुरी, सावित्री सोनी, ममता मानकर, पम्मी सलामे, सुनीता कडपति, सुषमा साहू अनुराधा सिंग राजेश्वरी साहू देवांतिन पारकर रेणुका साहू द्रोपति साहू सोनम भुवार्य यमुना साहू एवं डीबी टीम से शिवा सूर्यवंशी दानेश आर्य संतोष रात्रे सूरज गुप्ता हेमंत गौतम कोमल ठाकुर नारायण साहू लोमेश साहू आदि टीम के समस्त सदस्यगण उपस्थित थे।

# डब्ल्यूबीएफ महिला इकाई ने मनाया होली मिलन एवं महिला दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बेमेतरा के फूड प्लाजा रेस्टोरेंट में डब्ल्यूबीएफ महिला इकाई बेमेतरा द्वारा महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शहर अध्यक्ष रानी दुबे एवं सांस्कृतिक सचिव मंजू शर्मा द्वारा सभी महिलाओं का कुमकुम टीका लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने महिला दिवस को ध्यान में रखकर महिलाओं के सम्मान हेतु अलग-अलग उदबोधन दिए। सांस्कृतिक सचिव मंजू शर्मा द्वारा गायन एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात शहर अध्यक्ष रानी दुबे द्वारा सभी महिलाओं को उपहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के पकवानों और पेय पदार्थ की भी व्यवस्था डब्ल्यूबीएफ समूह द्वारा की गई थी। डब्ल्यूबीएफ समूह द्वारा यह एक बहुत ही सराहनीय प्रयास था, जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिला अध्यक्ष कनक लता मिश्रा द्वारा ऐसे रोचक एवं मनोरंजक कार्यक्रम डब्ल्यूबीएफ समूह द्वारा आगे भी करने का आश्वासन दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कनकलता मिश्रा रानी दुबे मंजू शर्मा दीपा भट्ट विजेता दुबे अनु दुबे अंजना तिवारी अनु पांडे मनीष शर्मा सरोज तिवारी वंदना तिवारी आशा तिवारी वीणा शर्मा इला शर्मा करुणा तिवारी श्वेता तिवारी एवं शशि किरण तिवारी उपस्थित रही।

# रेलवे स्टेशन में कैशलेस भुगतान के चक्कर में हो रहा विवाद, यात्री कह रहे हैं हम नहीं चलाते फोन पे सिस्टम, तो क्या यात्रा कर दे रदद

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com




भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में देश की सत्ता संभालने के बाद पूरे देश में कैशलेस को लेकर एक अभियान चलाया तथा नोटबंदी के बाद जहां सरकार ने कैशलेस को जोर देते हुए ऑनलाइन भुगतान को लेकर लोगों को जागरूक किया किंतु कैशलेस भुगतान एवं ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों से भी लोग डरने लगे तथा लोगों ने मोबाइल फोन के माध्यम से लेनदेन को दरकिनार करते हुए नगद भुगतान की व्यवस्था पर ही फिर से चलना चालू किया, किंतु वर्तमान में दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे रेल मंडल बिलासपुर ने अपने अधीनस्थ सभी रेलवे स्टेशनों के टिकट काउंटर पर बैठने वाले पीआरएस अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि- सभी स्टेशनों को सलाह दी जाती है कि वे उन स्थानों पर यूटीएस या पीआरएस कैश लेनदेन के लिए केवल एक काउंटर खोलें, जहां एक से अधिक काउंटर चालू हैं। अन्य काउंटरों का उपयोग केवल डिजिटल भुगतान के लिए किया जाएगा। इसे 04/03/25 से सुनिश्चित किया जाना चाहिए,एवम सभी समूह बुकिंग अनुमतियाँ जो हमारे कार्यालय द्वारा जारी की जाती हैं, केवल ऑनलाइन भुगतान स्वीकार किया जाएगा। रेलवे मुख्यालय ने पीआरएस कर्मचारियों को आदेश तो जारी कर दिया, किंतु वर्तमान में शक्ति रेलवे स्टेशन में स्थिति को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि यह व्यवस्था चल पाएगी तथा यात्री ट्रेनों के आने से कुछ मिनट पहले ही स्टेशन पर पहुंचते हैं, तथा कैशलेस लेनदेन करने के लिए न्यूनतम 2 मिनट का समय एक यात्रियों को लगता है, तथा टिकट लेने के बाद जब तक उक्त यात्री का भुगतान नहीं होता तब तक कर्मचारी दूसरे को टिकट नहीं दे सकता, ऐसी स्थिति में भीड़भाड़ की स्थिति में कर्मचारी भला क्या करेगा तथा जब रेल यात्री से पीआरएस कर्मचारियों द्वारा कैशलेस भुगतान की बात कहते है, तो अधिकांधतःयात्री एक टका सा जवाब देते हैं कि हम फोन पर ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था नहीं चलाते तो क्या हम यात्रा रद्द कर दें, तो ऐसी स्थिति में पीआरएस कर्मचारी भी क्या करेगा तथा दिन भर में अगर एक-एक यात्री से इसी तरह से बहस की स्थिति होती रही तो भला अन्य रेल यात्री क्या करेंगे रेलवे प्रशासन का आदेश अपनी जगह सही है तथा कैशलेस भुगतान को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक अच्छी पहल है, किंतु लोगों की मानसिकता कैशलेस भुगतान की ओर नहीं बढ़ पा रही है, और इसका सबसे बड़ा कारण साइबर अपराध हैफोन पर ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था रखने से अनेकों बार साइबर अपराधी फोन को हैक कर खातों से पैसे निकाल ले रहे हैं, जिससे लोग डरने लगे हैं तथा लोग फोन का उपयोग सिर्फ संदेश आदान-प्रदान के लिए ही करना चाहते हैं। तथा शक्ति रेलवे स्टेशन में पीआरएस कर्मचारियों के लिए यह एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है, तथा रेलवे ने 04 मार्च से इसे लागू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं, किंतु 4 मार्च को क्या स्थिति बनेगी यह तो समझ से परे है, तथा रेलवे का कहना है कि 20त्न तक ही नगद भुगतान लिया जाए एवं इससे अधिक कैशलेस भुगतान लिया जाए, शक्ति भले ही जिला मुख्यालय हो किंतु आज भी यहां ग्रामीण आबादी ही अधिकतम आकर रेलवे में यात्रा करती है, तथा संपन्न लोग तो अपने स्वयं के वाहनों से ही अधिकतर यात्रा करते हैं, तथा ग्रामीण क्षेत्र में कैशलेस भुगतान से यात्रा टिकट का भुगतान करना कठिन है, एवं शक्ति के रेलवे स्टेशन में इंटरनेट की भी बहुत बड़ी समस्या है,एवं कैशलेस भुगतान भी पूरा इंटरनेट पर ही टिका हुआ है,तथा कई बार ट्रांजैक्शन फेल हो जाते हैं, एवं कैशलेस भुगतान की व्यवस्था सही ढंग से नहीं चल पाती, ऐसी स्थिति में क्या होगा,रेलवे को इस पर भी विचार करते हुए आवश्यक निर्णय लेने चाहिए, जिससे रेल यात्रियों को यात्रा करने में भी कोई असुविधा न हो, तथा कैशलेस भुगतान की दिशा में भी आवश्यक प्रयास हो सके।

# विश्व रंग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 पोस्टर का हुआ विमोचन

पायनियर संवाददाता ≺ चांपा
www.dailypioneer.com



विश्व रंग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 का पोस्टर लोकार्पण का कार्यक्रम का आयोजन जांजगीर चांपा जिले के शासकीय एम एम आर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा में किया गया। आइसेक्ट समन्वयक मूलचन्द गुप्ता ने विश्व रंग फाउंडेशन एवं डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड 2025 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह आयोजन हिंदी दिवस 14 सितंबर से विश्व अनुवाद दिवस 30 सितंबर 2025 के मध्य भारत सहित विश्व के 50 से अधिक देशों में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा अलग अलग स्तर पर विजेताओं को 1 करोड़ रुपए तक का आकर्षक इनाम भी दिया जाना है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विश्व रंग फाउंडेशन भारत एवं डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विश्व रंग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 के पोस्टर का विमोचन का कार्यक्रम जांजगीर चांपा जिले के शासकीय एम एम आर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय एम एम आर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा के प्राचार्य डॉ. बी डी दीवान ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड 2025 के लिए आयोजकों को शुभकामनायें दी और कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों के लिए एक अत्यन्त रोचक विषय है जिससे उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा साथ ही भारत सहित 50 से अधिक अन्य देशों में भी हिंदी की पहुंच स्थापित होगा। विशिष्ठ अतिथि प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवन्त सिंह सलूजा ने कहा कि भारत सहित देश के 50 से अधिक देशों में यह आयोजन किया जा रहा है जिससे निश्चित ही हिंदी भाषा को एक नई पहचान मिलेगी और प्रचार प्रसार में सहायक भी होगा। विशिष्ठ अतिथि शासकीय हाइस्कूल औराईकला जांजगीर चांपा की व्याख्याता रेखा गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों के कौशल में निखार आता है और उन्हें प्रोत्साहन मिलता है, यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए तथा हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार और विस्तार के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

# लीड छत्तीसगढ़ : पीएसी की परीक्षा देने हेतु प्रवेश परीक्षा में पहुंचे 65 विद्यार्थी

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



शिवाक्षा फाउंडेशन के द्वारा लीड 36 गढ़ का प्रवेश चयन परीक्षा शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में संपन्न हुई है, लीड 36 गढ़ कार्यक्रम के तहत नेतृत्व साधना केंद्र रायपुर के द्वारा पीएससी की निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में 33 जिलों के 37 परीक्षा केंद्रों में किया गया। ज्ञातव्य है कि नेतृत्व साधना केंद्र आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को पीएससी की निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान करता है जिसमें एक ही कैंपस में कोचिंग और आवास की सुविधा है।यह संस्था 2020 से छत्तीसगढ़ में संचालित है। संस्था के डायरेक्टर चंद्रेश कुमार साहू है जिन्होंने यह कार्यक्रम चलने का बीड़ा उठाए है । इस संस्था के द्वारा श्च्ह्यष्ठ प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू की तैयारी साथ साथ कराता हैं।। यह परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। सक्ति जिले के परीक्षा केंद्र शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में परीक्षा आयोजित किया गया। कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 174 थे जिसमें 65 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा के आब्जर्वर के रूप में नीलकमल चंद्रा और उनके सहयोगी में राधा कंवर अर्चना जो कि इस संस्था के छात्रा हैं। परीक्षा केंद्र संस्था के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले के नेतृत्व और केंद्राध्यक्ष प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना) के निर्देशन में सफलतापुर्वक संचालित किया गया। विक्षक के रूप में प्रो मुन्ना लाल सिदार प्रो महेंद्र यादव प्रो संतोष जांगड़े उपस्थित रहे। परीक्षा संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों अभिषेक,पायल बिट्टू जग बाई संध्या चौहान प्रिया मैत्री और प्रियंका का विशेष योगदान था।

# डिस्ट्रिक्ट साइंस कांपटीशन में सक्ती के अनुनय कॉन्वेंट स्कूल के छात्र चिरायु ने हासिल किया प्रथम स्थान

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर के प्रतिष्ठित संस्थान अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं छात्र चिरायु गवेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, विज्ञान एवं संचार प्रौद्योगिकी परिषद के निर्देशन में देशभर में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है. इसी के तहत जिला शिक्षा विभाग के द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इस आयोजन में छात्र चिरायु ग्वेल विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम रहा तथा हेमंत निषाद क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय तथा रुद्र प्रताप निषाद क्विज प्रतियोगिता में ही तृतीय स्थान में रहे. इनके साथ-साथ भाग लेने वाले विद्यार्थियों में इंग्लिश क्वीज में तथा ड्राइंग में कृष्णा पटेल, देवांशी यादव, हिमानी सिंह, स्नेहा अग्रवाल, चांद गबेल , भावना बरेठ. कृतिका चंद्रा, परिणीति कास्यकार, नेहा साहू मॉडल प्रतियोगिता में एवं चाहत पटेल शुभम राठौर, लोक अग्रवाल अहमद एवं विश्व प्रताप, ओजस सिंह , अंश एवं लिसा राठौर आंचल वर्मा ,भूमिका राठौर , नविता उपाध्याय, भूमिका जैन अवनी शर्मा, पिया जायसवाल विद्यार्थियों ने भाग लिया. सहयोगी शिक्षक के रूप में कुमकुम सोनी, मयंक साहू, भगवती साहू, सूरज कुमार अनामिका केसर एवं मोनिका पटेल का योगदान रहा. संस्था प्रमुख योगेश साहू, ममता पटेल किरण श्रीवास, अजय कुमार निखिल साहू, सीमा पटेल, उमानंद पटेल, मधुलता सोनी आदि सभी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है एवं ऐसे ही सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए अपना ज्ञान बढ़ाते रहने के लिए के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# पीएनबी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने किया सीए आयुष गर्ग को सम्मानित



पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

एक कार्यक्रम के दौरान देश की प्रतिष्ठित बैंकिंग संस्था पंजाब नेशनल बैंक में अपनी विभिन्न योजनाओं तथा ग्राहकों के लिए चलाई जा रही बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट आयुष गर्ग को सम्मानित किया है, इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एम परमशिवम सहित बैंक प्रबंधन के अधिकारी- कर्मचारी एवं उद्योग जगत से जुड़े उद्योगपति एवं व्यापारी बंधु मौजूद थे, इस दौरान सीए आयुष गर्ग का सम्मान करते हुए पीएनबी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एम परम शिवम ने कहा कि आपकी सेवाओं एवं सक्रियता के लिए बैंक प्रबंधन आपका आभारी है, तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ एवं जानकारी आपके माध्यम से निरंतर बैंक के प्रतिष्ठित ग्राहकों एवं खाताधारको को समय-समय पर मिलने की दिशा में आप सभी के सक्रिय योगदान के लिए बैंक प्रबंधन सदैव आप सभी का आभारी रहेगा, इस अवसर पर सीए आयुष गर्ग ने भी पीएनबी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर का इस सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता : छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया




पायनियर संवाददाता ≺ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता दिवस 2024 में एम.सी बी.जिले के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें हमारी संस्था यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल से 6 छात्रों का चयन हुआ है। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें मॉडल प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी से प्रथम स्थान पर ऋषिका विश्वकर्मा एवं नैना केवट एवं मिडिल से तृतीय स्थान पर सोमनाथ एवं जितेंद्र रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में हाई सेकेंडरी से तृतीय स्थान पर मान्यता सोनी एवं मिडिल से द्वितीय स्थान पर ईनिका रहे। राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता में चयनित होने पर पूरे विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र को गौरववित किया है। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार पांडे एवं सचिव संध्या पांडे ने चयनित विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई दी एवं अग्रिम सफलता की शुभकामनाएं दी वहीं सहयोगी शिक्षक उत्कर्ष पांडे एवं शिक्षिका रागिनी वर्मा का मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही समस्त विद्यालय परिवार शिक्षक एवं शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

# नवनिर्वाचित पार्षदों की बैठक आयोजित कर उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के पदों पर चर्चा की

पायनियर संवाददाता ≺ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद में उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के चयन को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रमेश सिंह को इस चयन प्रक्रिया का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उनके नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष प्रभा पटेल, और जिला कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने नवनिर्वाचित पार्षदों की बैठक आयोजित की। इस बैठक में उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के पदों पर चर्चा की गई। पार्टी ने यह स्पष्ट किया कि उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सोच-समझकर प्रत्याशी उतारेगी और इस पद पर काबिज होने के लिए पूरी रणनीति बनाएगी। रमेश सिंह ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य एक सक्षम और कार्यकुशल प्रत्याशी को उपाध्यक्ष के रूप में चुनना है, जो नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली को सुचारु रूप से चलाने में सक्षम हो। नेता प्रतिपक्ष के चयन के बारे में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि यह पद एक ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जो जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर प्रभावी ढंग से समाधान कराने में सक्षम हो। इस पद के लिए पार्टी किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी और वह एक योग्य उम्मीदवार का चयन करेगी, जो विपक्षी दलों के कार्यों पर कड़ी नजर रखते हुए जनता के मुद्दों पर सही दिशा में काम कर सके। बैठक में कांग्रेस पार्टी के कई प्रमुख नेता और नवनिर्वाचित पार्षद भी मौजूद थे। इनमें कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह, युवा कांग्रेस नेता व्यंकटेश सिंह, नवनिर्वाचित पार्षद अजय जायसवाल, सईद, मो. इमरान, अनिल प्रजापति, कृतिका रवि जैन, मुकेश अग्रवाल, गिरधर जायसवाल, और किरण कुजूर शामिल थे। यह बैठक इस मायने में महत्वपूर्ण है कि इससे कांग्रेस पार्टी का संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा और नगर पालिका परिषद में पार्टी की स्थिति भी सुदृढ़ होगी। आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी दोनों पदों पर प्रत्याशी का नाम घोषित करने की योजना बना रही है, जिससे नगर पालिका परिषद में कांग्रेस का प्रभाव और बढ़ सके।इस प्रकार, कांग्रेस पार्टी इन दोनों महत्वपूर्ण पदों के चयन को लेकर पूरी तरह से सक्रिय हो गई है और जल्दी ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# परसदा के निविरोध सरपंच एवं पंचगणों ने शपथ लिया

पायनियर संवाददाता ≺ जैजैपुर
www.dailypioneer.com






हमेशा सुर्खियों में रहने वाले जनपद पंचायत जयजयपुर का नाम त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में फिर एक अपना नाम जोड़ दिया जो ग्राम पंचायत परसदा के नाम से जाना जाता है जहां पर पच एवं सरपंच सभी के सब निविरोध निर्वाचित हुए। छत्तीसगढ़ राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने के बाद शक्ति जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम पंचायत परसदा में सरपंच एवं पंचगण निविरोध निर्वाचित हुए। शिक्षित सरपंच उर्वशी साहू, पंचगण उर्मिला कुमारी, शिवरतन केवट, भोला शंकर केवट, पूर्णिमा आदित्य, कौशल प्रसाद साहू, चंदाबाई साहू सतिवा आदित्य, मिथुन पटेल, धनीराम साहू, तेरस बाई आदित्य, घसनीन बाई साहू, राम बाई केवट, विनोद कुमार पटेल, दुलार चौहान, हीराबाई, ओम प्रकाश बर्मन, शीत बाई ने शपथ ग्रहण कराया गया। निर्वाचित सरपंच उर्वशी साहू के साथ सभी पंचगण ने ईश्वर को साक्षी मानकर शपथ हिंदी में लिए, शपथ राजकुमार साहू ने दिलाया जहां पर ग्रामवासी उपस्थित रहे सर्वप्रथम भारत माता, सरस्वती माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पूजा अर्चना करने के बाद शपथ सरपंच एवं पंचगणो ने लिया। सर्वप्रथम सरपंच महोदया के घर के वरिष्ठ लोगों को पुष्प हार से सम्मानित किया गया उसके पश्चात सरपंच महोदया उर्वशी साहू को तथा पंचगंण सभी को पुष्प हार से स्वागत कियागया। जिनके पश्चात उपस्थित वरिष्ठ लोग तथा तीन बार के सरपंच रहे रामपाल आदित्य को भी सम्मानित किया गया तथा उन्होंने अपने गांव के सरपच एव पचगणो को विकास की राह दिखाएं ताकि गांव का विकास में किसी प्रकार की अडचन पैदा ना हो सके। सभी निर्वाचित पदाधिकारी को एक साथ मिलकर चलने की बात कही।

# 11 मार्च को होगा आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर महाराज का आगमन

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरी दुनिया में दशकों से जिन्होंने सत्संग के माध्यम से योग क्रिया को जो नया रूप दिया एवं आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के संस्थापक के रूप में आज भी लोगों के लिए प्रेरणादाई बने हुए हैं, ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के संस्थापक रविशंकर महाराज का आगामी 11 मार्च 2025 को राजधानी रायपुर में आगमन हो रहा है, इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने जहां राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया है।

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**

**e-Procurement Tender Notice**

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

(1st Call)

NIT NO.:- 73/RMC/ZONE 08/2025 RAIPUR DATED : 03.03.2025

Online bids are invited for the following works up to **25.03.2025 at 17:30 hours.**

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract (in Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 165374 | स्वामी दयानंद सरस्वती विद्यालय टाटीबंध में शेड निर्माण कार्य। | 25.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in form 03.03.2025, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

**NOTE :-**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement Portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electrocnic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.erpoc@cgswan.gov.in

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**ZONE COMMISSIONER**
ZONE 08
MUNICIPAL CORPORTATION
RAIPUR (C.G.)

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, महासमुन्द, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

मै खुशबू चन्द्राकर, उम्र 32 वर्ष, पति श्री अभिषेक कुमार चन्द्राकर, जाति-कुर्मी निवासी : वार्ड नं 09 कुर्मी पारा बेलसोन्डा, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. की हूं जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक निम्नानुसार शपथ करती हूँ :-

1. यह कि, उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि, पूर्व मे मेरा नाम खुशबू था जो मेरे अंकसूची में दर्ज है।
3. यह कि, मैने अपना नाम परिवर्तित कर खुशबू चन्द्राकर कर लिया है, तथा मेरे वर्तमान आधार कार्ड व पेन कार्ड मे नाम खुशबू चन्द्राकर दर्ज है।
4. यह कि, मुझसे संबंधित जो भी दस्तावेजो मे मेरा नाम खुशबू दर्ज है उसे अब खुशबू चन्द्राकर ही समझा जावेगा।
5. यह कि उक्त नाम के संबंध में किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
6. यह कि, मैने अपना नाम खुशबू से खुशबू चन्द्राकर कर लिया है जिसके ईश्तहार प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कुल कंडिका 1 से 6 तक वर्णित समस्त कथन सत्य एवं सहीं है। अतः आज दिनांक 03.03.2025 को शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

**सत्यापनकर्ता**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**अ/2, वर्ष 2024-25**
**ई कोर्ट नम्बर 202502083300062**

**क्रमांक/1600/अ.वि.अ./ प्रवा. / 2025**
**स.लोहारा, दिनांक 28/02/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण अचानकपुर को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका कविता चन्द्रवंशी पति विजय चन्द्रवंशी, निवास का पता ग्राम अचानकपुर, तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम-अचानकपुर प.ह.नं.-33, राजस्व निरीक्षक मण्डल बाजार चारभाठा, तहसील-सहसपुर लोहारा स्थित भूमि खसरा नंबर 659/1 रकबा 0.393 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (फ्लाई ऐश ब्रिक्स) व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ (फ्लाई ऐश ब्रिक्स) में व्यपवर्तन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 17/03/2025 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 28/02/2025
पेशी दिनांक 17/03/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सहसपुर लोहारा**
**जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
cmobalrampur123@gmail.com

क्रमांक/258/लो.नि.वि./न.पा./2025 बलरामपुर, दिनांक 27/02/2025

**// द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https:/eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | सिस्टम टेण्डर नम्बर | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा डालने की ऑनलाईन अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | Design, Construction, testing Commissioning of all the components of Interception and diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work including 05 year of operational and maintenance of the entire systemin municipal council. Balrampur under SBM 2.0 | 165179 | 255.45 | 1.50 | 13/03/2025 समय 05:00 PM |

टीप :- निविदा संबंधित समस्त जानकारी कार्यलयीन समय में कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् बलरामपुर**
**जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

# विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देने वाला प्रगति का बजट : भावना बोहरा

## जनहित व जनसुरक्षा के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने वाला प्रगति का बजट

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने का 25 वां बजट आज पेश किया। पिछला बजट साल 2024-25 में 1 लाख 47 हजार 446 करोड़ था. इस बार बजट में युवाओं को नौकरियां, शिक्षा, किसान कृयाण, सरकारी कर्मचारियों, अधोसंरचना निर्माण समेत महिलाओं के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। इस वर्ष का अनुमानित बजट लगभग 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपए से अधिक का रहा जो विगत बजट से 12 प्रतिशत अधिक है। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा न कहा कि बजट 2025-26 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देना वाला प्रगति का बजट है। आज जो ऐतिहासिक एवं सर्वस्पर्शी बजट मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में प्रस्तुत किया उसके लिए मैं मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करती हूँ। विशेकर प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, कृषि व किसान कृयाण, युवाओं को रोजगार व शिक्षा, शासकीय कर्मचारियों को प्रोत्साहन, अधोसंरचना विकास, जनजातीय समुदाय एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास के साथ ही सर्वस्पर्शी बजट से जन-जन की सुरक्षा एवं प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा। भावना बोहरा ने कहा कि पिछले वर्ष का बजट ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर केंद्रित था, जबकि इस वर्ष का बजट गति (गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ) पर केन्द्रित है जिससे छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है वहीं मोदी की गारंटी में किये गए संकृपों को भी पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास एवं जनता की सुविधाओं के



लिए पूर्ण रूप से तत्पर है। बजट में महतारी वंदन योजना के बजट में वृद्धि कर 5500 करोड़ रुपए किया जाना, आगामी 3 वर्षों में लखपति दीदी योजना के माध्यम से प्रदेश की 8 लाख महिलाओं को लखपति बनाना, 7 वर्किंग वूमन हॉस्टल, बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में माताओं और महिलाओं को समर्पित महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। 50 करोड़ रुपये के बजट से बनने वाले ये सदन महिलाओं को सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करेंगे। बजट में पेट्रोल की कीमत में राज्य सरकार की तरफ से एक रूपये की कम किये जाने और शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि करने का जनहितैषी फैसला लिया गया जिससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं को सपनों को पंख देने के लिये नवा रायपुर अटल नगर में 50 करोड़ की लागत से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फैशन टेक्नोलॉजी की स्थापना, युवाओं की रचनात्मकता और नवाचार को सशक्त करने हेतु स्टूडेंट स्टार्टअप इनोवेशन पालिसी के लिए 5 करोड़ का प्रावधान, छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत खेल सुविधाओं का विस्तार, सुशासन के संकृप से युवा प्रतिभाओं को मंच मिलेगा वहीं खेल प्रतिभाओं के सपनों को नई उड़ान मिलेगी। 17 और नालंदा पुस्तकालयों को मंजूरी और 25 कॉलेजों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बदलने के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान इस बजट में किया गया है। कृषि एवं कृषक कृयाण के लिए इस बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं एवं बजट आवंटित किये गए हैं जैसे कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री खाद्यान सहायता योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये, 5 एच.पी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3500 करोड़ रुपये,दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कृयाण योजना के तहत प्रतिवर्ष 10000 रुपए की आर्थिक सहयता के लिए 600 करोड़ रुपए का प्रावधान, जल संसाधन विभाग के कुल 3,800 करोड़ रुपये के बजट में से 700 करोड़ रुपये नए सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं,अटल सिंचाई योजना के तहत बहुत पुरानी सिंचाई परियोजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य, तेन्दूपत्ता के लिए प्रति मानक बोरा 5,500 रुपये का भुगतान करने के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान, तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका प्रदान करने के लिए 50 करोड़ रुपये, इस बजट में किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। भावना बोहरा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 8500 करोड़ रुपये एवं आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में घरों के निर्माण के लिए 875 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है, इसके साथ ही मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना के माध्यम से योजना के लाभार्थियों को अतिरिक्त वित्तीय लाभ देने के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अचल संपत्ति के अंतरण पर स्टाम्प ड्यूटी में 12 प्रतिशत लगने वाले सेस को समाप्त करने का स्वागत योग्य निर्णय भी बजट में शामिल है। व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए छोटे व्यापारियों को आने वाली चुनौतियों और उनका बोझ कम करने के लिए राज्य सरकार ने ई-वे बिल की सीमा को 50,000 से बढ़ाकर 1 लाख करने का निर्णय लिया है। वहीं राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25,000 तक की वैट देनदारियों को माफ करेगी।

# शाकम्भरी महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन में उपस्थित हुए पूर्व विधानसभा गौरीशंकर अग्रवाल



पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पीसीद के नया बाजार चौक मे माँ शाकम्भरी देवी महोत्सव एवं वार्षिक महासम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गौरी शंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार पटेल अध्यक्ष मंदिर समिति शिवरीनारायण, विशिष्ट अतिथि कमलेश जांगड़े सांसद लोक जांजगीर चांपा, संदीप साहू विधायक कसडोल, बिशेषर सिंह पटेल गौ सेवा आयोग अध्यक्ष, राजेंद्र नायक प्रदेश संयोजक मरार पटेल महासंघ, बरत राम पटेल प्रदेश अध्यक्ष मरार पटेल महासंघ, देवचरण पटेल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मरार पटेल महासंघ, कृष्ण कुमार पटेल प्रदेश अध्यक्ष मरार पटेल महासंघ, प्रेम लाल पटेल प्रदेश महासचिव मरार पटेल महासंघ, गीता राम पटेल प्रदेश कोषाध्यक्ष मरार पटेल महासंघ एवं उपस्थित मरार पटेल समाज के लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# कलेक्टर ने की गिरौदपुरी मेला की अंतिम तैयारी की समीक्षा

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

4 से 6 मार्च 2025 तक गिरौदपुरी में आयोजित होने वाले विशाल मेला एवं संत समागम मंगलवार से शुरू हो रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने मेला स्थल पहुंचकर मेले में क़ानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की अंतिम तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आम लोगों की मौजूदगी के मद्देनजर क़ानून व्यवस्था एवं लोगों की सहूलियत को चुस्त-दुरुस्त रखने अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिये।



कलेक्टर नें पेयजल, टैंकर, फायर ब्रिगेड, एनीकट में जल भराव, विद्युत, भोजन, चिकित्सा, एम्बुलेंस, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपेड, कंट्रोल रूम, शौचालय, स्नान घर, वाहन पार्किंग आदि की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों से सौपे गए जिम्मेदारी क़ा तत्परता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। मेला में कानून व्यवस्था संभभालने राज्य स्तर से ड्यूटी लगाए गये राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियो की भी विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रीयल ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि इस बार मेला में कई सुविधाओं का विस्तार किया गया है ताकि मेला आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति हो सके। इस बार टैंकर, एम्बुलेंस, शौचालय, स्नान घर की संख्या बढ़ाई गई है। कंट्रोल रूम की संख्या भी बढ़ाकर दो किया गया है। सभी अधिकारी उत्कृष्ट कार्य कर मेला आयोजन को सफल बनाएं। कलेक्टर नें हेलीपेड, कंट्रोल रूम, मुख्य मंदिर, अमृत कुण्ड, चरण कुण्ड का भ्रमण कर जायजा लिया।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा का पहला परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

## उडनदस्ता दल ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा 2025 का प्रथम दिवस कक्षा दसवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिए हिन्दी विषय का परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। परीक्षा के पहले दिन कवर्धा विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित उडनदस्ता दल क्र.-02 द्वारा किया गया। निरीक्षण दल का नेतृत्व सहायक संचालक यू.आर. चंद्राकर ने किया, जिसमें दल के सदस्य नकुल पनागर (डीएमसी), सतीश यदु (एम.आई.एस. प्रशासक), तथा व्याख्याता भगवती हठीले शामिल थे।



निरीक्षण के दौरान, कक्षा दसवीं के परीक्षा केंद्रों सेजेस कहचरी पारा कवर्धा, सेजेस दुर्गावती चौक कवर्धा, शास. हाई स्कूल अमलीडीह, शास. उ.मा.वि. राजानवांगाव और शास. उ.मा.वि. खैरबनाकला का औचक निरीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्रों में निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से और शांतिपूर्वक संचालित पाई गई। परीक्षा केंद्रों में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन, और पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी। निरीक्षण दल ने यह पाया कि परीक्षा केंद्रों में अनुचित साधनों का प्रयोग का कोई मामला सामने नहीं आया। उन्होंने ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सुझाव दिया। इसके अलावा, बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रपत्रों और पंजियों का समुचित संधारण किया जा रहा था।

# डॉ. प्रदीप साहू को बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

दिल्ली में आयोजित ग्लोबल समिट के दौरान, अफ्रीका की वेबिक यूनिवर्सिटी ने बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपने अद्वितीय योगदान के लिए डॉ. प्रदीप साहू को मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया। यह पुरस्कार डॉ. साहू को उनके समर्पण, संघर्ष और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में किए गए अत्यधिक मूल्यवान कार्यों के लिए दिया गया है। डॉ. प्रदीप साहू, जो कांकेर जिले के भानुप्रतापुर के निवासी हैं, ने अपनी शिक्षा और कौशल का उपयोग भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार करने के लिए किया है। उन्होंने विदेशों में उच्च पदों की नौकरी को ठुकराया और अपने देश में रहकर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने का संकल्प लिया। उनका यह कार्य न केवल बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करता है, बल्कि भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को भी नई ऊंचाइयों



तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मानद डॉक्टरेट उपाधि उन्हें उनके बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में महारत, समर्पण, और समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए प्रदान की गई। यह सम्मान डॉ. साहू के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो न केवल बस्तर और छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायक भी है। उनकी यह उपलब्धि यह साबित करती है कि कठिन परिस्थितियों में भी, यदि कोई व्यक्ति अपने लक्ष्य को पाने के लिए दृढ़ संकल्प और मेहनत से काम करता है, तो वह सफलता प्राप्त कर सकता है। हम सभी छत्तीसगढ़वासियों को मैनचेस्टर होम केयर, रायपुर के संस्थापक डॉ. प्रदीप साहू पर गर्व है और उनके इस सम्मानित कार्य के लिए उन्हें हार्दिक बधाई देते हैं।

## विकास की राह में ले जाने वाला बजट : नंद कुमार साहू

**बलौदाबाजार।** बजट पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंद कुमार साहू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते बजट को विकास की राह में ले जाने वाला बताया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश के रजत जयंती वर्ष पर 25वां बजट तथा साय सरकार के दूसरे



बजट में किसान भाइयो, युवा, मातृत्व शक्ति को सुदृढ़ बनाने, मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना के माध्यम से नेशनल हायवे, स्टेट हायवे यातायात एंव व्यवसाय को बढ़ावा देने देश के प्रधान मंत्री के ट्रिपल इंजन की सरकार के सोच को आगे बढ़ाते हुवे समवेशी बजट प्रस्तुत किया। प्रदेश के जनता को खुशहाल बनाने प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा स्वास्थ्य, महिला बाल विकास महतारी वंदन, कृषि में सिंचाई व्यवस्था, लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी जल जीवन विभाग पेयजल व्यवस्था, नगरीय निकायो के साथ साथ ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का सँकल्प लिया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओ की लंबित मांगों, समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना सात मार्च को

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के द्वारा पिछले वर्षो से लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन, धरना रैली व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार अवगत कराया जा रहा किंतु राज्य सरकार व केन्द्र सरकार ने समस्याओं पर आज तक सार्थक विचार नहीं किया। जिससे की कार्यकर्ताओ सहायिकाओं को गंभीर आर्थिक मानसिक समस्याओ से जुझना पड़ रहा है जिसे लेकर सात मार्च को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपेंगे। सात सूत्रीय मांगों में कार्यकर्ता सहायिका को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। शासकीय कर्मचारी घोषित नहीं होन तक श्रम कानून के तहत कार्यकर्ता को न्यूतनम पारिश्रमिक के अनुसार कम से कम 21000/व सहायिका को 18000/ प्रति माह मानदेय भुगतान की जाए। सुपरवाइजर के पद पर योग्यता अनुसार शत प्रतिशत कार्यकर्ता व सहायिका को पदोन्नति किया जाए। कार्यकर्ताओ को अतिरिक्त कार्य न कराये जाए अगर कराई जाती है तो उस स्थिति में विभागीय कार्यवधि मे छुट दी जाए साथ ही नेट चार्ज व अच्छी स्टोरेज की मोबाइल उपलब्ध कराई जाए। पोषण टेक्कर ऐप में नया अपडेट हुआ है जिसके अनुसार हितग्राहीगण जिन्हें टी एच आर दिया जाता है पहले परिवार से कोई भी ले जाता था लेकिन अब परिवार से किसी एक ही सदस्य का फोटो अपलोड करना है जो कि



यह न्याय संगत भी नहीं है इसमें बहुत समस्या हो रही है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से आनलाइन काम के वजह से अपने उद्देश्य से भटक चुके हैं। यह कार्यकर्ताओ के लिए मानसिक समस्या बन चुकी है अर्थात आंगनबाड़ी के मुख्य उद्देश्य को खतरे में डालकर सिर्फ टेक्निकल एव मोबाईल एप को प्राथमिकता दी जा रही है जिनका आधार नहीं बनाया जिनके पास मोबाइल नही जिनके आधार में नम्बर नहीं जुड़े हैं ओ सभी हितग्राही आंगनबाड़ी की सेवाओं से वंचित हो जायेगे। जिस तरह मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रति वर्ष 1000 कार्यकर्ता सहायिका के मानदेय मे बढ़ोत्तरी का एग्रीमेट किया हुआ है, छत्तीसगढ़ में भी वर्तमान सरकार तत्काल लागू करे साथ ही एमपी के तर्ज पर तत्काल छत्तीसगढ़ के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की मानदेय मे बढ़ोत्तरी की जाए। सामाजिक सुरक्षा के रूप में भविष्य निधि ग्रे जुएटी व चिकित्सा खर्च आदि लागू किया जाए सेवा निर्वित होनै पर 10 लाख कार्यकर्ता सहायिका को दिया जाए।

**कलेक्टर और कार्यक्रम अधिकारी को सौंपे ज्ञापन -** सात मार्च को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन ज्ञापन को लेकर सूचना देने कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया मरावी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ प्रदेश छत्तीसगढ़, लक्ष्मी शर्मा उपाध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ कबीरधाम सीता कहार उपाध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ कबीरधाम, सुनिता चन्द्रावंशी द्रोपदी उपाध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ कबीरधाम हेमलता ठाकुर अध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ कबीरधाम संतोषी पात्रे उपाध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ कबीरधाम। रामफल बघेल सचिव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ कबीरधाम सालेकुन निशा उपाध्यक्ष, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ कबीरधाम कमलेश्वरी बाजरे रानी मनिकपुरी अनिता राधा गौरी केशरी धूर्वे रेहाना संगीता संती तिल बाई प्रमिला वदना तिजा रंजिता द्रोपदी धूर्वे संतोषी अनिता परस्ते शुशिला कुन्ती जयसवाल मंगतिन सावित्री प्रियंका सुशिला मरावी बैसाखिन मनिला बजारे दीपक सुखिया लमेश्वरी देवयानी ममता प्रियंका माठले जयती मुराली माधुरी माठले वर्ष यादव उमादेवी कलावती कविता मरावी संतबाई सावित्री पटेल यशोदा पात्रे ईश्वरी गंगा श्याम पुष्पा भागमती ललिता पोर्ते लीना साहु यमनी राज अर्चना पांडे चन्द्रावली संतोषी ठाकुर अशिन बघेल मैना मरकाम करुणा पार्वती उतरा यादव जमुना साहु आशा नागवंशी जितन लाक्षी निरमाला पांडे शिरती पटेल मेघाईया खुशिला साहु तिजन रामकली मरकाम सहित अन्य कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित थे।

# महापौर के निर्देश पर जोन 5 एवं 10 कमिश्नर ने जोन में नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों से परिचयात्मक बैठक की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम जोन 5 कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र सिंह ने जोन कार्यालय में जोन 5 के तहत क्षेत्र के 7 वार्डो वार्ड क्रमांक 39 पार्षद सुमन अशोक पाण्डेय, वार्ड 40 पार्षद आशु चंद्रवंशी, वार्ड 41 पार्षद सरिता आकाश दुबे, वार्ड 42 पार्षद अम्बर अग्रवाल, वार्ड 66 पार्षद कृष्णा सोनकर (बब्बी), वार्ड 67 पार्षद ममता सोनू तिवारी, वार्ड 68 पार्षद दुर्गा यादराम साहू को जोन कार्यालय में आमंत्रित कर उनके साथ परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान जोन कार्यपालन अभियंता ने नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं प्रषासनिक व्यवस्थाओं से अवगत कराया। उन्हें जोन में पदस्थ निगम अधिकारियों के मोबाईल संपर्क नंबर



दिये। परिचयात्मक बैठक में सहायक अभियंता नागेश रामटेके एवं अन्य जोन अधिकारी उपस्थित थे। इसी प्रकार नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा ने जोन कार्यालय में जोन 10 के तहत क्षेत्र के 7 वार्डो वार्ड क्रमांक 48 पार्षद महेश कुमार ध्रुव, वार्ड 49 पार्षद डॉ. अनामिका सिंह, वार्ड 52 पार्षद विनय पंकज निर्मलकर, वार्ड 53 पार्षद मनोज जांगड़े, वार्ड 54 पार्षद सुषमा तिलक साहू, वार्ड 55 पार्षद विनय प्रताप सिंह ध्रुव, वार्ड 56 पार्षद सचिन बी. मेघानी को जोन कार्यालय में आमंत्रित कर उनके साथ परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान जोन कमिश्नर ने नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं से अवगत कराया। उन्हें जोन में पदस्थ निगम अधिकारियों के मोबाईल संपर्क नंबर दिये। परिचयात्मक बैठक में कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा एवं अन्य जोन अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर गोपाल वर्मा ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण, गुणवत्ता पर विशेष जोर

# बड़ौदा खुर्द जलाशय निर्माण शुरू होने से वर्षों बाद किसानों का सपना हो रहा साकार

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित बड़ौदा खुर्द जलाशय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह जलाशय न केवल क्षेत्र के हजारों किसानों के लिए जीवनदायिनी बनेगा, बल्कि जल संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए जल शक्ति अभियान के तहत इस परियोजना को विशेष महत्व दिया गया है। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों और किसानों के संघर्षों ने इसे साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बड़ौदा खुर्द जलाशय का निर्माण शुरू होने के बाद क्षेत्र के किसानों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आपसपस के ग्राम पड़कीपारा, बड़ौदा खुर्द, देहानडीह, चैदेनी, सलिहा, चिलम खोदरा, कारेसरा, कुम्हार दनिया, बुधवारा सहित अनेक गांवों के किसानों ने इस परियोजना के लिए वर्षों तक संघर्ष किया था। आज यह जलाशय किसानों के हौसले और सरकार के मजबूत संकृप का जीवंत उदाहरण बन रहा है।



**बांध निर्माण कार्य का कलेक्टर ने किया अवलोकन**-कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बड़ौदा खुर्द जलाशय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना केवल एक बांध निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि हजारों किसानों की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करने का प्रयास है। वर्षों तक संघर्ष करने के बाद अब जब यह सपना पूरा हो रहा है, तो हमें इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, जिला पंचायत सदस्य श्री ईश्वरी साहू, रवि साहू सहित अन्य अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।

**कलेक्टर के कड़े निर्देश, गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करें**-कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्माण कार्य में गति लाने और संसाधनों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बांध निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में नहीं रुकना चाहिए। सभी अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जाए।

**भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी, किसानों को मिलेगा मुआवजा**-बांध निर्माण के लिए आवश्यक 31.39 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। 13 किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसका मुआवजा निर्धारित कर दिया गया है। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिया कि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा वितरित किया जाए और भूमि अधिग्रहण की किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाए।

**मुख्य नहर के साथ माइनर नहरों के लिए भी सर्वेक्षण**-बांध से अधिकतम किसानों को सिंचाई सुविधा मिले, इसके लिए कलेक्टर वर्मा ने माइनर नहरों छोटी नहरों के निर्माण के लिए सर्वेक्षण शुरू करने के निर्देश दिए। इससे छोटे और सीमांत किसानों को भी लाभ मिलेगा, जो मुख्य नहर से दूर स्थित हैं।

**सरकार और किसानों का साझा प्रयास**-मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार और बड़ौदा खुर्द जलाशय का निर्माण किसानों की एकजुटता और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदर्शी नीति का नतीजा है। वर्षों तक संघर्ष करने के बाद किसानों को इस ऐतिहासिक परियोजना का लाभ मिलने जा रहा है। यह जलाशय न केवल कृषि क्षेत्र में सुधार करेगा, बल्कि जल प्रबंधन की दिशा में भी एक मिसाल बनेगा। उल्लेखनीय है कि बड़ौदा खुर्द जलाशय का निर्माण कृषि विकास, जल संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के नेतृत्व में निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और सरकार इस परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए संकल्पित है। सिंचित खेत, खुशहाल किसान यही इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है, जो अब साकार होने जा रहा है। किसानों का वर्षों का सपना अब धरातल पर आकार ले रहा है, जिससे कबीरधाम जिले की कृषि अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

**जलाशय निर्माण: क्या होगा फायदा**-
सिंचाई सुविधा का विस्तार : इस जलाशय के निर्माण से 8 गांवों के सैकड़ों किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्य नहर से लगभग 1980 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ेगी।

**भूजल स्तर में सुधार :** बांध निर्माण से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र का भूजल स्तर बेहतर होगा। यह पेयजल संकट को दूर करने में भी मददगार साबित होगा।

**कृषि उत्पादकता में वृद्धि :** सिंचाई सुविधा के विस्तार से क्षेत्र में दोहरी फसल प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसान साल में एक से अधिक फसलें ले सकेंगे।

**सूखा प्रभावित क्षेत्रों को राहत :** इस जलाशय से आसपास के सूखा प्रभावित इलाकों को भी राहत मिलेगी, जिससे कृषि पर निर्भर हजारों लोगों को लाभ होगा।

**मत्स्य पालन और ग्रामीण विकास :** बांध निर्माण के बाद यहां मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक अवसरों का विस्तार होगा।

# सिन्हा समाज के शपथ ग्रहण में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री बालकृष्ण सिन्हा समाज के जिला उपाध्यक्ष मनोनित

■ स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व जिला महामंत्री तथा पूर्व जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा को समाज में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना द्वारा उनकी नियुक्ति के बाद ग्राम पेण्ड्री में आयोजित जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि नगर के बालकृष्ण सिन्हा, समाज के विभिन्न पदों पर भी पूर्व में रह चुके हैं। वे प्रांतीय युवा मंच में उपाध्यक्ष, अविभाजित छुरिया डोंगरगांव के तहसील सचिव, डोंगरगांव के तहसील सचिव, जिला महामंत्री, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के अलावा गत कार्यकारिणी में जिला प्रचार प्रसार मंत्री का दायित्व संभाल रहे थे। लगभग 30 वर्षो से समाज की सेवा कर रहे श्री सिन्हा को इस बार जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। उनके अलावा सोनकुमार सिन्हा डोंगरगढ़ तथा मोती सिन्हा पेण्ड्री को भी जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। सभी की नियुक्ति जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना द्वारा की गई। नियुक्ति के बाद स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया। इस दौरान बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, प्रदेश महामंत्री रिखीराम सिन्हा, छग पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। सिन्हा को जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, ठाकुरराम सिन्हा, देवजी सिन्हा, हरचंद गजेन्द्र, रमेश सोनवानी, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, जिला महिला मंच अध्यक्ष निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष लुकेश सिन्हा, नाथूराम सिन्हा, भागवत राम सिन्हा, गजरू सिन्हा, फागूराम सिन्हा, गोकुल सिन्हा, सीताराम सिन्हा, थनवार सिन्हा, जनक सिन्हा, हरिशंकर सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, पवन सिन्हा, गोवर्धन सिन्हा सहित अन्य सामाजिकजनों ने उन्हें बधाई दी है।

## निराशा और हतोत्साहित करने वाला बजट : विधायक इंद्र साव



भाटापारा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए बजट को विधायक इंद्र साव आम जनता को हतोत्साहित करने वाला निराशा जनक बजट बताया है। विधायक इंद्र साव ने अपनी बजट प्रतिक्रिया में कहा कि वित्त मंत्री से यह उम्मीद थी कि ऐसा बजट पेश करेंगे की प्रदेश को एक नई दिशा मिलेगी और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा परन्तु बजट से निराशा हुई। यह बजट कृषि के क्षेत्र में कार्य करने वाले कृषकों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया। ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार प्राप्त करने में कोई भी सहायता की बात नहीं कही गई है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाये जो महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित हो गई है उन्हें भी झुनझुना पकड़ा दिया गया है। अवैध शराब एवं अन्य नशीली पदार्थो पर अंकुश लगाने के लिए कोई प्रावधान नही किया गया है। इस बजट में भी लोक सेवकों के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कोई बात नही की गई है। विधायक साव ने कहा कि सरकारी दफ्तरों को चलाने के लिए स्थापना बजट का भी कोई प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे सरकार की कथनी और करनी को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बने उप जेल के लिए जेल कालोनी बनाए जाने, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अपर कलेक्टर कार्यालय चलाने स्थापना व्यय राशि का कही कोई प्रावधान भी नहीं किया गया है।

# शातिर चोर गिरोह पर जिला बलौदाबाजार भाटापारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## आरोपी को गोवा से विशेष टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पिछले कुछ समय से भाटापारा शहर के अलग-अगल क्षेत्रों में मकानों में चोरी होने के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त हो रही थी। जिन पर थाना भाटापारा शहर में चोरी/नकबजनी का अपराध दर्ज कर अनुसंधान में लिया गया था। मामलो में माल मुल्जिम के पतासाजी हेतु थाना भाटापारा शहर एवं सायबर सेल से विशेष टीम गठित किया गया था। मामलो में दौरान विवेचना के ज्ञात हुआ की मामले का संदेही गोवा क्षेत्र में उपस्थित है। जिस पर विशेष टीम को कार्यवाही हेतु गोवा रवाना किया था। जहां उक्त टीम के द्वारा एक संदेही की पहचान कर पकड़ा गया, जिसे पुछताछ करने पर उसने अपना नाम अजय राठौर निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा शहर का होना बताया जिससे पुछताछ करने पर उसने पिछले दो माह में भाटापारा के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया हैं। आरोपी से विस्तृत पुछताछ करने पर माह जनवरी एवं फरवरी में भाटापारा शहर अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, संजय वार्ड, परशुराम वार्ड, लखन कालोनी, हथनीपारा, कल्याण सागर, कृष्णानगर, सिंधी मोहल्ला, संजय वार्ड के सुने मकान में ताला तोड कर चोरी करना एवं नेहरू वार्ड, सिंधी मोहल्ला सर्कस मैदान से स्कूटी और हेमु कल्याणी वार्ड से मोटर सायकल की चोरी करना स्वीकार किया गया। पुछताछ पर आरोपी अजय राठौर ने बताया की उसके द्वारा चोरी किये हुए समान को अपने एक अन्य फरार सांथी के माध्यम से खपाने के उद्देश्य से रायपुर में सामानो की बिक्री करता था। आरोपी ने यह भी बताया की उसके द्वारा संजय वार्ड से चोरी किये हुए सामान 03 नग सोने का हार, कान का टाप, एक जोडी चांदी का पायल, को अपने परिचित अनिकेत रगडे निवासी आमानाका रायपुर को विक्रय करने के उद्देश्य से दिया था, जिसमें से अनिकेत रगडे ने एक नग मंगलसूत्र को राजनांदगांव निवासी मोहित स्वामी को दिया, जिसने चोरी किये हुए मंगलसूत्र को प्रकाश जैन निवासी इंदिरा नगर राजनांदगांव को विक्रय किया था। मामले में चोरी का समान की बिक्री में सहयोग करने वाले आरोपी अनिकेत रगडे के कब्जे से 02 नग सोने का हार, एक जोडी चांदी का पायल, एक नग झुमका, एक नग टाप, एवं नगदी रकम 50,000 कुल किमती 5,05,940 बरामद किया गया हैं। प्रकरण के अनुसंधान में चोरी का सामान बिक्री करने वाले आरोपी मोहित स्वामी के कब्जे से चुराई हुई संपत्ति बेच कर प्राप्त राशि 2000 का सामान एवं आरोपी प्रकाश जैन के कब्जे से एक नग मंगलसूत्र कीमती 1,90,000 को बरामद कर जप्त किया गया हैं। मामले में आरोपी अजय राठौर से चोरी से नगदी रकम 11000 एवं 03 नग मोटर सायकल क्र. सीजी 22 -7350, क्रमांक सीसी 22 एसी 4495, एवं सोल्ड स्कूटी जो आरोपी द्वारा चोरी कर घटना अंजाम देने के पश्चात लावारिस हालत में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छोडा गया था, कुल किमती 1,50,000 बरामद कर जप्त किया गया हैं।

# डॉ. सलीम राज ने किया बजट का स्वागत, कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश को विकास की नई दिशा प्रदान करने वाला स्वागत योग्य बजट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने अपना बजट पेश किया। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.सलीम राज ने बजट का स्वागत किया और कहा कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विषणुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा विधानसभा में जो बजट पेश किया गया है वह सबका साथ, सबका विकास वाला बजट है जिसमें हर वर्ग को शामिल किया गया है यह बजट निश्चित ही छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के स्वर्णिम विकास में सहभागी बनेगा, हर क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, पर्यटन, ग्रामीण विकास, सड़क, टैक्नोलॉजी आदि हर क्षेत्र को विकास की नई दिशा प्रदान करने वाला बजट है, यह बजट स्वागत योग्य है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 65 हजार करोड़ का बजट विधानसभा में पेश किया, जो पिछले साल से 12 फीसदी ज्यादा है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ घोषणाएं की है। जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल की कीमत में राज्य सरकार की तरफ से एक रूपये की कमी की गई। इतना ही नहीं सरकारी कर्मचारियों को लेकर भी बड़ा ऐलान किया गया है। सरकारी कर्मचारियों का डीए बढ़ाकर 53 फीसदी कर दिया है। इतना ही नहीं रायपुर प्रेस क्लब के रिनोवेशन के लिए 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बजट से गुड गवर्नेंस स्थापित होगा।

# हायर ने भारत में लॉन्च किए कलरफुल किनोची एयर कंडीशनर कूलिंग, टेक्नोलॉजी और शानदार डिजाइन का अनोखा मेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




लगातार 16 वर्षो से दुनिया की नंबर 1 होम अप्लायंसेस ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने भारत में अपने नए किनोची एयर कंडीशनर की कलरफुल रेंज लॉन्च की है, जिसने कूलिंग टेक्नोलॉजी में नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह एसी सिर्फ ठंडक ही नहीं देता, बल्कि मॉडर्न घरों की खूबसूरती को भी बढ़ाता है क्योंकि यह बेहतरीन डिजाइन और उन्नत परफॉर्मेंस का अनोखा मेल है। किनोची लिमिटेड एडिशन एसी कटिंग-ऐज टेक्नोलॉजी और प्रीमियम कलरफुल फिनिश के साथ आते हैं, जिससे यह सिर्फ कूलिंग ही नहीं बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ाते हैं। आज भारतीय ग्राहक डिजाइन को लेकर अधिक जागरूक हो रहे हैं और ऐसे प्रोडक्ट्स की तलाश कर रहे हैं जो उनके लाइफस्टाइल से मेल खाते हों। इसे ध्यान में रखते हुए, हायर इंडिया ने इस खास रेंज को पेश किया है, जो फंक्शनलिटी और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन प्रदान करती है। किनोची सीरीज तीन शानदार कलर्स- ब्लैक, मॉर्निंग मिस्ट और मूनस्टोन ग्रे में उपलब्ध है, जो किसी भी इंटीरियर के साथ आसानी से मेल खाती है। ये एसी केवल हाई-परफॉर्मेंस कूलिंग का समाधान ही नहीं, बल्कि आधुनिक जीवनशैली को दर्शाने वाले स्टेटमेंट पीस भी हैं। इस लॉन्च के साथ, हायर इंडिया अपने ग्राहक-प्रेरित नवाचार की प्रतिबद्धता को दोहराता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उपभोक्ताओं को अब दक्षता और आकर्षक डिजाइन में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं है-वे दोनों का आनंद ले सकते हैं, जो उनके स्टाइलिश घरों को बेहतरीन बनाएगा। किनोची एयर कंडीशनर सीरीज के लॉन्च के बारे में हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेसिडेंट, एन. एस. सतीश ने कहा, हायर इंडिया में, हम हमेशा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं। भारत में कलर लिमिटेड-एडिशन एसी पेश करने वाला एकमात्र ब्रांड होने के नाते, हम प्रीमियम एस्थेटिक्स और एडवांस कूलिंग सॉल्यूशंस में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। किनोची लिमिटेड एडिशन, प्रीमियम डिजाइन और उच्च दक्षता के साथ हमारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी सभी एयर कंडीशनर्स, जिनमें किनोची डार्क एडिशन भी शामिल है, भारत में निर्मित हैं और भारतीय बाजार के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।

## नव नियुक्त महापौर मीनल चौबे ने पदभार ग्रहण किया



रायपुर। नगर निगम की नव नियुक्त महापौर मीनल चौबे ने निगम मुख्यालय में पंडितो द्वारा स्वस्तिवाचन एवं शंखनाद के साथ पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने मीनल चौबे को ओम बना हुआ बुके भेंट कर कहा कि अब रायपुर का सर्वांगीण विकास होगा।

## नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा देने वाला बजट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



ज्ञान की गति को तेज करने के लिए वित्त मंत्री छ.ग. शासन ने यह बजट पेश किया है, उससे यह तय हो गया है कि शासन सुविचारक और दूरदृष्टि रखने वाले हाथों में है। बजट में हर क्षेत्र को ध्यान में रखा गया है। पढ़े-लिखे बेरोजगार इंजिनियर के लिए तो जैसे अमृत की वर्षा कर दी गई हो, नर्सिंग शिक्षा जो आगे चलकर हमारे समाज के स्वास्थ्य की आधार होती है ऐसी नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा दिया गया और दूरांचल क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा अत्यंत सराहनीय है कुल मिलाकर कर जमीनी व्यक्ति ओ.पी चौधरी ने जमीनी आवश्यक्ता को भाप छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाई प्रदान करने वाला बजट प्रस्तुत किया है।

# एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने टीयूवी एनओआरडी से कॉन्फॉर्मिटी यूरोपियन सीई प्रमाणपत्र प्राप्त किया



पायनियर संवाददाता ◄ नगरनार
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी सटील लिमिटेड (एनएसएल) को यूरोपीय संघ अधिसूचित परमाणन निकाय टीयूवी एनओआरडी द्वारा निर्माण उतपाद विनियमन (सीपीआर) श्रेणी के तहत अपने उत्पाद के लिए प्रतिष्ठित कॉन्फॉर्मिटी यूरोपियन (सीई) प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। CE प्रमाणपत्र प्रमाणित करता है कि एनएसएल का उत्पाद गुणवत्ता के यूरोपीय मानकों के अनुरूप है। एनएसएल स्टील प्लांट, नगरनार के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख एमएनवीएस प्रभाकर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह उल्लेखनीय उपलब्धि, गुणवत्ता, सुरक्षा और स्थिरता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उपलब्धि सभी संबंधित टीमों के अथक प्रयासों, समर्पण और सहयोग के बिना संभव नहीं थी। यूरोपीय देशों में अपने उत्पाद का निर्यात करने में सक्षम होने के लिए किसी भी स्टील उत्पादक को ष्टश्व प्रमाणन अनिवार्य है। इसी तरह, यह प्रमाणन यूरोप को निर्यात के लिए स्टील उत्पादों का निर्माण करने वाले मूल उपकरण निर्माताओं के आपूर्तिकर्ताओं को एनएसएल से स्टील प्राप्त करने में सक्षम करेगा, जिससे एनएसएल को अपने घरेलू ग्राहक आधार का और विस्तार करने में मदद मिलेगी।

# गारंटीड इनकम वाला प्रोडक्ट है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट, जो बाजार की अनिश्चितता में देगा वित्तीय सुरक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

आईसीआईसीआई प्रू-डेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट' पेश किया है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को लंबी अवधि की बचत प्रदान करने के साथ ही तुरंत आय की गारंटी भी देता है, जिससे उन्हें आर्थिक लिक्विडिटी मिलती है। इस प्रोडक्ट में कई विकल्प हैं, जैसे ग्राहक तय कर सकते हैं कि गारंटीड इनकम कब शुरू होगी, कितने समय तक मिलेगी और मैच्योरिटी पर कितना पैसा मिलेगा। इसके साथ ही, इसमें लाइफ कवर भी शामिल है, जो परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। बढ़ती हुई आय का विकल्प इस प्रोडक्ट की खासियत है। इसमें हर साल 5 की कंपाउंडिंग दर से इनकम बढ़ती है, जिससे महँगाई से निपटने में मदद मिलती है। आईसीआईसीआई प्रू-डेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पालटा ने कहा, हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। यह अनोखा प्रोडक्ट ग्राहकों को गारंटीड इनकम का लाभ देता है, जिसे वे अपनी जीवन योजनाओं और नकदी जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज़ कर सकते हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने हाल के महीनों में देखा है, आज के अनिश्चित आर्थिक माहौल में बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहती है। ऐसे समय में ग्राहक गारंटीड रिटर्न वाले प्रोडक्ट को प्राथमिकता देते हैं, जो उनकी पूँजी को सुरक्षित रखते हुए उनकी वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करे। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट ग्राहकों को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाते हुए उनके वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने आगे कहा, इस प्लान का बढ़ती हुई आय का विकल्प ग्राहकों को महँगाई से निपटने में मदद करेगा। हमारे ग्राहकों से किए गए वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता हमारे 99.3% के इंडस्ट्री-लीडिंग क्लेम सेटलमेंट रेशियो (9 महीने- वित्त वर्ष 2025) और सिर्फ 1.2 दिनों के औसत क्लेम सेटलमेंट समय (गैर-जाँच के मामलों में) में साफ झलकती है।

# कांग्रेस व समाज की खिलाफत कर रहे भागवत : बलिराम साहू

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राजनांदगाँव जिले में कांग्रेस पार्टी के नेताओं व विधायकों पर आरोप लगाकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले साहू समाज के जिलाध्यक्ष भागवत साहू के खिलाफ विधायक समर्थकों ने भी बयानबाजी प्रारंभ कर दी है। डोंगरगांव विधायक के करीबी पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलीराम साहू ने साहू समाज के जिलाध्यक्ष पर समाज के विधायक एवं कांग्रेस नेताओं की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है साहू समाज के जिलाध्यक्ष भागवत साहू राजनांदगाँव में कांग्रेस पार्टी के भी जिलाध्यक्ष रहते हुए हालिया दिनों ही जिला पंचायत सदस्य चुनाव हार गए थे। चुनाव में एक निर्दलीय को जीत मिलने से बिफरे जिलाध्यक्ष ने ना सिर्फ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद से अलबत्ता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया था। यही नही, उन्होंने तथाकथित तौर पर कांग्रेस के डोंगरगांव व डोंगरगढ़ के विधायकों सहित पार्टी के दिग्गजों पर निर्दलीय को जीताने सहयोग करने का सनसनीखेज आरोप लगाया था। इस घटनाक्रम के बाद साहू समाज के जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने जिला साहू समाज को कांग्रेस मुक्त करने जैसे कथित बयानबाजी उपरांत अब साहू समाज के ही विधायक दलेश्वर साहू को समाज से बहिष्कृत करने जैसे सोशल मीडिया में खबरों से विधायक समर्थकों में आक्रोश पनप गया है। इसी तारतम्य में विधायक दलेश्वर साहू के करीबी व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलीराम साहू ने मीडिया में विज्ञप्ति जारी कर समाज के जिलाध्यक्ष पर आरोपों की झड़ी लगा दी है। पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा है कि जिले की जनता द्वारा 5 वर्षो के लिए निर्वाचित पार्टी के विधायकों की छवि धूमिल करने का प्रयास करते रहे है। समाज के विधायकों पर गैर प्रमाणित आरोप लगाकर साहू समाज विरोधी कृत्य किया है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ने आगे कहा है कि भागवत साहू ने वर्तमान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ काम करते हुए अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने और उनका साथ देने वालो पर चेतावनी या निलंबन कार्रवाई नही करके कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने का काम किया है। ऐसे तत्वों का पार्टी और समाज दोनो में अधिक समय तक पद में यथावत होना नुकसान दायक सिद्ध होगा।

# कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने 'एडियस' थीम के साथ दी भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने हाल ही में 'एडियस' थीम के साथ एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया, जो जोश, उत्साह और भावनाओं से भरपूर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत एक शानदार भांगड़ा प्रस्तुति से हुई, जिसमें छात्रों ने ढोल की ताल पर धमाकेदार एंट्री की और माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ गणमान्य अतिथियों और प्राचार्यों के स्वागत से हुआ, जिसके बाद प्रेरणादायक भाषण दिए गए। केडीसीआरएसटी की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, कभी हार मत मानो। किसी भी काम को नकारात्मक सोच के साथ मत करो, बल्कि आत्मविश्वास और आस्था के साथ किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करो। इस अवसर पर केवीआईटी के प्राचार्य डॉ. डी.एन. देवांगन और केवीआईपीएस की प्राचार्या डॉ. चंचलदीप कौर भी उपस्थित रहीं, साथ ही संकाय सदस्यों और छात्रों ने भी इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न मनोरंजक और प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में भाग लिया, जिससे पूरे माहौल में हंसी और दोस्ती की मिठास घुल गई। विभिन्न विभागों के छात्रों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से मंच पर समा बांध दिया, जिससे यह शाम और भी यादगार बन गई। समारोह के अंत में, विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को खिताब दिए गए। मिस्टर परफेक्ट तनमय (बीबीए), मिस परफेक्ट जसप्रीत (बी.एड), मिस्टर फेयरवेल शेरोन (बीसीए), मिस फेयरवेल दिया (बीएससी), मिस स्टाइलिश जागृति (बीएससी), मिस्टर स्टाइलिश यथार्थ (बीएससी)। संगीत, नृत्य और भावुक विदाई संदेशों के साथ, 'एडियस' एक अविस्मरणीय रात साबित हुई, जो न केवल एक अध्याय का समापन था बल्कि छात्रों के लिए नए सफर की शुरुआत भी थी।

# 25 साल के 25 जुमले वाला बजट, सरकार के बजट में विदेशी मदिरा जरूरी, महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पर कुछ नहीं : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार के बजट को लेकर पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ एक बार फिर छलावा किया है। 25 साल के छत्तीसगढ़ में सरकार ने 25 जुमला वाला बजट पेश किया है। आम आदमी गरीब किसान महिलाओं के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है स्कूल तथा महाविद्यालय के उन्नयन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया जा रहा है। भाजपा सरकार के बजट में 25 साल का जुमला दिखाई दे रहा है प्रदेश की आर्थिक प्रगति तथा युवाओं तथा महिलाओं को नौकरी देने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। बलौदाबाजार- भाटापारा जिला को बजट में क्या मिला बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए कितनी राशि बजट में प्रावधान किया गया है कोई उल्लेख नहीं है। पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा है कि आदिवासियों के उत्थान के लिए तथा महिलाओं के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार देने के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं का मानदेय भी नहीं बढ़ा है। एक बार फिर प्रदेश सरकार ने आम जनता को राहत देने के बजाय आहत करने वाला बजट पेश किया है जनता को झुनझुना थमा दिया है। राज्य सरकार के बजट से आम आदमी परेशान हैं और बजट में महंगाई कम करने के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। रोजगार के लिए कोई प्रावधान नहीं है। सुशील शर्मा ने भाजपा सरकार की कथनी और करनी को उजागर करते हुये कहा कि आखिर नशाबंदी की बात करने वाली भाजपा सरकार ने विदेशी शराब में टैक्स कम क्यों किया अब युवा नशे की ओर बढ़ेंगे तथा अपराध भी बढ़ेंगे। प्रदेश में जब से भाजपा सरकार है अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सरकार के इस बजट से अमीर और गरीब होंगे और गरीब और गरीब होंगे। राज्य सरकार को पुलिस विभाग में रिक्त पदों पर बड़ी भरती करना चाहिए। बलौदाबाजार-भाटापारा जिलों के युवाओं के साथ राज्य सरकार के बजट में छलावा किया गया है, पुलिस विभाग तथा शासन के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भारती के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है औद्योगिक क्षेत्र में कोई प्रावधान नहीं है गरीब मजदूरों के लिए श्रमिकों के लिए बजट से आहत मिली है राहत की बजाय, राज्य सरकार ने गरीबों को आहत करने वाला लोक लुभावना बजट पेश किया है।

# चांपा में सटटा मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में, लोगों में आक्रोश

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com

बीते दिनों साइबर टीम द्वारा सटटा मामले में की गई कार्रवाई को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएँ हो रही हैं। पुलिस द्वारा जारी प्रेसनोट में घटना स्थल को भालेराय मैदान बताया गया, जबकि सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि पुलिस ने विजय कसेर को उनके घर से लगभग 6 बजे उठाया। फुटेज में साइबर प्रभारी, चांपा पुलिस व उनकी टीम की उपस्थिति साफ नजर आ रही है, जिससे पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

**पुलिस पर उठे गंभीर सवाल-** विजय कसेर की पत्नी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके घर की अलमारी से 4 लाख 30 हजार रुपये और 4 मोबाइल जब्त किए, लेकिन पुलिस ने सिर्फ 1 लाख रुपये और 2 मोबाइल जब्त करने की बात कही। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह गहरा गया है। सीसीटीवी फुटेज ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि विजय कसेर को उनके घर से पकड़ा गया, जबकि पुलिस द्वारा भालेराय मैदान में गिरफ्तारी की बात पूरी तरह से गलत साबित हो रही है।



### साइबर टीम पर लगे पक्षपात के आरोप

नगरवासियों के अनुसार, साइबर टीम में कुछ लोग लंबे समय से जमे हुए हैं और उनका गहरा प्रभाव है। पुलिस पर यह भी आरोप है कि उन्होंने विजय कसेर पर दबाव बनाकर एक अन्य व्यक्ति का नाम लेकर वीडियो बनवाया और फिर उस व्यक्ति के बड़े भाई से दो बार जाकर साइबर टीम के स्टाफ रोहित कहरा और मनोज तिग्गा द्वारा वीडियो दिखाकर क्या जताने की कोशिश की जा रही है यह समझ से परे है। साथ ही, व्हाट्सएप कॉलिंग पर बात कराने की मांग करना संदेह को और गहरा करता है।

### जनता में पुलिस के प्रति अविश्वास

इस घटना से नगरवासियों में पुलिस के प्रति अविश्वास बढ़ गया है। आम जनता संकट के समय पुलिस से सुरक्षा की उम्मीद करती है, लेकिन जब पुलिस ही इस तरह की संदिग्ध कार्रवाई करे, तो न्याय की उम्मीद भी टूटती नजर आती है। उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की माँग, लोगों ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों से इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि साइबर टीम में जमे कुछ लोगों की गहराई से जांच होनी चाहिए, ताकि भ्रष्टाचार और मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इस तरह की घटनाएँ आगे भी जारी रहेंगी।

पैसे ज्यादा होने की जानकारी और वीडियो बनाकर अन्य व्यक्ति के बड़े भाई के पास जाकर बात करने की भी बात सामने आई है अगर ऐसा हुआ है तो जांच कराई जाएगी जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।
**- यदुमणी सिदार,एसडीओपी, चांपा**

# शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय में सम्मान समारोह एवं वार्षिक उत्सव संपन्न

पायनियर संवाददाता जशपुर
www.dailypioneer.com



बगीचा ब्लॉक के शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय, बगीचा में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन छात्र-छात्राओं के लिए अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय राभरा एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ विजय रक्षित उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर उत्सव का श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। डांस, गाने, खेल द्वारा कार्यक्रम को और अधिक रोचक एवं स्मरणीय बनाया गया। महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा ने मुख्य अतिथि डॉ. रक्षित का एक संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने बताया कि जिले के डॉ रक्षित के पद चिन्हो पर हम सभी को आगे बढ़ना चाहिए एवं उनके द्वारा किए गए कार्यो का अनुसरण करना चाहिए। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ विजय रक्षित ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया उन्होंने कहा कि ईमानदारी से मेहनत करें तथा छोटे-बड़े सभी कार्यों में अपना समर्पण दिखाएं, मंजिल जरूर मिलेगी।उन्होंने छात्र-छात्राओं को आश्वासन दिया कि भविष्य में जब भी उन्हें उनकी जरूरत पड़े वे सदैव तैयार रहेंगे। डॉ रक्षित के ओजस्वी वक्तव्य ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में ज्ञान एवं ऊर्जा का संचार किया है। इसी कार्यक्रम के दौरान बी ए तृतीय वर्ष के छात्र पंकज यादव तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मीना नागेश को बेस्ट स्टूडेंट ऑफद ईयर 2024 -25 के ख़िताब से नवाजा गया. इसके पश्चात एन एस एस के विशेष शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सम्मान कार्यक्रम में बीए तृतीय वर्ष के छात्र डोलचंद गुप्ता को मिस्टर फेयरवेल तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति यादव को मिस फेयरवेल के उपाधि से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात एन एस एस लीडर पंकज यादव ने अपना अनुभव साझा किया. कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शरद कुमार नेताम ने मुख्य अतिथि एवं सभी के प्रति आभार प्रकट किया। मंच का संचालन बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र श्यामाचरण एवं संतोष यादव के द्वारा किया गया।पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में द्वितीय वर्ष एवं प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की विशेष भूमिका रही।

इस पूरे कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक प्रवीण मिंज डॉ रश्मि प्रिया टोप्पो, करुणा खलखो, आस्था तिर्की, पूजा सिंह, अंकिता तिर्की, दिव्याकांत कश्यप, संजय पांडे, रिंकू कुजूर, गीतांजलि शर्मा, सुरेंद्र पैकरा जगजीवन राम, सुशील भगत, ललिता उपस्थित रहे।

# कोयला भारित टेलर वाहन चालकों से मिलीभगत कर कोयला की अफरा तफरी करने वाले कांटा आपरेटर को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कोयला भारित टेलर वाहन चालकों से मिलीभगत कर कोयला की अफरा तफरी करने वाले कांटा आपरेटर को किया गिरफ्तार। प्रकरण का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी पंकज कुमार सिंह ट्रांसपोर्ट डिविजन मैनेजर कोलवासरी बलौदा द्वारा 04.01.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि कांटा आपरेटर नागेश्वर कश्यप ने वाहन चालकों से मिलीभगत कर कम तौल कोयला को सही तौल पर्ची बनाकर 05 टन कोयला किमती करीबन 24,000/- रुपये का अमानत में खयानत एवं कोयला की अफरा तफरी की थी। की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना बलौदा में अपराध क्रमांक 04/2025 धारा 316(4),3,5 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। बलौदा पुलिस द्वारा प्रकरण की विवेचना को गंभीरता से लेते हुए संस्थान में लगे सीसीटीव्ही कैमरा एवं कांटा पर्ची का अवलोकन किया गया, जिसमें आरोपी नागेश्वर कश्यप और दो अन्य वाहन चालकों द्वारा आपस में मिलीभगत कर कोयला की अफरा तफरी करना पाए जाने से आरोपी को उसके सकुनत से घेराबंदी कर पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर 03.03.2025 को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्रकरण में दो अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक कुमार वैष्णव थाना प्रभारी बलौदा, प्रधान आरक्षक गजाधर पाटनवर, आरक्षक श्याम राठौर एवं थाना बलौदा स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# सुशासन शिविर: आवेदनों का मौके पर निराकरण से लोगों का सुशासन के प्रति विश्वास और हुआ मजबूत

### ग्राम पंचायत गंझियाडीह और जोरण्डाझरिया में हुआ सुशासन शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विकासखंड फरसाबहार में कोल्हेनझरिया कलस्टर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों में शासन की महत्वाकां योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभागों की संतृप्तिकरण हेतु सुशासन शिविर का आयोजन 1 मार्च से 07 मार्च तक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुशासन शिविर के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है, ताकि कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं रहे। इसी कड़ी में विगत दिवस 01 मार्च को ग्राम पंचायत गंझियाडीह के बाजारडाड़ के समीप आयोजित सुशासन शिविर में 88 प्रतिशत आवेदनों को निराकरण मौके पर किया गया। शिविर में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए, उनमें 51 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी तरह 02 मार्च को ग्राम पंचायत जोरण्डाझरिया के हाईस्कूल मैदान परिसर में आयोजित सुशासन शिविर में 68 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। शिविर में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 34 आवेदनों का निराकरण किया गया। सुशासन शिविर का आयोजन 03 मार्च को ग्राम पंचायत महुआडीह के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में, 04 मार्च को कोलेनझरिया या सम्मिलित ग्राम पंचायत जामटोली हेतु सायपुरडीह के प्राथमिक शाला परिसर में, 05 मार्च को ग्राम पंचायत हाथीबेड़ के प्रा.शाला परिसर में, 06 मार्च को ग्राम पंचायत कुल्हारबुड़ा के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में तथा 07 मार्च को ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिविर का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा।

# मेडिकल कालेज जशपुर के विकास का मील का पत्थर : भरत सिंह

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट में जिले को मेडिकल कालेज का बड़ा उपहार मिलने से उत्साह का वातावरण है। जिले में मेडिकल कालेज की मांग बीते कई सालों से की जा रही थी। जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह ने बजट में कुनकुरी में मेडिकल कालेज की घोषणा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि मेडिकल कालेज शुरू हो जाने से आदिवासी बाहुल्य जिले के रहवासियों को गंभीर बीमारी की उपचार की सुविधा के लिए रायपुर,रांची जैसे दूरस्थ शहर की दौड़ से मुक्ति मिल सकेगी। उन्होनें कहा कि कुनकुरी के विधायक और जशपुर के बेटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद जिले में ऐतेहासिक विकास हो रहा है। मेडिकल कालेज का निर्माण जिले के विकास के सफर में मिल का पत्थर साबित होगा। उल्लेखनिय है कि साय सरकार ने बीते वर्ष 2024 में प्रस्तुत किए गए अपने पहले बजट में कुनकुरी में 220 बिस्तर की क्षमता वाले अत्याधुनिक अस्पताल निर्माण की स्वीकृति दी थी। बजट में इसके लिए 75 करोड़ रूपए का प्राविधान करते हुए सरकार ने पहले चरण में 31 करोड़ रूपए जारी कर दिया है। बजट जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने अस्पताल भवन निर्माण के लिए कुनकुरी ब्लाक के चराईडांड़ में जमीन का चयन करते हुए,निविदा जारी कर चुकी है।

# खेलो इण्डिया के तहत अस्मिता सिटी लीग हॉकी प्रतियोगिता सम्पन्न





पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन एवं खेल अधिकारी सु दुर्गेश्वरी सिंह के नेतृत्व में खेलो इण्डिया के तहत अस्मिता सिटी लीग हॉकी आयोजन का विगत दिवस सम्पन्न हुआ। आयोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविन्द भगत के द्वारा माँ सरस्वती जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अस्मिता सिटी लीग हॉकी में तीन महिला टीम ने भाग लेकर अपने जौहर का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इनमें कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर ने प्रथम स्थान, कन्या महाविद्यालय जशपुर द्वितीय स्थान एवं शा.म.ल.बा.कन्या उ.मा.वि. जशपुर तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर आशुतोष कुमार राय, संतोष ठाकुर, अजीत कुमार शुक्ला, शांति एक्का, प्रदीप चौरसिया, सुष्मिता कुजूर, सुप्रिया तिग्गा, अनीस अहमद, नजारियुस तिग्गा, अंजलुस तिर्की कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# हमारी सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध : अंबेश जांगड़े

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस गति से काम कर रहे हैं, उसी रफ्तार से विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में काम हो रहा है उक्त बाते जांजगीर चाम्पा भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि राम राज्य की स्थापना किसी भी राज्य व्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात होती है। हमारी सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह काम कर रहे हैं, छत्तीसगढ़ भी विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में उसी रफ्तार से आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। छत्तीसगढ़ सरकार ने बजट में जनता को राहत देने वाले कई अहम फैसले किए हैं-अंबेश जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने बजट की सराहना करते हुए बताया कि बजट मे जनता को राहत देने के लिए कई अहम फैसले लिए गए है पेट्रोल की कीमत में 1 प्रति लीटर की कमी की गई है, जिससे आम लोगों, किसानों और उद्योगों को लाभ होगा। इसके पहले सरकार ने थोक में डीजल खरीदी पर वैट घटाकर 17% कर दिया था, जिससे परिवहन और कृषि कार्यों की लागत में कमी आई है। वहीं, राज्य के सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 3त्न की बढ़ोतरी की गई है, जो मार्च से लागू होगी। छत्तीसगढ़ का बजट प्रदेश को डिजिटल, सुरक्षित और विकसित बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर, गांवों के विकास, शहरों में नई सुविधाओं और सुरक्षा तक हर क्षेत्र में सरकार ने कुछ नया किया है। आने वाले सालों में छत्तीसगढ़ और आगे बढ़ेगा और देश के सबसे उन्नत राज्यों में शामिल होगा। पेट्रोल और डीजल सस्ता होने से ट्रैक्टर, पंप सेट और अन्य कृषि यंत्रों की लागत घटेगी, जिससे किसानों का मुनाफा बढ़ेगा। इसके अलावा, चावल मिल, गन्ना फैक्ट्री और अन्य कृषि आधारित उद्योगों के लिए परिवहन और उत्पादन खर्च कम होगा, जिससे आवश्यक वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं। चेतन महंत : भारतीय जनता पार्टी सक्ती के जिला मंत्री चेतन महंत ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित बजट पेश किया है, सरकार ने बजट में स्टार्टअप के लिए प्रावधान लागू किया है जिससे प्रदेश में 10 हजार से अधिक युवाओ भर्ती होगी साथ ही युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रावधान इस बजट में किया गया है 3 हजार नए बस्तर फाइटर की भर्ती होगी जो कि स्वागतयोग्य है।

शिक्षा के क्षेत्र में रायपुर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी का स्थापना की जाएगी, इसके लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. नइसके अलावा 12 नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जाएगी. इस बजट में 6 नए फिजियोथैरेपी कॉलेज शुरू किए जाएंगे, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेज को अपग्रेड किया जाएगा, इसके लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# ग्राम पंचायत धमनी के नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने ली शपथ

- शपथ समारोह में आए ग्रामीणों को सरपंच द्वारा साल श्रीफल और गमछा से किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com






जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत धमनी में 3 मार्च गुरुवार को नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का शपथ समारोह का आयोजन रखा गया था जिसमें ग्राम धमनी के नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों को ग्राम सचिव द्वारा विधिवत शपथ ग्रहण कराया गया जिसमें गांव के सरपंच व पंच ने अपना शपथ ग्रहण किया साथ ही शपथ समारोह में गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए जिसे ग्राम पंचायत धमनी के नवनिर्वाचित सरपंच नेतराम मधुकर जी ने सभी अतिथियों व ग्रामीणों को शाल श्रीफल और गमछा देकर सम्मानित किया और उन्होंने कहा की ग्राम पंचायत धमनी की संपूर्ण विकास के लिए हम और हमारे नवनिर्वाचित पंचगण संकल्पित है गांव के सभी बुद्धजीवी और प्रतिष्ठित लोगों की आशीर्वाद लेकर गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे साथ ही केंद्र सरकार और राज्य सरकार से जो भी योजनाए आती है उसे ग्राम के हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने का भी प्रयास करेंगे नवनिर्वाचित सरपंच नेतराम मधुकर ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की वे गांव के संपूर्ण विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेंगे और हर समस्या का समाधान करेंगे ।।

### कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और एसीडीओ का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश

# कलेक्टर ने किसानों को कृषि विभाग की सभी योजनाओं का लाभ देने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले के सभी पात्र किसानों को केन्द्र शासन और राज्य शासन की योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खरीफ और रबी के फसलों के उत्पादन की भी समीक्षा किए और धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उप संचालक कृषि अधिकारी एम आर भगत को कड़ी हिदायत देते हुए प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार और कृषि विभाग एसीडीओ और कृषि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि कृषि विभाग के अधिकारियों और कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतन एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। और जिन अधिकारियों की प्रगति धीमी है उनको नोटिस जारी करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता किसान ग्रीष्मकालीन फसल में धान के अतिरिक्त अन्य फसलों के उत्पादन की भी जानकारी ली। उन्होंने कृषि अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। प्रत्येक विकासखण्ड में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की समीक्षा बैठक लेकर किसानों को दी जा रही योजना की समीक्षा करें और प्रत्येक सप्ताह उनसे प्रगति रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा की कितने किसान धान की फसल लेते हैं इसके अलावा अन्य फसल में दलहन, तिलहन, मक्का, उड़द मूंगफली आदि फसलों उत्पादन की जानकारी भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसानों को धान के अलावा अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। ताकि किसानों को अन्य फसलों से लाभ प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने सभी विकास खंड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीयों को 5--5 किसानों का लक्ष्य देने के निर्देश दिए और उन किसानों के द्वारा कौन सा फसल लिया जा रहा है इसकी भी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिन किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बना उनका कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार के किसानों का प्राथमिकता से कार्ड बनवाने के निर्देश दिए हैं। और छुटे हुए किसानों का ई केवाईसी करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसानों की जानकारी गुगल सीट में अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने किसानों को दी जाने वाली नलकूप खनन, लघु सिंचाई, शाकम्बरी योजना, सूक्ष्म सिंचाई योजना, लघु सिंचाई योजना, कृषि विकास योजना, धान के बदले अन्य फसलों का उत्पादन, आदि अन्य योजनाओं की जानकारी विस्तार से ली।

# बजट में इनोवेशन उद्यमशिलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए एसएसआईपी को युवाओं ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '2047 तक विकसित भारत' के संकल्प की तर्ज पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य '2047 तक विकसित छत्तीसगढ़' का निर्माण करने की दिशा में एक और कदम है। जशपुर जिले में युवावर्ग, व्यवसायी, महिलाओं सहित सभी वर्गो ने इस बजट का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि बजट उनकी उम्मीदों का पूरा करने वाला है। युवा व्यवसायी प्रतीक गुप्ता ने युवाओं में रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता को सशक्त बनाने के लिए स्टूडेंट स्टार्टअप इनोवेशन पॉलिसी शुरू किए जाने को एक बेहतर कदम बताते हुए कहा कि इसका लाभ युवाओं को मिलेगा। उन्होंने इसे शुरू किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया और कहा की उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने के दिशा में किए गए इस प्रावधान से युवा वर्ग उद्यम की ओर अग्रसर होंगे। स्टूडेंट सटार्ट-अप इनोवेशन पॉलिसी के लिए इस बजट में 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# शहरों के चहुंमुखी विकास में स्थानीय निकायों का भरपूर सहयोग करेगी सरकार : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव भाटापारा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में मौजूद थे। भाटापारा के नगर भवन में आयोजित समारोह में अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा तथा पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोगों को भाटापारा की जनता ने भरपूर स्नेह व आशीर्वाद दिया है। उनके आशीर्वाद को फलीभूत करने शहर में विकास कार्यों को तेज करने होंगे। नगरवासियों की आकांक्षाओं के मुताबिक शहर को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाकर संवारना है। भाटापारा में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने सरकार हर तरह से सहयोग देगी। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि शहर के विकास को गति देने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और सभी पार्षद मिलकर काम करेंगे, ऐसी अपेक्षा वे करते हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भी समारोह को सम्बोधित किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक देवजी पटेल और डॉ. सनम जांगड़े तथा बलौदाबाजार नगर पालिका के अध्यक्ष अशोक जैन सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद थे।

## नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर शंख ध्वनि के मध्य पदभार सम्हाला



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी शहर रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के प्रथम तल पर स्थित महापौर कार्यालयीन कक्ष में मधुर शंख ध्वनि के मध्य अपना पदभार सम्हाल लिया है। निगम मुख्यालय भवन पहुंचने पर महापौर ने भूतल पर स्थित प्रथम पूज्य देव श्री गणेश की मूर्ति का पूजन कर उनके श्रीचरणों में विनम्र प्रार्थना की और महापौर कक्ष पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे को पदभार ग्रहण करने पर महापौर चेम्बर में पहुंचकर बुके प्रदत्त कर नगर निगम के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष जयन्ती पटेल, अशोक पाण्डेय, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष शताब्दी पाण्डेय, नगर निगम रायपुर के नवनिर्वाचित पार्षद सूर्यकान्त राठौड़, मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, महेन्द्र खोडियार, संतोष साहू, गोपेश साहू, भोलाराम साहू, अवतार भारती बागल, मुरली शर्मा, गज्जू साहू, सरिता आकाश दुबे, गायत्री सुनील चंद्राकर, पुष्पा रोहित साहू, सुमन अशोक पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्त्ता चन्नी वर्मा, पूर्व पार्षद गोपी साहू, जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, सामाजिक कार्यकर्त्तागण, महिलाएं, विशिष्टजन, गणमान्यजन, नवयुवकगण, आमजन बड़ी संख्या में पहुंचे और नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे को निगम मुख्यालय भवन में कार्यभार ग्रहण करने पर बुके प्रदत्त कर हार्दिक शुभकामनायें दीं।

## लाइनमेन दिवस पर 60 विद्युत कर्मियों को होगा सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी मंगलवार को प्रदेशभर में लाइनमेन दिवस का आयोजन कर रही है, इसमें विद्युत आपूर्ति करने वाले मैदानीकर्मियों के सम्मान में हर संभाग स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित कल्याण भवन में सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया गया है, जिसमें रायपुर शहर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के विपरीत परिस्थितियों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 60 लाइनमेन को सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह प्रदेश के सभी क्षेत्रीय व संभागीय कार्यालयों में भी लाइनमेन दिवस मनाया जाएगा। राजधानी में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर होंगे। इसमें रायपुर शहर क्षेत्र के 20 एवं रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के 40 लाइनमेन को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा, मुख्य अभियंता एम. जामुलकर एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव सिंह भी उपस्थित रहेंगे। लाइनमेन दिवस देश भर में निर्बाध विद्युत वितरण सुनिश्चित करने वाले लाइनमेन और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के समर्पण तथा सेवा के सम्मान में मनाया जाता है। इसकी शुरूआत केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय ने 2021 में की। इसका उद्देश्य विद्युत उत्पादन से लेकर पारेषण और वितरण में लगे लाखों कर्मियों की सेवा को सम्मानित करना है।

## कलेक्टर द्वारा नगर निगम रायपुर का प्रथम सम्मिलन 7 मार्च को आयोजित

**रायपुर।** कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने नगर पालिक निगम रायपुर का प्रथम सम्मिलन अध्यक्ष (स्पीकर) छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 18 में दिये गये प्रावधान के अनुसार साधारण निर्वाचन के पश्चात नगर पालिक निगम रायपुर के अध्यक्ष अध्यक्ष (स्पीकर) एवं अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु प्रथम सम्मिलन 7 मार्च 2025 अपरान्ह 12 बजे से नगर निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के चतुर्थ तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया है। प्रथम सम्मिलन में नगर निगम रायपुर के अध्यक्ष (स्पीकर) एवं अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार छ. ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 18 सहपठित छत्तीसगढ नगर पालिक निगम अध्यक्ष (स्पीकर) का निर्वाचन नियम 1998 (यथा संशोधित 2025) के नियम 3 के अधीन एवं अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु 7 मार्च 2025 को अपरान्ह 12:00 बजे से 12:45 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया जाना, अपरान्ह 12:45 बजे से 1:00 बजे तक प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा एवं सही पाये गये नाम निर्देशित अभ्यर्थियों के नाम का प्रकाशन सूचना पटल नगर पालिक निगम रायपुर में किया जाना।

# ईडी के विरोध में कांग्रेस का धरना

## कांग्रेस ईडी की गीदड़ भभकी से डरने वाली नहीं : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ईडी की कार्यप्रणाली के विरोध में तथा ईडी द्वारा कांग्रेस के दफ्तर में नोटिस भेजने एवं कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को जबरिया घंटो ईडी ऑफिस में बैठाने के विरोध में कांग्रेस ने ईडी ऑफिस के सामने धरना दिया। धरने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सह प्रभारी जरिता लेतफ्लांग, विजय जांगिड़ की उपस्थिति में धरना संपन्न हुआ। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार राजनीतिक दल के दफ्तर पर सेंट्रल एजेंसी आता है और आकर कहता है कि आपके नाम से नोटिस आया है, सम्मन आया है। ईडी के द्वारा भेजे गये सम्मन के आधार पर जानकारी देने गये कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को जबरिया ईडी ऑफिस में घंटों बैठाया जाना बेहद ही आपत्तिजनक है। ईडी ने कांग्रेस से उसके जिला कार्यालय के निर्माण के संबंध में जानकारी मांगी थी। प्रभारी महामंत्री ईडी के द्वारा चाही गयी जानकारी को देने ईडी ऑफिस गये थे। जानकारी प्राप्त करने के तुरंत बाद ईडी को उनको वापस आने देना चाहिए था। ईडी को कुछ अतिरिक्त जानकारी चाहिये थी तो उसको वह लिखित में मांग सकती थी, उस जानकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। कांग्रेस अपने कार्यालयों के निर्माण के एक-एक रू. का हिसाब देगी। ईडी ने भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के पदाधिकारी को अनावश्यक घंटों बैठाये रखा था। ईडी भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही है जो सर्वथा अस्वीकार्य है। ईडी ने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री से जो सवाल किया उससे साफहो रहा था कि ईडी की मंशा कांग्रेस पदाधिकारी को प्रताड़ित करना है। प्रभारी महामंत्री इडी के सवालो का जवाब देने गये थे फिर उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक संपत्ति का ब्योरा क्यों मांगा गया। सम्मन के चार बिन्दु थे उसमें यह तो नहीं था। ईडी नगर निगम कब से हो गयी, वह बिल्डिंग का नक्शा कब पास हुआ, लेआऊट कहा है, छज्जा कितना निकला है, ऊंचाई कितनी है? यह सवाल पूछ रही है, नक्शा पास हुआ या नहीं लोकल पालिका पूछेगी सिर्फ परेशान करने की नीयत है साफ दिख रहा है। क्या ईडी सभी कांग्रेस के पदाधिकारियों की संपत्ति की जांच के एजेंडे पर आई थी। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रू. की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे को बनाने का रुपया कहां से आया इसकी जांच करे?




### ईडी में साहस है तो भाजपा ऑफिस की जांच करे : भूपेश बघेल

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ईडी के खिलाफ प्रदर्शन करने आये है ईडी वहां जाती है जहां उनके आका निर्देश देते है। मनी लांड्रिंग और भ्रष्टाचार जहां हुआ वहां ईडी नही जाती हैं ईडी तो सिर्फ विपक्षी दलों को परेशान करने के लिये आती है क्योकि उनको ऊपर से आदेश मिलता है। ईडी कांग्रेस भवन पहुंच गई थी और सुकमा के कांग्रेस भवन के बारे में पूछा। प्रदेश कांग्रेस राजीव भवन और पुराना कांग्रेस भवन जो अंग्रेजों के जमाने में दान से बना है उसके बारे में भी पूछ सकते है। कांग्रेस ने 15 साल विपक्ष में रहने के दौरान अपने कार्यकर्ताओं और जनता के सहयोग से राजीव भवन बनाया था। जन सहयोग से कांग्रेस भवन बनाना कांग्रेस की परंपरा रही है। रायपुर का ऐतिहासिक कांग्रेस भवन भी आजादी की लड़ाई के दौरान छेर-छेरा पुन्नी के त्योहार के दौरान मांगे गये दान से बनाया गया था, जहां से कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ा था। ईडी ने कोर्ट में पेश किया है 72 करोड़ में भवन बना है। हम तो एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे। जब ईडी का समन का जवाब देने प्रभारी महामंत्री गये तो ईडी द्वारा निजी सवाल पूछकर परेशान किया गया मतलब ईडी कों जांच से लेना देना नही है सिर्फ परेशान और प्रताड़ित करना हैं। ईडी में साहस है तो देश में मनी लांड्रिंग और भ्रष्टाचार और विदेश से देश में पैसा आया है उसकी जांच करे। एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता लैतफलांग ने कहा कि भाजपा सरकार सरकारी तंत्र का दुरूपयोग विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिये कर रही है। पिछले 15 महीनों से भाजपा की सरकार आयी है। न्याय और प्रशासन पूरी तरह ठप पड़ चुकी है। 15 महीने की भाजपा की सरकार में 3900 से अधिक महिलाओं के केस आये है। पर भाजपा की सरकार कुछ भी नही करती उन्हें न्याय और प्रशासन में कोई दिलस्पी है। भाजपा को जासूसी में दिलस्पी है। भाजपा को इस बात कि दिलस्पी है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष क्या कर रहे है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के घर में कौन आ रहा है और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कहां जा रहे है। भाजपा को न्याय और प्रशासन से कुछ लेना देना नहीं है। इसलिये भाजपा का नाम भारतीय जनता पार्टी नही है भारतीय जासूसी पार्टी है। भाजपा का काम ही है जासूसी कराना और जासूसी कराके के लोगों का भेद जानना है। भाजपा भ्रष्टाचार की बात करती है और बेटी बचाओं की बात करती है बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओं के नाम पर करोड़ो का भ्रष्टाचार हुआ है। भाजपा विपक्ष पार्टी के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते है।

### भाजपा ईडी को सूची देती है वह भाजपा के इशारे पर छापा मारती है : डॉ.महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि दुर्भाग्य की बात कि ईडी राजीव भवन तक आ गयी थी। डबल इंजन की सरकार में ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा हैं भाजपा के इशारे पर ईडी कार्यवाही कर रही है। डबल इंजन की सरकार में विपक्ष के यहां छापा मारा जाता है। भाजपा की सरकार सूची बनाकर ईडी को देती है और छापा मारने का आदेश देती है। विपक्ष को परेशान करने के लिये भाजपा ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग करती है। भाजपा विपक्ष को कमजोर करना चाहती है। विपक्ष जनहित मुद्दे उठाती है तो भाजपा विपक्षी दलों यहां ईडी को छापा मारने को कहती है। लेकिन विपक्ष इन कार्यवाही से डरने वाले नहीं है। इसी तरह चुनाव आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति भी साजिश के तहत की गयी। यह संविधान के खिलाफहै। भाजपा की डबल इंजन की सरकार तानाशाह हो गयी है। छत्तीसगढ़ के जिला पंचायत और जनपद चुनाव में गड़बड़ी हुयी है। भाजपा जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत सदस्य लोगों को डरा रही है। पैसों का लालच देकर अपने पक्ष में लाने का प्रयास कर रही है। भाजपा कहती है कि ट्रिपल इंजन की सरकार आ गयी है लेकिन डबल इंजन की सरकार में इतना तानशाह हो रहा है तो ट्रिपल इंजन की सरकार में क्या होगा यह आने वाला समय बतायेगा कि लेकिन हम सभी को तैयार रहना होगा। राहुल गांधी ने जिस प्रकार नारा दिया है डरो तक का नारा दिया हैं, इसी नारा के साथ हम सबको लड़ाई लड़ते रहना है।

# छत्तीसगढ़ बजट 2025-26 : समावेशी विकास को गति देने वाला बजट : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2025-26 को प्रदेश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 'अटल निर्माण वर्ष' के अनुरूप प्रदेश को एक नए विकास पथ पर ले जाने वाला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) के विकास के लक्ष्य को गति के माध्यम से आगे बढ़ाने की योजना इस बजट में स्पष्ट रूप से झलकती है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इस बार बजट में छत्तीसगढ़ की आर्थिक संरचना को मजबूत करने के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं, जिससे बुनियादी ढांचे और विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि गृह एवं जेल विभाग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। इस वर्ष पांच नए साइबर पुलिस थानों की स्थापना बलौदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, जांजगीर-चांपा और जशपुर में की जाएगी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कोरबा, जांजगीर-चांपा और सूरजपुर में तीन नए महिला पुलिस थाने खोले जाएंगे। कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नवा रायपुर में एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र के उन्नयन के लिए 40 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। पुलिस थानों को आधुनिक बनाने और सशक्त करने के लिए 70 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जबकि नए अग्निशमन केंद्रों की स्थापना के लिए 44 करोड़ का बजट रखा गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 8,500 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है, जिससे हजारों परिवारों को आवास की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए विशेष बजटीय प्रावधान किए गए हैं, जिससे गांवों को शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में इस बजट में बड़े कदम उठाए गए हैं। 24 सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेजों और आईटीआई संस्थानों का उन्नयन किया जाएगा, जिससे तकनीकी शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के अधोसंरचना विकास के लिए ?

## छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला बजट : अरुण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में गति बजट पेश किया है। गति के जी गुड गवर्नेस, ए एक्सलरेटिंग, टी टेक्नोलॉजी और आई इंडस्ट्रियल ग्रोथ से मुख्यमंत्री विष्णु देव के विकसित प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक सिद्ध होगी। वहीं इस लक्ष्य को हासिल करने कुल 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का बजट पेश किया गया। साव ने कहा कि, बजट 2025 में हमारी सरकार ने किसानों की तरक्की के लिए कृषक उन्नति योजना में 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। गांवों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए पीएम आवास 8500 करोड़ रुपए बनेगा। वहीं मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत 100 करोड़ रुपए दी है। जबकि मातृ शक्ति के लिए महतारी वंदन योजना में 5500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। लोक निर्माण विभाग के लिए 9500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन में 4500 करोड़ रुपए, न्यायिक प्रकिया को सरल और पारदर्शी बनाने का फैसला लिया गया है।

## छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक श्रेष्ठ बजट प्रस्तुत किया गया है : किरण सिंह देव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि वित्त मंत्री चौधरी द्वारा बहुस्पर्शी, बहुआयामी और सर्वव्यापी बजट पूरे छत्तीसगढ़ के विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। देव



ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने सभी वर्गों का सभी क्षेत्रों का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान दिया है। इस बजट में विशेषकर बस्तर, सरगुजा, वनवासी क्षेत्र, आदिवासी अंचल, जहां पर विकास की अनेक संभावनाएँ हैं, उसे उचित स्थान दिया गया है। देव ने कहा इस बजट में विकास के कई कार्यक्रम व योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं, साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए, युवाओं की दृष्टि से हो, मातृ शक्तियों का सम्मान बढ़ाने की दृष्टि से हो चाहे किसान भाइयों के लिए हो और उद्योग की दृष्टि से चाहे वह बड़े उद्योग हो लघु उद्योग हो मध्यम उद्योग हो, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए समूचे छत्तीसगढ़ के पाँचों संभाग में समुचित रूप से विकास के अनेक प्रावधान किए गए है।

## साय सरकार के बजट ने राज्य की जनता को निराश किया : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिना किसी ठोस योजना के सतही कल्पनाओं पर आधारित नीरस बजट है। ऐसा लग रहा था वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ का बजट नहीं मोदी की चरण वंदना कर रहे थे। साय सरकार का बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है, ना इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, ना ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों, युवाओं के बेरोजगारी भत्ता, किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है। मोदी की गारंटी में किये गये वादे 1 लाख नौकरियों के सृजन के बारे में इस वर्ष के बजट में भी कुछ नहीं है। महिलाओं के लिए 500 रू. में सिलेंडर देने के बारे में बजट में कुछ नहीं है। पिछले बजट में 33,000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा किये थे एक भी भर्ती नहीं कर पाये। इस वर्ष फिर से 20,000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस बजट में युवाओं के रोजगार बढ़ाने के लिए, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। प्रदेश की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज के लिए बजट में कुछ नहीं है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के लिए, बजट में कुछ भी नया नहीं है। मजदूरों और गरीबों की आमदनी बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि वित्त मंत्री अपने बजट भाषण में ठोस आर्थिक प्रावधानों के विपरीत सिर्फ जुमलेबाजी कर रहे थे।

## बस्तर के विकास और छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए समर्पित बजट : केदार कश्यप



वनमंत्री केदार कश्यप ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेज़ी से विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जिस संकल्पना के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था, भाजपा सरकार उसी उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बजट में यह साफ झलकता है कि प्रदेश को कांग्रेस शासन के ठहराव से निकालकर तेज़ी से आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार में बस्तर विकास के मार्ग से भटक गया था और भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया था। भाजपा सरकार ने इस बजट में बस्तर के विकास के लिए करोड़ों रुपये का प्रावधान किया है। इससे यह स्पष्ट है कि हमने ही इस राज्य का निर्माण किया और अब हम ही इसे संवार रहे हैं। वनमंत्री ने बताया कि बस्तर के युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार प्रभावी कदम उठा रही है। नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए बस्तर फाइटर्स की भूमिका महत्वपूर्ण रही है और इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 3,200 नए फाइटर्स पदों के सृजन का निर्णय लिया है। इससे बस्तर के युवाओं को रोज़गार का नया अवसर मिलेगा। इसके अलावा, कांग्रेस सरकार के पांच वर्षों में प्रदेश में एक भी नया नर्सिंग कॉलेज स्थापित नहीं हुआ, जबकि भाजपा सरकार ने इस बजट में दंतेवाड़ा में नर्सिंग कॉलेज खोलने सहित कुल 12 नए नर्सिंग कॉलेजों का प्रावधान किया है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हेतु रामकृष्ण मिशन आश्रम, अबूझमाड़ के लिए दस करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस शासन में डीएमएफ(जिला खनिज निधि) राशि का व्यापक दुरुपयोग हुआ था, जबकि भाजपा सरकार इस राशि का सदुपयोग सुनिश्चित कर रही है। उदाहरण स्वरूप, दंतेवाड़ा में 250 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज निर्माण का निर्णय लिया गया है।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403